e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 342
बुधवार
18.12.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

हमारे जीवन में क्रोध और आंधी एक सामान है क्योंकि, इनके जाने के बाद ही हमें अपने नुकशान का पता चलता है!

# लोकसभा में वन नेशन वन इलेक्शन बिल पेश

## पक्ष में 269 और विपक्ष में पड़े 198 वोट, जेपीसी को भेजा गया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा में वोटिंग के बाद 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक लोकसभा में पेश किया गया. सदन में विधेयक पेश करने के प्रस्ताव के पक्ष में 269 सांसदों ने मतदान किया, जबकि 198 ने इसके खिलाफ मतदान किया. विधेयकों को दोनों सदनों की संयुक्त समिति के पास भेजा गया.


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सुझाव के बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इस विधेयक को व्यापक विचार-विमर्श के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेजने का अनुरोध किया था. बिल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बयान दिया है. लोकसभा में विधेयक पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने कहा,जब यह संविधान संशोधन विधेयक कैबिनेट के पास चर्चा में आया था तभी प्रधानमंत्री जी ने ही कहा था कि से जेपीसी को देना चाहिए.

इसपर सभी स्तर पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए. अमित शाह ने आगे कहा, इस वजह से ही मुझे लगता है कि इसमें सदन का ज्यादा समय खर्च किए बगैर अगर मंत्री जी कहते हैं कि वो इसे जेपीसी को सौंपने को तैयार हैं, तो जेपीसी में सारी चर्चा होगी और जेपीसी की रिपोर्ट के आधार पर कैबिनेट इसे पारित करेगी तब भी फिर से इस पर सारी चर्चा होगी. अमित शाह के बाद इस विधेयक पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि नियम 74 के तहत वो इस विधेयक के लिए जेपीसी के गठन का प्रस्ताव करेंगे.

### भाजपा के 11 सांसद रहे गायब, व्हिप के उल्लंघन को लेकर पार्टी जारी करेगी नोटिश

लोकसभा में एक देश-एक चुनाव विधेयक पेश करते वक्त भारतीय जनता पार्टी के 11 सांसद मौजूद नहीं थे. वहीं, एनडीए सहयोगियों में जनसेना से बालासौरी गैरहाजिर थे. इसमें कई तो केंद्रीय मंत्री भी हैं जो बिल पेश होते समय सदन में मौजूद नहीं थे. अब पार्टी इन सांसदों को नोटिस जारी करेगी. गैरमौजूदगी की रिपोर्ट आने के बाद पार्टी आगे का फैसला करेगी. बीजेपी सूत्रों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लोकसभा में इस बिल के पेश होते वक्त शांतनु ठाकुर, जगदंबिका पाल, बीवाई राघवेंद्र, गिरिराज सिंह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, नितिन गडकरी, विजय बघेल, उदयराज भोंसले, भागीरथ चौधरी, जगन्नाथ सरकार और जयंत कुमार रॉय मौजूद नहीं थे. पार्टी इन सांसदों को व्हिप के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी करेगी और जवाब मांगेगी. पार्टी का व्हिप जारी होने पर अगर कोई सांसद गैरहाजिर होता है तो उसको पहले पार्टी के व्हिप को कारण बताते हुए सूचित करना पड़ता है. अगर कोई कारण बताए बिना गैरहाजिर रहता है तो पार्टी उसको नोटिस भेजकर जवाब मांगती है. पार्टी जवाब से संतुष्ट नहीं होती तो अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है और सदस्यता तक जा सकती है.

**विधेयक पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि नियम 74 के तहत वो इस विधेयक के लिए जेपीसी के गठन का प्रस्ताव करेंगे.**



### विपक्ष ने किया हंगामा

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा,एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक केवल पहला मील का पत्थर है.असली मकसद एक नया संविधान लाना है. संविधान में संशोधन करना एक बात है, लेकिन एक नया संविधान लाना आरएसएस और पीएम मोदी का असली मकसद है.वहीं कांग्रेस नेता गौरव गोगोई उन्होंने कहा यह संविधान और लोगों को वोट देने के अधिकार पर हमला है. विधेयक के विरोध में कांग्रेस के सांसद मनीष तिवारी और समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने भाषण दिया. वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी बिल का विरोध किया है. उन्होंने कहा है कि यह फैसला सच्चे लोकतंत्र के लिए घातक साबित होगा.

## सीजीएल के फाइनल रिजल्ट पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए अंतिम परीक्षाफल पर रोक लगा दी है. हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देशित करते हुए कहा है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करे और अनुसंधान कर रिपोर्ट दे. मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को निर्धारित की गई है. अदालत ने कहा है कि जब तक कोर्ट आदेश नहीं देता तब तक रिजल्ट जारी न किया जाए. गौरतलब है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच करने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में प्रार्थी राजेश कुमार की ओर से याचिका दाखिल की गई थी. इस मामले में सुनवाई हुई, जो पहले से निर्धारित थी. सुनवाई के दौरान आयोग की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और प्रार्थी की ओर से अजीत कुमार ने पक्ष रखा. झारखंड हाईकोर्ट के द्वारा सीजीएल परीक्षा के फाइनल रिजल्ट पर लगाई गई रोक का छात्रों ने स्वागत किया है. छात्रों ने कहा कि जिस तरह से इस परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आई और परीक्षार्थी लगातार शिकायत करते रहे,लेकिन आयोग मानने को तैयार नहीं था. छात्रों के आंदोलन को दबाने के लिए लगातार लाठीचार्ज होती रही. कल भी छात्रों के ऊपर लाठीचार्ज किया गया है. ऐसे में आयोग को चाहिए कि एजेंसी के बजाय खुद परीक्षा आयोजित करें, तभी जाकर प्रश्न पत्र लीक होना बंद होगा.

**सुनवाई के दौरान आयोग की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और प्रार्थी की ओर से अजीत कुमार ने पक्ष रखा. झारखंड हाईकोर्ट के द्वारा सीजीएल परीक्षा के फाइनल रिजल्ट पर लगाई गई रोक का छात्रों ने स्वागत किया है. छात्रों ने कहा कि जिस तरह से इस परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आई और परीक्षार्थी लगातार शिकायत करते रहे,लेकिन आयोग मानने को तैयार नहीं था.**

## क्विक न्यूज

### अमेरिका में स्कूली छात्रा ने शिक्षक समेत दो को मौत के घाट उतार कर की आत्महत्या

**वाशिंगटन :** संयुक्त राज्य अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत की राजधानी मैडिसन में सोमवार सुबह एक 15 वर्षीय छात्रा ने पिस्तौल से गोली चलाकर एक शिक्षक और छात्र की हत्या कर दी। इसके बाद गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह खूनी खेल एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में खेला गया। इस गोलीबारी में छह अन्य घायल हो गए।द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार मैडिसन के पुलिस प्रमुख शॉन बार्न्स ने कहा कि हमलावर छात्रा 15 वर्षीय नताली रूपनोव स्कूल के पास खून से लथपथ मिली, लेकिन अस्पताल पहुंचाने से पहले उसने दम तोड़ दिया। वह इसी स्कूल में पढ़ती थी। उसने यह खूनखराबा क्यों किया, यह अब तक साफ नहीं हो सका है।पुलिस प्रमुख के अनुसार पुलिस जांच अधिकारियों ने दोपहर को नताली के घर की तलाशी ली। उसका परिवार जांच में सहयोग कर रहा है। नताली ने इस हत्याकांड में 9 मिलीमीटर के पिस्तौल का इस्तेमाल किया। घटनास्थल पर एक हैंडगन बरामद किया गया।

### आरआई को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा

**मैहर :** मध्य प्रदेश में सरकारी विभागों में भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसके बाद भी रिश्वतखोरी के मामले कम नहीं हो रहे हैं। ताजा मामला मैहर का है, जहां राजस्व विभाग के आरआई को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस ने गिरफ्तार किया है।रीवा लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार सुबह 10.30 बजे मैहर तहसील कार्यालय में एक आरआई को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। कुशियारी निवासी शिकायतकर्ता अनिल कुशवाहा ने रीवा लोकायुक्त में शिकायत की थी। शिकायत में उसने बताया कि जमीन सीमांकन के एवज में तिलौरा आरआई राघवेंद्र सिंह50 हजार घूस की मांग की थी। पहली किस्त का 30 हजार रुपये आरोपी आरआई पहले ही ले चुका था। किसान की शिकायत के बाद लोकायुक्त की टीम ने तहसील कार्यालय में अपना जाल बिछाया, जिसमें तिलौरा आरआई राघवेंद्र सिंह फंस गए। लोकायुक्त टीम ने आरआई को 20 हजार रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त ने रिश्वत मामले में भेड़ा हल्का पटवारी अरुण सिंह को भी आरोपी बना लिया है। लोकायुक्त की 15 सदस्यीय टीम ने आरआई राघवेंद्र सिंह को ट्रैप किया है। आरोपी के खिलाफ मैहर रेस्ट हाऊस में कार्रवाई जारी थी।

### ढाई लाख की चरस के साथ तस्कर को दबोचा

**उत्तरकाशी :** पुरोला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 किलो 248 ग्राम चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की कीमत करीब 2.5 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भंडारी ने बताया कि सोमवार को पुरोला पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने सटीक सूचना के आधार पर पुरोला-मोरी रोड पर जाल बिछाया। ग्राम छाड़ा मार्ग के पास खन्यासणी मोरी निवासी युवक कपिल राणा को चरस के साथ पकड़ा गया। युवक के खिलाफ थाना पुरोला में 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार तस्कर मोरी के दूरस्थ इलाकों से चरस खरीदकर देहरादून ले जा रहे थे। एसपी उत्तरकाशी ने चरस बरामदगी करने वाली टीम को 2500 रुपये का पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

### आग का गोला बनी कार, ब्लास्ट के बाद 40-50 फीट हवा में उड़ी मारुति वैन के टुकड़े

**भोपाल :** राजधानी भोपाल के ऐशबाग थाना क्षेत्र में मंगलवार को सड़क किनारे खड़ी एक मारूति वैन में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद कार में ब्लास्ट हो गया। धमाके से वैन के टुकड़े लगभग 40 से 50 फीट हवा में उड़े।सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।जानकारी के अनुसार ऐशबाग थाना क्षेत्र में फातिमा बी की मस्जिद के पास मंगलवार दोपहर को एक मारुति वैन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कार में ब्लास्ट हो गया। धमाके से कार के टुकड़े करीब 40 से 50 फीट हवा में उड़े।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $27^0$ |
| न्युनतम | $08^0$ |

## प्रशांत किशोर की पार्टी के दो प्रमुख नेताओं ने दिया इस्तीफा



एजेंसी

**पटना :** प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज को आज बड़ा झटका लगा है। दो प्रमुख नेताओं ने पार्टी की 125 सदस्यीय कोर कमेटी से इस्तीफा दे दिया। पूर्व सांसद देवेंद्र प्रसाद यादव और पूर्व सांसद मुनाजिर हसन ने कोर कमेटी से अपने इस्तीफे का ऐलान किया और पार्टी के काम करने के तरीके को लेकर सवाल उठाए। हालांकि, दोनों नेताओं ने कहा है कि उन्होंने कोर कमेटी से इस्तीफा दिया है, अभी पार्टी नहीं छोड़ी है।देवेंद्र प्रसाद यादव और मुनाजिर हसन की कोर कमेटी से विदाई ने जनसुराज पार्टी के भीतर उथल-पुथल को जन्म दे दिया है। बता दें कि दो साल पहले गांधी जयंती के दिन ही चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने चंपारण से अपनी पदयात्रा शुरू की थी। दो साल पूरे होने पर 02 अक्टूबर को जनसुराज को राजनीतिक पार्टी बना दी। उस वक्त प्रो. केसी सिन्हा, देवेंद्र यादव, मोनाजिर हसन समेत कई दिग्गज पार्टी में शामिल हुए थे।इस दिन प्रशांत किशोर ने उपचुनाव में चारों विधानसभा सीट पर उम्मीदवार उतारने का फैसला भी लिया। हालांकि, प्रशांत किशोर की पार्टी को उपचुनाव में करारी हार मिली। इनके प्रत्याशी को तीसरे नंबर और चौथे नंबर पर रहना पड़ा। आज फिर प्रशांत किशोर की पार्टी चर्चा में है, क्योंकि उनकी पार्टी के दो बड़े चेहरों ने कोर कमेटी की सदस्यता छोड़ दी है। प्रशांत किशोर पहले चुनावी रणनीतिकार के तौर पर खूब चर्चा में रहे। चुनावी रणनीतिकार के तौर पर पीके ने बीजेपी और अन्य दलों के लिए काम किया।

## सीएम धामी ने 6 फॉरेंसिक लैब वाहनों का फ्लैग ऑफ किया

**65 लाख की लागत वाले प्रत्येक फॉरेंसिक लैब वाहन में ड्रग डिटेक्शन किट, एक्सप्लोसिव किट, फिंगर प्रिंट किट, फुट प्रिंट किट, डीएनए किट, फ्रिज, जनरेटर, साइबर सुरक्षा से संबंधित सॉफ्टवेयर, वीडियो कैमरा और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।इन फॉरेंसिक लैब वाहनों के माध्यम से किसी भी अपराधिक घटना की मौके पर ही प्राथमिक परीक्षण संभव हो जाएगा।**




एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में गृह विभाग के अधीन 6 फॉरेंसिक लैब वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। 65 लाख की लागत वाले प्रत्येक फॉरेंसिक लैब वाहन में ड्रग डिटेक्शन किट, एक्सप्लोसिव किट, फिंगर प्रिंट किट, फुट प्रिंट किट, डीएनए किट, फ्रिज, जनरेटर, साइबर सुरक्षा से संबंधित सॉफ्टवेयर, वीडियो कैमरा और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।इन फॉरेंसिक लैब वाहनों के माध्यम से किसी भी अपराधिक घटना की मौके पर ही प्राथमिक परीक्षण संभव हो जाएगा।प्रथम चरण में ये फॉरेंसिक लैब वाहन देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल , ऊधमसिंह नगर , नैनीताल, अल्मोड़ा और श्रीनगर भेजे जा रहे हैं। इसके बाद सभी जनपदों के लिए यह व्यवस्था की जायेगी। इन वाहनों के लिए राज्य को केन्द्र सरकार से 3.92 करोड़ की धनराशि मिली है।इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या, विधायक महंत दिलीप रावत, सचिव गृह श्री शैलेश बगौली, एडीजी और निदेशक फॉरेंसिक साइंस लैब अमित कुमार सिन्हा, संयुक्त निदेशक डॉ. एसके शर्मा, उप निदेशक डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. पान सिंह, विशेषज्ञ डॉ. दयाल शरण, वैज्ञानिक डॉ मोनिका और डॉ. राकेश कुमार शामिल रहे।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने बिहार के महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

एजेंसी

**पटना :** तीन दिवसीय दौरे पर भारत आये श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को बिहार के बोधगया के महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर बोधगया मंदिर सोसायटी के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद राष्ट्रपति महाबोधि मंदिर पहुंचे और भगवान बुद्ध के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके के आगमन को लेकर एयरपोर्ट से लेकर महाबोधि मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। उनके आगमन से पहले ही एयरपोर्ट से लेकर बोधगया सड़क मार्ग को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था।



इस संबंध में गया के जिलाधिकारी डॉ. त्याग राजन एसएम ने बताया कि मंगलवार की सुबह श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके के आगमन को लेकर साढ़े दस बजे तक आम श्रद्धालुओं को महाबोधि मंदिर प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। श्रीलंका के राष्ट्रपति के जाने के बाद आम श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई।उल्लेखनीय है कि दिसम्बर माह में विभिन्न देशों के बौद्ध श्रद्धालु बोधगया पहुंचते हैं और भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना करते हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके भारत की तीन दिनों की अधिकारिक यात्रा पर हैं।

## खड़े डंपर में बस ने मारी टक्कर, 6 की मौत

एजेंसी

**अहमदाबाद :** गुजरात के सोमनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भावनगर जिले के त्रापज के पास मंगलवार सुबह एक निजी बस, सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए।जानकारी के मुताबिक, भावनगर के पास त्रापज के पास हाईवे पर एक डंपर में खराबी आ गई और ड्राइवर ने उसे सड़क के किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच सूरत से राजुला जा रही एप्पल ट्रैवल्स की बस डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। केंद्रीय राज्य मंत्री और भावनगर के सांसद निमुबेन बामभनिया ने दुर्घटना की जानकारी भावनगर अस्पताल के अधिकारियों को देते हुए घायलों की उचित देखभाल के निर्देश दिए। वे लगातार कलेक्टर के संपर्क में रहे और प्रशासन को अलर्ट करते हुए दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर हरसंभव मदद के निर्देश दिए।

Asarfi Hospital
असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपरस्पेशलिटी हॉस्पीटल
Department of Cardiology & Electrophysiology
Dr. Sachin Yalagudri
(MD, DM)
Consultant Cardiologist & Electrophysiologist
AIG Hyderabad
दिनाँक :- 21st Dec. 2024
दिन :- शनिवार
समय :- सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
Electrophysiologic study & Radiofrequency ablation will be performed for Patient Suffering from SVT
9264433654, 9534184782
Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad- 828130

# वित्त मंत्री के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर डीएसओ व डीसीओ पर गिरी गाज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के उपायुक्त शशि रंजन के द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश कुमार सिंहा एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु को स्पष्टीकरण किया गया है।यह स्पष्टीकरण राधाकृष्ण किशोर, मंत्री, वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास, संसदीय कार्य विभाग के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने के कारण किया गया है। दरअसल, खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत जिले के सभी पैक्सों में 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ किया जाना था। इस शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद, विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधि को आमंत्रित करते हुए उनकी मौजूदगी सुनिश्चित करने को लेकर पूर्व की बैठक में निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में शुभारंभ कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी के तरफ से सभी बीडीओ व सीओ को पत्र भी लिखा गया था। लेकिन 15 दिसंबर को वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास, संसदीय कार्य विभाग के मंत्री पाटन के किशुनपुर पैक्स में उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे। तब जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु व जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश कुमार सिन्हा अनुपस्थित रहे, जिसके कारण कार्यक्रम में कठिनाई हुई। इस पर वित मंत्री के तरफ से अप्रसन्नता जाहिर की गयी। बता दें कि पलामू जिला अंतर्गत पाटन-छतरपुर के स्थानीय विधायक सह सूबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर किसुनपुर स्थित मोरया पैक्स पर धान क्रय का उद्घाटन करने रविवार को पहुंचे थे। इस दौरान वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने जानकारी मांगी की डीसीओ कहां हैं। पाटन के अंचल पदाधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने उन्हें बताया कि वह कार्यक्रम स्थल पर नहीं हैं। कृषि मंत्री के साथ वे बैठक में हैं। इस पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर बिफर पड़े। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी से बात करते हुए कहा कि आपने मंत्री को अपमानित किया है। जब आपको मालूम था कि मोरया पैक्स पर धान खरीददारी का उद्घाटन करने वित्त मंत्री आने वाले हैं तो आप कार्यक्रम से गायब क्यों हैं? आपने सरकारी कार्य को मजाक बना लिया है? आप में थोड़ा सा भी सरकारी कार्य का ज्ञान होता तो आप कार्यक्रम स्थल पर होते। वित्त मंत्री ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को डांटते हुए कहा कि आपकी जमींदारी चल रही है क्या? आपने झारखंड सरकार के एक मंत्री के कार्यक्रम को हल्के ढंग में क्यों लिया? कार्यक्रम में सहकारिता विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी उपस्थित नहीं है। कार्यक्रम स्थल पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के नहीं रहने पर भी वित्त मंत्री ने नाराजगी जताई थी। वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इस दौरान कहा था कि राजनीतिक और प्रशासनिक सुचिता के लिए यह कार्रवाई जरूरी था। राज्य का मंत्री कार्यक्रम में उपस्थित हो और विभाग का अधिकारी ना हो, इससे बड़ा अपमानजनक बात और क्या हो सकता है? वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने जिले के प्रशासनिक कार्य संस्कृति पर भी सवाल खड़ा किया था। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि पलामू के प्रशासनिक अधिकारियों में कार्य संस्कृति का घोर अभाव है। और वह इस संस्कृति को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# बालू घाटों को चालू न कर प्रशासन कर रही अवैध वसूली : रुचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के छड़ सीमेंट ईटा ट्रैक्टर एवं अन्य व्यवसाय भाइयों के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव डाल्टनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी ने अनुमंडल पदाधिकारी से मुलाकात कर शहर को सस्ता एवं सुलभ बालू उपलब्ध कराने को लेकर मांग पत्र सौपा । जिसके तहत पूर्व में चालू किया गया बिनूआ सरजा, धामधमवा सहित अन्य चार बालू घाटों को सदर के अंदर पूर्व में चालू गया किया गया था जो अभी भी बंद पड़ा है इन घाटों पर आसानी से बालू का उठाव जारी किया जा सकता है जो अभी तक चालू नहीं हुआ।मांग पत्र सौंपने के बाद सभी व्यवसायीक भाइयों के साथ सदर अनुमंडल पदाधिकारी से बात करते हुए जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि एनजीटी के आदेश के फल- स्वरुप 10 जुलाई से 15 अक्टूबर तक जिले में बालू का उठाव बंद था लेकिन वह समय सीमा बीत जाने के बाद भी अभी तक मेदनी नगर निगम सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी पदाधिकारी के उदासीन रवैया के चलते बालू का उठाव चालू नहीं हुआ मजदूर वर्ग साइकिल एवं मोटरसाइकिल से बालू ढोने को विवश है और जिला प्रशासन उसमें भी अवैध रूप से उगाही करने में मशगूल हैं वहीं सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने सिर्फ आश्वासन दिया कि जल्द ही इस विषय पर अन्य पदाधिकारी से बात कर बालू का उठाव शुरू किया जाएगा। वहीं व्यावसायिक वर्ग ने रोस व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द बालू पर सुनवाई नहीं होगी तो सभी व्यवसायी वर्ग अनुमंडल पदाधिकारी के मुख्य द्वार को भी जाम करेगी। मांग पत्र सौंपने में रामराज तिवारी, सत्येंद्र नाथ गिरी, मुन्ना तिवारी, अजय प्रजापति, अमित कुमार, सत्येंद्र मिश्रा, संदीप मिश्रा, विनोद कुमार सहित कई लोग थे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का फाइनल मुकाबला खेला गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती इलाके मे सरईडीह खेल की मैदान में जय हिंद फुटबॉल क्लब के तत्वधान फूटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन की गई थी। इस कार्यक्रम मे जीप सदस्य सुदामा पासवान, पूर्व जीप सदस्य सह सेवा निवृत शिक्षक सीता राम के अलावा पूर्व मुखिया विजय गुप्ता, समाज सेवी सह क्षत्रिय महासभा संघ के प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार सिंह उर्फ़ चिंटू सिंह, पूर्व मुखिया चलितर पासवान, नामुदाग पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से कीक व राष्ट्र गान गा कर खेल का शुभारम्भ की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में नौड़ीहा बाजार के जीप सदस्य सुदामा पासवान एवं पूर्व जीप सदस्य सह सेवा निवृत शिक्षक सीता राम पासवान मौजूद थे। फुटबॉल मैच की फाइनल मुकाबला विशुनपुर बनाम चोरडंडा के बीच खेला गया। जिसमें विशुनपुर के टीम ने एक गोल दाग कर चोरडंडा टीम को पराजित कर के कप पर विशुनपुर टीम ने कब्ज़ा जमाया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के सम्बोधन करते हुए कहा कि ऐसी सुदूरवर्ती क्षेत्र मे फूटबॉल मैच का आयोजन होना से हमारे क्षेत्र के बच्चें की शारीरिक विकास होता है। क्योंकि इस क्षेत्र मे फूटबॉल विलुप्त हो चुकी थी । इस कार्यक्रम के आयोजन समिति के अध्यक्ष सह करकट्टा पंचायत के मुखिया पति रामबली पासवान, उपाध्यक्ष धनंजय प्रसाद, सचिव पकंज कुमार सहित सभी सदस्यगण के अभार व्यक्त किया। मौके पर विजेता व उपविजेता टीम को 21000 -11000 रुपये नगद इनाम दिया आयोजन समिति के द्वारा दी गई। साथ ही साथ मौके पर मौजूद सभी अतिथियों को माला एवं गुल दस्ते देकर सम्मानित किया गया। मौके पर निर्मल चंद्रवंशी, सेवा निवृत शिक्षक शिव भजन राम, बीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, रविदास विकास समिति के अध्यक्ष राम गोविंद राम शिक्षक, समाज सेवी रौशन कुमार सिंह ,पूर्व मुखिया नरेश यादव, बिंदा साव के अलावा रामचंद्र राम, भोला राम, संतोष ठाकुर, छोटेलाल रजक समेत हजारों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे। इस खेल मे रेफरी व कॉमेंटटेटर मुमताज़ आलम बी के सिंह और संतोष कुमार गुप्ता ने अहम भूमिका निभाई।

# गुरुकुल विधा निकेतन स्कूल द्वारा निजी वाहनों में भूसे की तरह भरकर बच्चों का कर रहें परिवहन

## क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को बैठा रहे ऑटो चालक, जिम्मेदार मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** हादसे दर हादसे की के बाद भी लोग अपने लाडले को ऐसे वाहनों पर सवार कर स्कूल रवाना कर देते हैं, जिस पर क्षमता से अधिक मासूम स्कूली बच्चे बैठे हों।दरअसल,ऐसा ही मंजर देखने को चैनपुर अस्पताल चौक स्थित गुरुकुल विधा निकेतन स्कूल के प्रबंध निर्देशक द्वारा स्कूली बच्चे को क्षमता से अधिक वाहनों पर बैठकर ले जाने लाने का प्रक्रिया प्रतिदिन जारी हैं जबकि नियमानुसार वाहन के सीट से अधिक बच्चों की संख्या नहीं होनी चाहिए लेकिन सरकार की नियम कानून को ताक पर रखते हुए गुरुकुल विधा निकेतन स्कूल के संचालक द्वारा मनमानी तरीके से स्कूल संचालित किया जा रहा हैं। जहां एक तरफ चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक दिन ऐसी घटना घटने के बाद भी जनपद में जरा भी फर्क नजर नहीं आ रहा। स्कूली टेम्पो पर बच्चों से इतने भरे हुए होते हैं कि चालक को हैंडल तक मोड़ने में दिक्कत होती है। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर स्कूली टेम्पो दौड़ रहीं हैं लेकिन फिर भी अधिकारी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। पंजीकृत वाहनों के अलावा अपंजीकृत वाहन भी सड़कों पर दौड़कर बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। टेम्पो पर क्षमता से अधिक छात्र छात्राएं को बैठाकर दौड़ाया जा रहा है। स्कूल संचालक ने स्कूल टेम्पो पर इतने बच्चे सवार कर देते हैं कि बैठने तक के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती है। सात सवारियों वाले टेम्पो पर 10 से 15 बच्चे बैठाकर सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है।जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। वहीं दूसरी तरफ अभिभावक भी बच्चों की सुरक्षा की परवाह किए बिना इन स्कूली टेम्पो पर बच्चों को भेज रहें हैं। अधिक बच्चे होने के कारण दुर्घटना घटने की हर समय संभावना बनी रहती है।इधर इस संदर्भ में प्रबंध निर्देशक सिकंदर जी ने बताया कि हमारा स्कूली ऑटो दो किलोमीटर तक 15 बच्चे बैठकर ले जाने लाने का काम करती हैं। साथ ही कहा कि ज्यादा दूरी नहीं होने के कारण टेंपो पर क्षमता से अधिक बच्चों को बैठने का काम करते हैं।

## बीडीओ व जनप्रतिनिधियों ने किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ



**हैदरनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर प्रखंड के बरेवा में लोहारपुरा बरेवा पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ जिला परिषद सदस्या संगीता देवी, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान समेत अन्य ने संयुक्त रुप से विधिवत पूजा कर व फीता काट कर किया। इस मौके पर बीडीओ विश्वप्रताप मालवा ने कहा कि इस प्रखंड के किसानों के धान की खरीद के लिए लोहरपुरा बारवा पैक्स के माध्यम से किया जाएगा। प्रखंड में कुल 380 किसान पंजीकृत हैं। उनके धान का क्रय सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल के अतिरिक्त 100 रुपया प्रति क्विंटल बोनस कुल 2400 रुपया प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। इसी भाव से किसानों के खाते में भुगतान किया जायेगा। पैक्स अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पैक्स स्थल पर डिजीटल माप तौल व धान की नमी मापने के यंत्र भी स्थापित कर दिये गये हैं। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर किसान सलाहकार समिति अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह, मुखिया जितेन्द्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, उपमुखिया पवन कुमार व सुनीता देवी ,प्रगतिशील किसानों में अनिल सिंह, रामप्रवेश सिंह,जोगेंद्र सिंह, विकास सिंह, सुधीर सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, संजय सिंह, जयप्रकाश सिंह, संजय मेहता, वीरेन्द्र सिंह, छोटू सिंह, प्रदीप सिंह, अनूप कुमार सिंह, एटीएम परवीन जहां, इसरार खान, नावाजिश खान, धनंजय सिंह, संतोष सिंह, अरुण पांडेय, पैक्स क्रय पदाधिकारी महेन्द्र गुप्ता, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार सहित कई अन्य किसान मौजूद थे। इसके शुभारंभ होते ही तीन किसानों ने कुल 160 क्विंटल धान का बिक्रय किया है।

# जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध महिलाओ ने निकाला जागरूकता रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जेएसएल -पीएस के तत्वावधान में जेंडर कैंपेन के अंतर्गत नई चेतना3.0 एक साथ,एक आवाज हिंसा के खिलाफ जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध चितविश्राम पंचायत व पिपरडीह पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया गया। पिपरडीह पंचायत भवन से लेकर जामुन टोला होते हुए चार मुहान तक रैली निकाला गया। जागरूकता रैली में जेएसएलपीएस कर्मियों ने- महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, कुरीतियों से लड़ रही हैं, महिलाओं ने यह ठाना हैं- शोषण के विरुद्ध आवाज उठाना है, नारी नारी की पुकार -अब ना सहेंगे अत्याचार सहित अन्य प्रकार के नारे लगा रहे थे। मौके पर एसआरपी दीप शिखा सिन्हा, सीआरपी अस्तरून निशा, बीआरपी कृति रॉय, रेखा देवी, शकुंतला देवी, प्रेमशीला, गीता, पम्मी देवी, पूनम देवी, फुलपति देवी, खुशबू देवी, सीमा कुँवर, धनवंती देवी, बसंती देवी, तारा देवी, डिम्पल देवी, कविता देवी, कौशिला देवी, राधिका देवी, देवती देवी, कंचन देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# एके सिंह कॉलेज का नैक के पीयर टीम ने किया जांच व सत्यापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला में विगत दो दिन तक एस एस आर की सत्यापन व जाँच नैक के पीयर टीम ने किया। प्रातः दस बजे नैक के पीयर टीम के चेयरपर्सन प्रो0 के. ए. अबुबकर, मेंबर को ऑर्डिनेटर प्रो0 दिनेश कुमार चौबे तथा मेम्बर डॉ0 संजय खरात जी का स्वागत कॉलेज के सचिव श्री प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्राचार्य प्रो0 सूर्यमणी सिंह, प्रो0डॉ0 रामसुभग सिंह, आइ0क्यू0ए0 सी0 के को ऑर्डिनेटर प्रो0 अरुण कुमार सिंह नैक को ऑर्डिनेटर प्रो0 डॉ0आलोक रंजन कुमार ने बड़े धूम धाम से किया। कॉलेज के एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो0 राजेश कुमार सिंह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो0 राहुल कुमार सिंह ने अपने स्वयंसेवकों तथा विद्यार्थियों की स्वागत मण्डली के साथ अगुवाई कर रहे थे। विद्यार्थीगण झारखण्डी संस्कृति के परिवेश में ढोल, नगाड़े और मांदर लेकर संगीतमय वातावरण में पीयर टीम का स्वागत किया। पीयर टीम ने लगातार दो दिनों तक एस एस आर में अंकित विवरण एवं विश्लेषण के आधार पर जांचकर सत्यापन किया तथा रिपोर्ट तैयार की। पूर्ववर्ती छात्राओं तथा अभिभावकों के साथ भी बैठक की साथ ही वर्तमान अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ भी अनेक प्रश्न पूछे, जिसके उत्तर पाकर पीयर टीम ने शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीगणों के साथ किये गए बैठक में भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की घटना निंदनीय : शौरभ पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बिश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित भंडार ग्राम ऐन ऐच आई रोड किनारे गायत्री मंदिर के बगल में लगा हुआ बिजली सप्लाई ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी होने की घटना प्रकाश में आई है। जिससे चार दिन से भंडार ग्राम मे बिजली बाधित है, बिजली उपभोक्ताओं के द्वारा तेल चोरी होने की घटना को बिजली विभाग संबंधित पदाधिकारी को सूचना दे दी गई है, फिर भी अभी तक बिजली सप्लाई नहीं हो पाई है। वहीं बिजली विभाग के द्वारा अज्ञात लोगों के ऊपर थाने में केस दर्ज कराई गई है, कांग्रेस जिला सचिव सौरव पांडे ने तेल चोरी होने की घटना को कड़ी निंदा करते हुए बिजली विभाग वरीय पदाधिकारी से ट्रांसफार्मर घेराव की मांग की है। ताकि बार-बार इस तरह के घटना न घट सके वही जल्द से जल्द विभागीय पदाधिकारी से ट्रांसफार्मर सुचारू रूप से पुणः की तरह चालू करने के लिए मांग की है, मौके पर शिव शंकर पांडे, अरविंद पांडे, आशीष पांडे, अनुज किशोर पांडे, दुर्गेश पांडे, बुबुन पांडेय समेत काफी संख्या में बिजली उपभोक्ता उपस्थित थे।

## छतरपुर एसडीएम ने किया प्रखंड व अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आशीष गंगवार ने मंगलवार को प्रखंड व अंचल कार्यालय की औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम मे अनुमंडल पदाधिकारी श्री आशीष गंगवार ने सभी कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिया। प्रखंड व अंचल कार्यालय की कर्मियों के साथ कार्यो की समीक्षात्मक बैठक करने का निर्देश प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी श्री राम नारायण खलको की दिया। उन्होंने ने प्रत्येक विभाग को अपने स्वयं घूम घूम कर निरीक्षण किया।

# ऑटो चालकों की समस्याओं को लेकर वित्त मंत्री ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर ने डालटनगंज शहर में ऑटो चालन पर लगे प्रतिबंध के विषय में ऑटो चालक संघ द्वारा दिए गए पत्र के आलोक में उप विकास आयुक्त और नगर आयुक्त के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि एक कमेटी का गठन किया जाएगा। इस कमेटी में सांसद सदस्य, जिले के सभी विधायक, चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित लोग शामिल होंगे। यह कमेटी ऑटो चालान से जुड़े मुद्दों पर विचार करेगी और सर्वसम्मति से निर्णय लेगी। तब तक के लिए शहर में पूर्व की तरह ऑटो चालन बरकरार रखा जाएगा।

## मंत्री का फैसला स्वागत योग्य : अरुणा शंकर

मेदिनीनगर कई दिनों से चल रहा टेंपो हड़ताल समाप्त करने हेतु पदाधिकारी को निर्देश देने के लिए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के फैसले का मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं चेंबर सदस्यों ने स्वागत किया है। अरुणा शंकर ने बताया कि इस हड़ताल से जहां ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी। वही सब्जियों के दाम भी बढ़ने लगे थे। साथ ही शहरी क्षेत्र में भी कई तरह के आवागमन में दिक्कत आ रही थी। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रशासन टेंपो चालकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करे। प्रथम महापौर ने कहा कि शहर में कई जगह निगम द्वारा वाहन स्टैंड के नाम पर ठेका कर दिया गया है। फलस्वरुप हर जगह रंगदारी की तरह पैसा वसूली की जा रही है। निगम एक माहवारी शुल्क तय करें। ताकि वाहन मालिकों को रंगदारी शुल्क का सामना न करना पड़े।

# हेमंत की सरकार अपने वादे पर खरा नही उतर रही है




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राज्य की हेमन्त सरकार ने विगत विधानसभा चुनाव में किये गये वायदे के अनुसार निर्धारित तिथि तक माता बहनों के खाते में मईया सम्मान योजना की राशि 2500 रुपये नहीं दे सकी। चुनावी घोषणा के अनुसार किसानों का धान 32 रुपये की जगह 23 रुपये प्रति किलो खरीदा जा रहा है। जो किसानों के साथ धोखा है। उक्त बातें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा।उन्होंने कहा कि आज तक मईया सम्मान योजना की राशि माता बहनों के खाते में तो नही गया। बल्कि 16 दिसंबर को रांची में जेएसएस सी सीजीएल के अभ्यर्थियों को लाठी डंडे से भइया सम्मान योजना दिया गया।चुनाव के दौरान किसानों का धान 32 रुपये प्रति किलो खरीदने की घोषणा किया गया था, लेकिन किसानों का धान 23 रुपये किलो खरीदना शुरू किया गया और दो दिनों में ही गोदाम भर जाने की बात कर धान का क्रय बन्द कर दिया गया। जबकि गोदाम का एक हिस्सा भी नही भरा है। चुनाव में किये वायदे के अनुसार आज तक 450 रुपये में गैस सिलेंडर लाभुकों को देने की योजना शुरू नही किया गया।उन्होंने कहा कि विधायक अनन्त प्रताप देव के द्वारा जिले के उपायुक्त को पत्र भेजकर नगर पंचायत क्षेत्र में चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने तथा जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण की व्यवस्था करने को कहा गया था।लेकिन आजतक उनके बातों का कोई असर नही हुआ। शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यदि साफ सफाई नही होने का पुरस्कार देने की बात हो तो पूरे झारखंड में श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र नम्बर वन साबित होगा। नगर पंचायत जनता के प्रति उदासीन है।नगर पंचायत क्षेत्र में जितना भी जलमीनार लगा है, उसमे आधे से अधिक बन्द पड़ा है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो आने वाले दिनों में जनता की समस्याओं को लेकर भाजपा आंदोलन के लिये बाध्य होगी। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष विकास पांडेय, कुमार कनिष्क, लालमोहन यादव, अनिल पासवान, संतोष चौबे, नन्हकू पासवान, नारद प्रजापति, अशोक सिंह, विवेकानंद पांडेय, सत्यनारायण पांडेय, विपेश तिवारी, जितेश्वर विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### अल्पसंख्यकों के मामलों पर रिपोर्ट कार्ड जारी, सरकार संज्ञान ले : एस अली

**रांची :** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के पूर्व संध्या मदरसा इस्लामिया अपर बजार रांची में अल्पसंख्यकों से जुडें मामलों पर आमया संगठन के द्वारा अल्पसंख्यक रिपोर्ट कार्ड 2024 जारी किया।इस मौके पर अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली ने कहा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकार की रक्षा, उनकी धर्म, जाति, भाषा, संस्कृति परंपरा की सुरक्षा को सुनिश्चित करना सरकार की दायित्व है। लेकिन पिछले कुछ सालों में अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे है परंतु केंद्र एवं राज्यों की सरकार मौन है। एस अली ने कहा कि केन्द्रीय स्तर पर जहां प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 का लगातार उल्लंघन कर अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों को टार्गेट किया जा रहा है।इस मौके पर झारखंड छात्र संघ के इकबाल खान, मो हैदर, अनीस अंसारी, प्रवेज आलम, शबरे अलाम, नफीसा प्रवीन, नूरजहां सहित अन्य लोग शामिल थे।

### चार पुलिस कर्मी हुए सस्पेंड

**रांची:** स्कूली बच्चियों से छेड़खानी मामले में आईजी अखिलेश सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है। चार पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया है। कोतवाली थाना के एक एसआई एवं मुंशी और महिला थाना के एक एसआइ और मुंशी शामिल है।
निलंबित होने वाले पुलिस कर्मी : कोतवाली थानाः- स0अ0नि0 सनातन हेम्ब्रम और अविनाश कुमार (मुंशी), महिला थानाः उर्मिला कोरबा (थाना स्टाफ) और स0अ0नि0 उषा कुमारी शामिल है।

# निषिद्ध मादक पदार्थों पर रोक लगाने के लिए समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड एवं पुलिस महानिदेशक झारखण्ड रांची ने मंगलवार को संयुक्त रूप से चतरा जिले में अवैध अफीम की खेती के उन्मूलन और निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक की.

इस बैठक में निम्नलिखित एजेण्डा बिन्दुओं पर विमर्श किया गया तथा समीक्षोपरान्त कई दिशा निर्देश दिये गये.से संबंधित सभी लंबित मामलों पर विमर्श करते हुए उन सभी काण्डों की (विशेष कर वर्ष 2023 के एवं उसके पूर्व से लंबित है) समीक्षा की एवं विलम्ब के कारणों का निवारण करते हुए तत्काल उन काण्डों का निष्पादन किये जाने का निर्देश दिया.

**निम्न प्रकार से निर्देश दिये गए:**
अवैध अफीम की खेती की रोकथाम हेतु पुलिस एवं वन विभाग के पदाधिकारी / कर्मियों के बीच आपसी समन्वय स्थापित किया जाए और आवश्यकता अनुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए. अफीम की खेती प्रायः सुदूरवर्ती क्षेत्रों एवं वन भूमि में की जाती है, इसलिए वन पदाधिकारियों का सहयोग अपेक्षित है. पुलिस अधीक्षक चतरा / हजारीबाग / रांची/लातेहार ये जिले अफीम की खेती को लेकर काफी बुरी तरह से प्रभावित हैं. इन जिलों में अवैध अफीम की खेती की पूर्ण रोकथाम हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. प्रायः यह देखा गया है कि जिन भूमि में अफीम की खेती की जाती है, उसे विनष्टिकरण के पश्चात थाना में सन्हा दर्ज किया जाता है, जो उचित नहीं है. जिस भी भूमि पर अवैध अफीम की खेती का विनष्टिकरण किया जाता है, तो उसके आलोक में निश्चित रूप से प्राथमिक दर्ज की जाना सुनिश्चित किया जाए. विशेष शाखा से प्राप्त सूचना पर यदि कोई थाना प्रभारी वांछित कार्रवाई नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए.एनडीपीएस से संबंधित पूर्व में दर्ज कांडों के अभियुक्तों का सत्यापन नियमित रूप से करना सुनिश्चित करेंगे कि वे वर्तमान में कारावास में हैं या जमानत पर बाहर हैं. इन अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनकी वर्तमान आय के स्रोत की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें. साथ ही अगर वैसे अपराधी जो लगातार एनडीपीएस से संबंधित कांडों के अभियुक्त रहे हैं उनका डोसियार खोला जाए.अवैध अफीम की खेती के मद्देनजर प्री कल्टीवेशन कार्यक्रम जैसे ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक करना, जागरूकता अभियान चलाना और स्कूल एवं कॉलेज में अफीम के दुष्प्रभाव को लेकर लोगों को जागरूक करना सुनिश्चित किया जाए.

# हेमंत सरकार में राज्य के हर होने में भ्रष्टाचार व्याप्त : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर ट्वीट कर कहा है कि हेमंत सरकार में झारखंड के हर होने में भ्रष्टाचार व्याप्त है। कर्मचारी से अधिकारी तक और विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक सभी भ्रष्टाचार के दलदल में पूरी तरह डूबे हुए हैं। ऐसे में प्रदेश की जनता न्याय की उम्मीद भी करें, तो आखिर किससे। यह सवाल झारखंड के हर गली-मोहल्ले में गूंज रहा है। मरांडी ने कहा कि धनबाद में भवन प्रमंडल के 146 टेंडरों को लेकर बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। यहां टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर अब सवाल उठ रहे हैं। ठेकेदारों के बीच टेंडरों की बंदरबांट खुलेआम हुई, जिसमें पुलिस की मौजूदगी में ही 20 करोड़ रुपये के टेंडर मैनेज करने की सहमति बनी। मरांडी ने कहा है कि ठेकेदारों को ठेका मिलने के एवज में कथित तौर पर मोटी रकम देने को कहा गया, जिसके बाद नाम तय किए गए। इस दौरान खुलेआम लेन-देन की तस्वीरें सामने आई हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं। सरकारी कामकाज में ईमानदारी और पारदर्शिता की उम्मीद के विपरीत यह घटना व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करती है, जिसने आम जनता के विश्वास को झकझोर दिया है। मरांडी ने कहा कि इस मामले ने उन गरीब और जरूरतमंद लोगों के हितों को आहत किया है, जो विकास कार्यों के सही तरीके से लागू होने पर निर्भर रहते हैं। यह सिर्फ भ्रष्टाचार का एक उदाहरण भर नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों और संसाधनों के दुरुपयोग का गंभीर मामला है।

**कौन लोग हैं जो सिदिक अंसारी जैसे अपराधी को संरक्षण दे रहे : मरांडीः** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि आखिर कौन लोग हैं जो सिदिक अंसारी और उसके सहयोगियों को संरक्षण दे रहे हैं। श्री मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर ट्वीट कर कहा है कि दुमका जिला के काठीकुंड प्रखंड में कार्यरत पंचायत सचिव चंदा कुमारी को सिदिक अंसारी और उसके सहयोगियों के जरिये सादे कागज पर जबरन हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया जा रहा था। हस्ताक्षर नहीं किए जाने पर चंदा कुमारी को दुष्कर्म और जानलेवा हमले की धमकी दी गई है। उन्होंने कहा कि यह घटना सिर्फ एक महिला कर्मचारी पर हमला नहीं है, बल्कि यह पूरे प्रशासनिक तंत्र पर हमला है।

# सेंट जेवियर कॉलेज ने आईआईटी भुवनेश्वर के साथ किया समझौता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची.** झारखंड के युवा अब अंतराष्ट्रीय स्तर के औद्योगिक गुण अपने राज्य में ही सीख पाएंगे। यह संभव हो पाया है राज्य के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान संत जेवियर्स कॉलेज,रांची की एक अनूठी पहल के कारणवश। रांची के संत जेवियर्स कॉलेज के लिए ऐतिहासिक एवं विशिष्ट रहा। कॉलेज ने आईआईटीभुवनेश्वर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते के अंतर्गत, आईआईटी भुवनेश्वर अपनी तकनीकी कौशल, एवं कक्षाओं को संत जेवियर्स के विद्यार्थियों के लिए खोलेगा जिससे वो उद्यमिता के विभिन्न आयामों को समझ और सीख पाए। ।यह समझौता ज्ञापन संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य फादर नाबोर लकड़ा और आईआईटी भुवनेश्वर के बीच किया गया। इस अवसर पर संत जेवियर्स कॉलेज से डॉक्टर एन वेंकट अप्पा राव, डॉक्टर स्वरत चौधरी और डॉक्टर अभिजित डे उपस्थित थे। संत जेवियर्स झारखंड में इस तरह का एमओयू करने वाला पहला कॉलेज बन गया है। इनक्यूबेशन सेंटर का उद्देश्य स्थानीय समस्याओं को हल करने के लिए अगली पीढ़ी के उद्यमियों को विकसित करना और उन्हें सशक्त बनाना होगा। इसके अंतर्गत छात्र अपने उद्योग संबंधित विचार लेकर आ सकते हैं, जिससे स्टार्टअप को बढ़ावा मिल सकता है।

# देश हित में है एक देश एक चुनाव : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** लोकसभा में एक देश एक चुनाव बिल स्वीकृत होने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बधाई दी है। मंत्री संजय सेठ ने कहा यह बिल देश हित में है। हर 5 साल में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव होते हैं। वही देश में हर साल अलग-अलग समय पर विधानसभा चुनाव होते हैं। एक समय चुनाव होने पर देश के राजकोष की बचत होगी। चुनाव के समय राज्यों में आचार संहिता लागू हो जाते हैं। परिणाम आने तक यह लागू रहता है। ऐसे में विकास परियोजनाओं में देरी होती है एक देश एक चुनाव से विकास कार्य में इसका फायदा होगा। चुनाव के समय सरकारी काम में भी व्यवधान होता है। ऐसे में साल में एक ही बार में इस तरह की आवश्यकता पड़ेगी और विकास कार्य में रुकावट नहीं आएगी इसलिए एक देश एक चुनाव देश के हित में है।

# वायरलेस के 24 नवप्रोन्नत पुलिस निरीक्षकों को पिपिंग समारोह में डीजी ने लगाया बैज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शहर के लाइन तालाब स्थित झारखंड पुलिस वायरलेस मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को वायरलेस संवर्ग के कुल 24 नवप्रोन्नत पुलिस निरीक्षक (ऑपरेटर) पदाधिकारियों का पिपिंग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संचार और तकनीकी सेवाएं के डीजी प्रशांत सिंह सहित अन्य ने 24 नवप्रोन्नत पुलिस निरीक्षक को बैज लगाया। यह प्रोन्नति छह वर्षो के बाद हुई है, जिससे पुलिसकर्मियों में काफी खुशी है। इस अवसर पर डीआईजी अश्विनी कुमार सिन्हा, एसपी हरविन्दर सिंह और डीएसपी महेश प्रजापति सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर हज हाउस में आज होगा भव्य कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के तत्वावधान में 18 दिसंबर 2024 को दोपहर 12 बजे से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
इस कार्यक्रम के संयोजक अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने बताया कि यह कार्यक्रम बुधवार 18 दिसंबर 2024 को दोपहर 12 बजे से कडरू स्थित हज हाउस में बड़ी तैयारियों के साथ होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं उपभोक्ता मामले तथा आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, राज्यसभा सदस्य एवं झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सरफराज अहमद, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी और कई अन्य गणमान्य अतिथि आ रहे हैं। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्लाह खान ने लोगों से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने और सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

# विहिप के धर्म प्रसार विभाग की बैठक में धर्मांतरण पर जताई चिंता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांचीः** विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग की बैठक प्रांत कार्यालय, किशोरगंज रांची में सोमवार को हुई। इसमें झारखंड के जनजाति समाज के बीच तेजी से हो रहे धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय धर्म प्रसार प्रमुख सुधांशु मोहन पटनायक ने कहा कि जनजातीय समाज के हितों की रक्षा के लिए धर्मांतरण का रुकना अति आवश्यक है। गांव-गांव में सत्संग एवं अन्य धार्मिक कार्यों से ग्रामीणों के बीच धर्म के प्रति जागृति लाने की आवश्यकता है। इसके लिए विहिप कार्यकर्ताओं को सक्षम प्रयास करना होगा। क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद पांडे ने कहा कि समाज के बीच संतों का प्रवास होना चाहिए, जिससे समाज में समरसता आएगी और धर्मांतरण रुकेगा। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा, प्रांत उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मुंडा, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, प्रांत धर्म प्रसार सहप्रमुख सच्चिदानंद देव, प्रांत परियोजना सह प्रमुख रेणु जायसवाल और नवीन मिश्र सहित कई जिलों के धर्म प्रसार प्रमुख टोली के सदस्य उपस्थित थे।

# स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने जरूरतमंद बच्चों के बीच किया भोजन के पैकेट का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची.** स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, एनटीपीसी कोल माइनिंग मुख्यालय ने अपनी सीएसआर पहल के तहत गुरु नानक अस्पताल, रांची का दौरा किया और अस्पताल में विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए आए लगभग 50 बच्चों को भोजन के पैकेट और स्वच्छता किट वितरित किए। इन बच्चों की माताओं को भी भोजन के पैकेट और स्वच्छता किट वितरित किए गए। इस अवसर पर स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन ने कहा कि इन बच्चों की मदद करने का हमारा मिशन यहीं नहीं रुकता, हम भविष्य में भी उनका समर्थन करते रहेंगे। अगर हम उनके जीवन में थोड़ी सी भी खुशी और आराम ला सकें, तो यह क्लब में हम सभी के लिए एक आशीर्वाद होगा। इस सीएसआर कार्यक्रम में शिखा रस्तोगी, उपाध्यक्ष सह कल्याण प्रभारी, श्रीमती दीपा केशरी, महासचिव, श्रीमती परमेश्वरी डी, संयुक्त सचिव और स्निग्धा रानी माझी, कोषाध्यक्ष सहित क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो रिहा

**रांची.** जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो को मंगलवार को पुलिस ने मुक्त कर दिया। रांची के कोतवाली थाना में बॉन्ड भरवाने के बाद देवेंद्र नाथ महतो को रिलीज किया गया। यहां याद दिला दें कि बीते सोमवार के जेएस एससी सीजीएल परीक्षा का विरोध करने के वास्ते हजारों अभ्यर्थी जेएस एसी दफ्तर के बाहर इकट्ठा हुये थे। प्रदर्शन के दरम्यान ही पुलिस ने देवेंद्र नाथ महतो सहित अन्य अभ्यर्थियों पर लाठियां चटकायी गयी थी, जिसके बाद पुलिस ने जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो को कस्टडी में ले लिया था। विधायक जयराम महतो ने ङ्ग पर पोस्ट कर डीजीपी से देवेंद्र नाथ को छोड़ देने का आग्रह किया था।

# रेल माल गाड़ियों पर भी रॉयल्टी वसूलने की तैयारी में है राज्य सरकार : सुप्रियो भट्टाचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** रॉयल्टी के मुद्दे पर झारखंड की राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। इस मामले को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के निशाने पर केंद्र सरकार और कोयला कंपनियां हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस संबंध में भू राजस्व विभाग के द्वारा कोल इंडिया को पत्र के माध्यम से 15 दिन के अंदर जवाब देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में तत्कालीन कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि झारखंड का रॉयल्टी का बकाया पैसा लौटाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट रूप से कहा था की रॉयल्टी का पैसा टैक्स के दायरे में नहीं आता है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड से गुजरने वाली रेल माल गाड़ियों पर भी रॉयल्टी वसूलने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि यह सरकार झुकने वाली नहीं है। कोयला कंपनियों को भी सख्त लहजे में सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा कि कंपनी के अधिकारी पहले राज्य सरकार को पैसा दें उसके बाद खनन कार्य करें।

# नगर विकास एवं आवास मंत्री ने शहर में ई-बसों को चलाने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची.** नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार बताया कि ट्रैफिक जाम और पॉल्यूशन फ्री करने का प्लान नई सरकार ने कर लिया है. इसके तहत रांची में जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत होनेवाली है, जिससे शहरवासियों का सफर और भी आसान और रांची को प्रदूषण से भी निजात मिलेगी. उनका मानना है कि जब लोग हर पांच मिनट में बसें उपलब्ध देखेंगे तो निजी वाहनों का उपयोग कम होगा, जिससे न सिर्फ प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि सड़क पर जाम की समस्या भी हल हो जाएगी. मंत्री ने कहा कि पहले रांची को सुंदर और विकसित किया जाए फिर राज्य के अन्य शहरों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा. साथ ही विधानसभा के पास फोरलेन बनाए जाने का प्रस्ताव भी है, जो शहर की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाएगा.प्रधान सचिव सुनील कुमार ने बैठक में बताया कि सभी निकायों से सड़क सुदृढ़ीकरण की रिपोर्ट मंगवाई गई है. जल्द ही ई-बसों और स्ट्रीट लाइटों की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा. बैठक में सूडा निदेशक अमित कुमार, डीएमए निदेशक सत्येंद्र कुमार और जुडको

### नगर निगम की भूमिका रांची की बेहतर छवि बनाने के लिए अहम है : सुदिव्य

रांची. झारखंड के नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि रांची नगर निगम की भूमिका रांची की बेहतर छवि बनाने के लिए अहम है। इसके लिए साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। सिविल वर्क्ट्स से संबंधित सभी लंबित योजनाओं को ससमय धरातल पर लायें। भविष्य की जरूरतों का आकलन करते हुए योजनाएं बनायें। सभी योजनाओं के लंबित होने के कारण तथा कार्ययोजना पर समय समय पर समीक्षा करें।सुदिव्य कुमार ने कहा कि राजस्व संग्रहण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए निगम को स्वावलंबी बनना होगा। अपने कार्य संस्कृति में बदलाव लाये। इंटरनल रेवेन्यू बढ़ोतरी के लिए होल्डिंग टैक्स के भुगतान केलिये बड़े बकाएदारों को नोटिस दे। जिन आवासीय भवनों पर व्यवसाय चल रहे है, उनका सर्वे करते हुए कमर्शियल होल्डिंग टैक्स लेना सुनिश्चित करे। शहर के सभी लॉज, हॉस्टल, कोचिंग इत्यादि की भी असेसमेंट करते हुए, कर का भुगतान ससमय करने के लिये नागरिकों को जागरूक करें। नए साल में आम लोगों की सहूलियत के लिए कर भुगतान करने के लिये नये ऑफर्स लाये। नगर निगम के अधीन सभी अधिनियमों को कड़ाई से लागू करे।मौके पर नगर आयुक्त संदीप सिंह, अपर प्रशासक फिलवियुस बरला, संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, गौतम प्रसाद साहू, सभी सहायक प्रशासक, सभी नगर अभियान प्रबंधक एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

# अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची.** स्वास्थ्य विभाग रांची एवं पीएसआई इंडिया के संयुक्त के तत्वाधान में मंगलवार , 17 दिसंबर 2024 को शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,सभागार में आयोजित की गयी 7 इस मीटिंग का उद्देश्य शहरी क्षेत्र में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा एवं आगामी माह की योजना के ऊपर विस्तार से चर्चा करना था ।बैठक में मुख्यतः परिवार नियोजन सेवाओं की समीक्षा, जन आरोग्य समिति गठन एवं उसके संचालन के साथ साथ एचएमआईएस पोर्टल पर सटीक डेटा प्रविष्टि पर प्रमुख रूप से चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य शहरी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और उन्हें और अधिक प्रभावी बनाना था। बैठक की अध्यक्षता डॉ असीम माझी ङ्क जिला प्रजनन और बाल स्वास्थ्य अधिकारी (डीआरसीएचओ) रांची ने किया। डॉ माझी ने सभी केंद्र के पीएचएम को जन आरोग्य समिति का गठन जल्द से जल्द करने को कहा। डीआरसीएचओ ने पीएचएम एवं केंद्र को मासिक सहिया बैठक एवं क्यूआईसी सह डाटा कमिटी बैठक हर माह करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी ने टीसीआई कार्यक्रम के द्वारा दिये जा रहे परिवार नियोजन की सेवाओं एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम में सहयोग की सराहना की। बैठक में कुलभूषण बाड़ा ने सभी केंद्र से योग्य दंपति से संबन्धित रिपोर्ट जमा करने को कहा साथ ही पिछले माह की उपलब्धियों को सभी के साथ साझा किया। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि परिवार नियोजन सेवाओं की पहुँच को बढ़ाने के लिए किस प्रकार की रणनीतियों को लागू किया जा सकता है। साथ ही, इन सेवाओं के प्रति समुदाय की जागरूकता को भी बढ़ाने के उपायों पर विचार किया गया।

# झारखंड में अब प्रखंड स्तर पर लगेगा पशु बाजार : शिल्पी नेहा तिर्की

## पशु धन को लेकर विभाग किसानों के लिए जारी करेगा रेट चार्ट





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि बहुत जल्द प्रखंड स्तर पर पशु बाजार की शुरुआत होगी . इसका उद्देश्य वाजिब दर पर अच्छे नस्ल के गाय या दूसरे पशु किसानों को उपलब्ध कराना होगा . इसको लेकर विभाग योजना से संबंधित कैलेंडर भी जारी करेगा . पशु बाजार में पशु की खरीद बिक्री को पारदर्शी बनाने के लिए पशु रेट चार्ट भी जारी किया जाएगा .मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ये बात मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र मांडर के भ्रमण के दौरान कही। उन्होंने मांडर विधानसभा क्षेत्र के करगे, बंझिला , महुआ जारी और कैम्बो में मिल्क कलेक्शन एवं चिलिंग प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान झारखंड मिल्क फेडरेशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने करगे मिल्क कलेक्शन एवं चिलिंग प्लांट के निरीक्षण के दौरान साफ ट्ठ सफाई के साथ सुरक्षा का ध्यान रखने का निर्देश दिया। इस प्लांट में अधिक मात्रा में दूध का कलेक्शन होता है। निरीक्षण के दौरान किसानों ने कैटल फीड के लिए मेधा दाना के दर में 5 रुपया तक कमी करने की मांग दोहराई। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय अधिकारियों को चारा काटने की मशीन को लेकर भी जानकारी ली। साथ किसानों को चारा काटने की मशीन कैसे उपलब्ध हो इसको लेकर निर्देशित भी किया। निरीक्षण के दौरान गाय वितरण में अनियमितता की बात भी किसानों के द्वारा कही गई। पशुपालन विभाग के द्वारा 90 प्रतिशत सब्सिडी पर स्त्र/स्ट और विधवा को पशु देने की योजना है . जबकि सामान्य के लिए ये सब्सिडी 75 प्रतिशत है . किसानों का आरोप है कि बाजार मूल्य से ज्यादा दर निर्धारित कर सब्सिडी का लाभ उन्हें दिया जाता है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को आश्वस्त किया है कि अब ऐसा नहीं होगा। इसके साथ ही विभाग के द्वारा दिए जाने वाले पशु का रेट चार्ट भी सार्वजनिक किया जाएगा। विभाग पशु धन योजना को लेकर किसानों के लिए कैलेंडर जारी करेगी। इस कैलेंडर में योजना से संबंधित सभी तरह की जानकारी उपलब्ध रहेगी। किसानों ने उत्तर प्रदेश ट्ठ बिहार से लाए जाने वाली गाय की मृत्यु दर अधिक होने की शिकायत मंत्री से की। किसानों ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से लोकल गाय उपलब्ध कराने का आग्रह किया। किसानों ने गोकुल भवन की संख्या बढ़ाने की मांग की है। ताकि दूध कलेक्शन की मात्रा को बढ़ाया जा सके। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों से विभाग के द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने को कहा है . प्रशिक्षण प्राप्त किसानों को विभाग की योजनाओं का लाभ लेने और रोजगार के अवसर प्राप्त करने में ज्यादा मदद मिलेगी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार सी ओ चंचला कुमारी विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव होसे उरांव समीम अख्तर तबारक खान सरिता तिग्गा अमानत अंसारी जुवेल तिग्गा बेलस टोप्पो प्रकाश तिग्गा सेरोफीना मिंज जुलयुस रसीद अंसारी समसुल अंसारी रामबिलास बिनोद खलखो छोटन उरांव के आलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चौकीदार नियुक्ति हेतु 18 दिसंबर को होगा दौड़ का आयोजन, सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया के तहत 18 दिसंबर 2024 को बिरसा कॉलेज के फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होने वाले दौड़ को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आज उपायुक्त लोकेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने मौके पर पहुंच तैयारियों का जायजा लिया एवं प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं कोच को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों को सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ ससमय दौड़ प्रक्रिया सम्पन्न कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि दौड़ प्रक्रिया ससमय प्रारंभ हो एवं आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मौके पर मेडिकल टीम, पेयजल, चलंत शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एव कोच उत्तरदायित्व पूर्ण पूरी निष्पक्ष होकर पारदर्शी तरीके से अपने कार्यों का निर्वहन करें। सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ दौड़ प्रक्रिया सम्पन्न कराएं। इस मौके पर में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूँटी, सभी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, कोच समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खेल एवं पर्यटन विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक कर उपायुक्त ने दिये आवश्यक निर्देश



**खूँटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में खेल एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज समाहरणालय खूँटी के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा खेल एवं पर्यटन विभाग की संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उक्त विभागों द्वारा संचालित कार्यों का उपायुक्त ने बिंदुवार समीक्षा किया। खेल विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य रूप से कमंता इंडोर स्टेडियम, ब्लॉक लेवल स्टेडियम, सिदो कान्हू युवा खेल क्लब रजिस्ट्रेशन समेत अन्य विषयों पर उपायुक्त द्वारा समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी द्वारा खेल विभाग अंतर्गत अन्य संचालित योजनाओं एवं कई टूर्नामेंट की भी जानकारी साझा किया। उपायुक्त ने सरकार के निर्देशानुसार योजनाओं को पूर्ण कराने एवं टूर्नामेंट आदि के आयोजन के संबंध में निर्देश दिया, जिससे जिले के खिलाड़ियों को समस्या न हो। पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पेरवाघाघ जलप्रपात में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण एवं विद्युतीकरण, डोम्बारीबुरु में निर्माणाधीन कार्य की समीक्षा, रीमिक्स जल प्रपात में सीढ़ी का निर्माण, पंचघाग जल प्रपात में शौचालय नवीकरण करने एवं रानी जल प्रपात में शौचालय नवीकरण का निर्देश दिया गया। वहीं पूर्व से संचालित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला पर्यटन पदाधिकारी, जिला खेलकूद पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक सम्पन्न



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभागार में आज उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा 2024-25 के आयोजन के लिए परीक्षा केन्द्रों के चयन हेतु चयन समिति की बैठक की गई। बैठक में समिति के सदस्यों संग परीक्षा केंद्रों के चयन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। समिति द्वारा सर्वसम्मति से 2 नए परीक्षा केंद्र यथा लोधमा एवं गनलोया उत्क्रमित विद्यालय में बनाने का निर्णय लिया गया, साथ हीं जिले में कुल 27 परीक्षा केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया। जिससे छात्र छात्राओं को समस्या न हो। इस बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि खूँटी,

## देश हित में है एक देश एक चुनाव : संजय सेठ

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज लोकसभा में एक देश एक चुनाव बिल पास होने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बधाई दी है। मंत्री संजय सेठ ने कहा यह बिल देश हित में है। हर 5 साल में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव होते हैं। वही देश में हर साल अलग-अलग समय पर विधानसभा चुनाव होते हैं। एक समय चुनाव होने पर देश के राजकोष की बचत होगी। चुनाव के समय राज्यों में आचार संहिता लागू हो जाते हैं। परिणाम आने तक यह लागू रहता है। ऐसे में विकास परियोजनाओं में देरी होती है एक देश एक चुनाव से विकास कार्य में इसका फायदा होगा। चुनाव के समय सरकारी काम में भी व्यवधान होता है। ऐसे में साल में एक ही बार में इस तरह की आवश्यकता पड़ेगी और विकास कार्य में रुकावट नहीं आएगी इसलिए एक देश एक चुनाव देश के हित में है।

## 54 वर्षीय युवक का ट्रेन से गिरकर मौत

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी गोला रेलखंड पर उरंगाढ़ा रेलवे पुल पर से मंगलवार को एक 54 वर्षीय युवक ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कामडारा निवासी प्रदीप राम उम्र 54 वर्ष अपने पत्नी के साथ साहिबगंज से रांची ट्रेन से जा रहा था। अचानक ट्रेन पर से पुल के नीचे गिरने से प्रदीप राम की मौत हो गई। पत्नी ने बताया की मृतक का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। मुरी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे ने विधानसभा अध्यक्ष को दी शोक संवेदना

**नाला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे ने झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो से मुलाक़ात कर उनके पिताजी के देहांत पर शोक संवेदना व्यक्त की और उनकी आत्मा को शांति की प्रार्थना की। इसके बाद, उन्होंने नाला प्रखंड क्षेत्र की टेसजुरिया पंचायत के भंडारबेड़ा मोड पर सभी कार्यकर्ताओं और जनता से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने विकास कार्यों और पंचायती राज के मुद्दों पर चर्चा की। मौके पर पंकज झा, मीमरन मिस्त्री, कालू अली शेख, फटिक मौजूद थे। उन्होंने पत्रकार के साथ बातचीत करते हुए कहा कि हम इस क्षेत्र में घूमे हैं और घूम कर हमको नजर अंदाजा लगा कि यहां के जो स्थानीय विधायक रवींद्रनाथ महतो हैं उन्होंने बहुत सारे विकास कार्य किए हैं और आगे भी हमारा भी नजर रहेगी जो नाला विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य में तेजी हो सके।

## विंदापाथर भाजपा मंडल में संगठन महापर्व अभियान को लेकर बैठक हुई

**नाला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विंदापाथर भाजपा मंडल में संगठन महापर्व अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ओम् प्रकाश यादव ने की, और मुख्य रूप से नाला विधानसभा के भाजपा के प्रत्याशी माधव चंद्र महतो मौजूद रहे।संगठन महापर्व अभियान को लेकर चर्चा हुई। नाला विधानसभा के भाजपा के प्रत्याशी माधव चंद्र महतो ने कहा आगामी चुनावों के लिए तैयारी करने पर जोर दिया गया।पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा हुई।कार्यकर्ताओं को पार्टी के उद्देश्यों और नीतियों के बारे में जानकारी दी गई।क्षेत्रीय मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा हुई और उनके समाधान के लिए योजनाएं बनाई गई। आगामी चुनावों के लिए तैयारी करने के लिए एक समिति का गठन किया गया। पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए एक योजना बनाई गई।कार्यकर्ताओं को पार्टी के उद्देश्यों और नीतियों के बारे में जानकारी देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## बन्हे में वन भूमि मापी को लेकर फॉरेस्ट अधिकारियों को ग्रामीणों ने लौटाया वापस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अंतर्गत बन्हे राजस्व गांव में सोमवार को अचानक बड़कागांव वन प्रक्षेत्र के अधिकारियो के दल बल के साथ बन्हे गांव पहुंचे और वृक्षारोपण के लिए वन प्रक्षेत्र की भूमि की मापी करने लगे।इस मापी का विरोध करते हुए गांव के ग्रामीणों ने उक्त अधिकारियों से नियम कानून को ताक में रखकर वन पदाधिकारियों द्वारा बिना ग्राम सभा के वन प्रक्षेत्र में वृक्षारोपण किए जाने से संबंधित भूमि मापी का तीव्र विरोध करते हुए भूमि मापी स्थल से अधिकारियों को बैरंग वापस लौटा दिया गया।इस दौरान बड़कागांव वन प्रक्षेत्र अधिकारियो और ग्रामीणों के बीच वृक्षारोपण को लेकर वन क्षेत्र भूमि मापी का जोरदार विरोध किया गया। इसके फल स्वरुप वन अधिकारियों एवं ग्रामीणों में काफी वाद विवाद बढ़ गया। इधर वन पदाधिकारियो ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वन प्रक्षेत्र की भूमि पर पांच छह किस्म के पौधे लगाने की बात ग्रामीणों से करते रहे।लेकिन बन्हे के ग्रामीणो ने यह कहते हुए मना किया कि फॉरेस्ट द्वारा पौधे लगाने से जानवर भी इस पौधे को नहीं खाते और ना ही मानव जीवन के लिए यह उपयोगी पौधा है। इसीलिए प्राकृतिक द्वारा फलदार एवं जन उपयोगी पौधे ही लगाए जाए।इधर ग्रामीणो ने वन अधिकारियों को वन पालन समिति का गठन कर समिति के माध्यम से वन प्रक्षेत्र में पेड़ लगाने की बात कही।जिसमे ग्रामीणो द्वारा ही समिति के माध्यम से उपयोगी पौधे लगाए जाए।

## बचरा उतरी के जन वितरण प्रणाली दुकान में 156 कार्डधारियो के बीच धोती साड़ी और लूंगी का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के अंतर्गत आने वाले सीता महिला मंडल जन वितरण प्रणाली की दुकान मे मंगलवार को कार्डधारियो के बीच धोती साड़ी एवं लूंगी के साथ अनाज का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने कुल 156 कार्डधारियों के बीच धोती साड़ी लूंगी एवं अनाज का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार के सौजन्य से गरीबों को अनाज के साथ-साथ पहनने के लिए कपड़ा भी दिया जा रहा है,जिसके तहत कार्डधारियो के बीच धोती साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया जा रहा है।धोती साड़ी एवं लूंगी के साथ अनाज पाकर लाभुक भी काफी खुश नजर आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ पंचायत के प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचाया जाएगा।मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने पंचायत के सभी कार्डधारियो से जल्द अपने-अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली की दुकान जाकर जल्द से जल्द केवाईसी कराने की अपील की।इस मौके पर मुखिया गुंजन कुमारी सिंह,दुकान की संचालिका सीता देवी,सीटू महतो, सुरेश महतो,रिमन महतो,झुना महतो, कौशल्या देवी,अनीता देवी, संगीता देवी, लक्ष्वा देवी,मैना देवी, शकुंतला देवी सहित काफी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं जनजाति मॉनिटरिंग समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा कुमुद सहाय की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण), अधिनियम, 1989 अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता सह मॉनिटरिंग समिति की बैठक आहूत की गई।आहूत बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम एवं नियम के तहत प्राप्त कुल 4 मामलों को समिति के समक्ष विचार विमर्श के लिए रखा गया। समिति के द्वारा सभी मामलों पर बारी बारी से समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्राप्त सभी प्रस्तावों का अनुमोदित करते हुए सभी मामलों में मुआवजा राशि के 25 प्रतिशत यानी 25 हजार रुपए पीड़ित/वादी/वादिनी को नियमानुसार भुगतान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा पीड़ितों को ससमय मुआवजा भुगतान करने सहित अन्य बिंदुओं पर विमर्श कर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए जुगनू मिंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जामताड़ा विकास आनंद लांगुरी, माननीय मंत्री, निजी सचिव, विधायक प्रतिनिधि जामताड़ा एवं नाला सहित समिति के सभी सदस्य एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

## ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस जामताड़ा जिला इकाई की जुम मीटिंग की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस जामताड़ा जिला इकाई की जूम मीटिंग के माध्यम से सोमवार रात्रि 8ः00 बजे एक बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला महासचिव मो अलीमुद्दीन अंसारी ने किया। मोके पर ठंड और शीतलहरी को देखते हुए जरूरतमंदों को चिन्हित कर कंबल देने की बात फाइनल की गई। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष हाफिज नाजीर हुसैन ने कहा 16,500 रुपया साथियों के सहयोग से अब तक जमा हो चुका है जिसमें से कंबल खरीदने के लिए 10,000 दुकान में जमा किया जा चुका है बाकी पैसा सुरक्षित है। वहीं जिला उपाध्यक्ष मो रफीक अंसारी ने कहा कि मद्रसों का जायजा लेकर पढ़ने वाले गरीब जरूरतमंद बच्चों को कंबल पहुंचा देना ज्यादा बेहतर होगा। कास्ता पंचायत के पूर्व मुखिया शेख मुश्ताक ने कहा जितना जल्दी हो सके जॉइंट एकाउंट खुलवा लिया जाए ताकि सहयोग राशि भेजने वाले को आसानी होगी। वहीं मीडिया प्रभारी सद्दाम हुसैन ने बताया कि मद्रसों में तालीम का मुआईना करना चाहिए पढ़ने वाले बच्चों का वक्त खराब ना हो दीनी मजहबी पढ़ाई के साथ स्कूल की तालीम नहीं छुटनी चाहिए। प्रदेश सचिव कुरेश अंसारी ने कहा सहयोग राशि भेजने वाले सभी का शुक्रिया जिन्होंने भेजने का इरादा किया है वह जल्द क्यूआर कोड के माध्यम से भेज दें और स्क्रीनशॉट ग्रुप में जरूर डाल दिया करें। वहीं प्रदेश महासचिव डॉ नबी अख्तर ने कहा कि जिले के सभी मद्रसों में जाना चाहिए गरीब बच्चे पढ़ते हैं जिनके गर्जन नहीं है उन्हें कंबल ब्लैंकेट आदि पहुंचना है। अधिवक्ता रिजवान उल हक अंसारी ने कहा जनहित की मुद्दों को लेकर जनप्रतिनिधियों को संज्ञान में जितना जल्द हो दे देना चाहिए। जूम मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे जिला महासचिव मो अलीमुद्दीन अंसारी ने कहा सरकार तक आवाज हमारी पहुंचने चाहिए पूर्व कि सरकार ने आलिम और फाजिल के एग्जाम को यूनिवर्सिटी से करने की बात कही थी इस पर अब तक अमल नहीं हो पाया है (मौलाना मजहरूल हक अरबी फारसी यूनिवर्सिटी) बिहार के तर्ज पर झारखंड में एक यूनिवर्सिटी का निर्माण होना चाहिए। मीटिंग का संचालन प्रदेश सचिव मौलाना अब्दुर रकीब अंसारी द्वारा अंजाम दिया गया। उक्त मीटिंग में अधिवक्ता मोइनुद्दीन खान, मौलाना मो शराफत, पत्रकार शमीम अंसारी, पत्रकार शहादत अली,अमजद अंसारी, मास्टर सईद आलम, दिलदार अंसारी आदि ने शिरकत किया।

## राजकीय मध्य विद्यालय बचरा में 158 बच्चों के बीच किया गया स्कूल बैग का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय बचरा में सादे समारोह आयोजित कर 158 स्कुली बच्चों के बीच स्कुली बैग एंव पाठय सामाग्री का वितरण किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी ने सभी बच्चों के बीच बैग एंव पाठय सामाग्री का वितरण किया।इस दौरान उन्होंने स्कूल के मध्यान भोजन और बच्चों की साफ सफाई एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों की पढ़ाई की जांच की।साथ ही बच्चों के बेहतर पढ़ाई को लेकर शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।इस संबंध में मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत बच्चों के बीच स्कूली बैग एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है।झारखंड सरकार द्वारा मिलने वाले सामाग्री को पारदर्शिता के साथ उनके अभिभावको की उपस्थिति में बच्चों के बीच वितरण किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि बच्चों को मिलने वाली सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को निर्धारित समय पर प्रत्येक दिन स्कूल भेजने अपील की।इस मौके पर मुख्य रूप से स्कूल की प्रधानाध्यापक सुमित्रा कुमारी,समाजसेवी किशन कुमार सिंह,शिक्षक संतोष कुमार,शिक्षिका मीरा कुमारी सहित स्कूल के सभी बच्चे शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## हिलिओस का विस्तार, बिष्टुपुर में लॉन्च किया पांचवां स्टोर




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत की प्रमुख प्रीमियम मल्टी-ब्रांड वॉच रिटेल चेन टाइटन कंपनी लिमिटेड के प्रीमियम वॉच स्टोर हिलिओस ने बिष्टुपुर में अपना पांचवां स्टोर लॉन्च किया। पूर्वी क्षेत्र में यह 39वां स्टोर है, जो झारखंड में कंपनी के विस्तार का महत्वपूर्ण कदम है। 1000 वर्गफीट में फैले इस स्टोर का उद्घाटन पूर्वी क्षेत्र के रीजनल बिजनेस हेड सोमप्रभ सिंह ने किया। इस अवसर पर झारखंड के आरबीएम उपल सेनगुप्ता और एबीएम विशाल गुप्ता भी उपस्थित रहे। यह नया स्टोर विश्व स्तरीय वॉच ब्रांड्स जैसे टाइटन, मोवाडो, सिटिजन, विक्टोरीनॉक्स, अरमानी एक्सचेंज, केसिओ, जी-शॉक, फॉसिल, टॉमी, स्वरॉस्की आदि का बेहतरीन कलेक्शन उपलब्ध कराएगा। ग्राहकों को क्लासिक, फैशनेबल और स्पोर्ट्स वॉच की विस्तृत रेंज यहां मिलेगी। रीजनल बिजनेस हेड श्री सोमप्रभ सिंह ने कहा, बिष्टुपुर में पांचवें स्टोर का लॉन्च हमारे उपभोक्ताओं के समर्थन और भरोसे का परिणाम है।

## नेटवर्क18 ने 'ग्रीन भारत' कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का किया सफल आयोजन




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के अग्रणी मीडिया हाउस, नेटवर्क18 ने अपने वार्षिक कॉन्क्लेव ग्रीन भारत के पहले संस्?करण का आयोजन सफलता पूर्वक पूरा किया। इस कॉन्क्लेव का आयोजन भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के साथ मिलकर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ईवी के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक लाभों के बारे में बात करते हुए टिकाऊ परिवहन के लिए भारत में बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ना और साथ ही ईवी के व्यापक रूप से अपनाने की राह में बाधा डालने वाली चुनौतियों से निपटना है। सम्मानित अतिथियों में नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री और पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में बोलते हुए, नितिन गडकरी ने जोर देते हुए कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हरित परिवहन क्षेत्र में अविश्वसनीय प्रगति हासिल की है। भारत के सतत भविष्य के लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण ने हमें सही रास्ते पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है, और हमें अभी बहुत लंबी यात्रा तय करनी है।

## झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित




**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा प्रखंड के ज्वालकाटा स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में मंगलवार को हंस फाउंडेशन के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 46 किशोरियों की स्वास्थ्य जांच कर दवाई दी गई। उपस्थित डॉक्टरों ने बताया कि अगला स्वास्थ्य जांच शिविर 30 दिसंबर को प्राथमिक विद्यालय तारासपुर मे आयोजित किया जायेगा। जिसमें नेत्र जांच की जायेगी। उन्होंने अधिक संख्या में ग्रामीणों को शामिल होने की अपिल की। इलाज निःशुल्क किया जाएगा। मौके पर डॉ सामिन अहमद, एएनएम रिया राऊत, रोहित कुमार, तापस पाल और वार्डन गुरूवारी हांसदा आदि उपस्थित थे।

## ग्रीनफील्ड संस्कारशाला का स्पोर्ट्स डे आयोजित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्रीनफील्ड संस्कारशाला, सोनारी कदमा ने जॉगर्स पार्क, सोनारी में अपने वार्षिक खेल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस और अनुशासन का विकास करना था। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य मार्च पास्ट से हुई, जिसमें बच्चों ने अनुशासन और एकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ललिता ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में खेलों के महत्व और उनके जीवन में योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यालय की प्रधानाचार्या एकता अग्रवाल ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक विकास और आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर दौड़, रिले रेस, माला दौड़ और बस दौड़ प्रमुख थीं। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें 140 छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने शिरकत की।

## नव ज्योति विद्या मंदिर में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नव ज्योति विद्या मंदिर, जगन्नाथपुर गम्हरिया में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से कक्षा नौ तक के काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा मार्च पास्ट के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर अतिथि के रूप में झारखंड ताइक्वांडो अकादमी के निदेशक रविशंकर, राधेश्याम ट्रस्ट के अध्यक्ष यूएन श्रीवास्तव और संजय पांडे उपस्थित थे। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के खेलों में बच्चों ने बड़े ही उत्साह से अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय के सचिव डॉ संजीव श्रीवास्तव, प्राचार्य अनामिका श्रीवास्तव समेत अभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे उपस्थित थे।

## झारो टेफ प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दशरथ गागराई दी बधाई



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधानसभा क्षेत्र से लागातार तीसरी बार प्रचंड जीत पर मंगलवार को झारो टेफ प्रतिनिधि मंडल जिला इकाई की ओर से खरसावां विधायक दशरथ गागराई के आवास पहुंचकर जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी, साथ ही पांच स्थानीय अवकाश में से तीन उपयोग किया गया है। दो अवकाश 23 एवं 24-12-2024 के लिए विधायक दशरथ गागराई को मांग किया गया। वहीं विधायक दशरथ गागराई ने जल्द ही शिक्षकों की स्थानीय अवकाश का उपायुक्त से बात कर पूरा करने का आश्वासन दिया गया। वहीं विधायक दशरथ गागराई ने झारो टेफ प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों का अभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, प्रांतीय सोशल मीडिया प्रभारी राकेश कुमार महतो, जिला कोषाध्यक्ष हरिकृष्ण महतो, जिला संयुक्त सचिव मनमोहन कुमार, जिला उपाध्यक्ष नारायण कुमार मंडल, जिला संरक्षक बासुदेव राम, कुचाई प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी शांतनु कुइला,सक्रिय सदस्य कौशिक दास,रामप्रताप पांडे,विजय दास आदि उपस्थित थे।

# सोनू सरदार हत्या में 5 अपराधी गिरफ्तार, मास्टर माइंड सहित दो अन्य पुलिस गिरफ्त से बाहर

**- घटना में प्रयुक्त हथियार, गोलियां और वाहन बरामद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिले के गम्हरिया थाना अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय, बड़डीह में बीते शुक्रवार की रात पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सोनू सरदार की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य सूत्रधार बीरबल सरदार और एक अन्य आरोपी लक्खीचरण नायक अब भी फरार हैं। पुलिस की एसआईटी टीम ने त्वरित कार्रवाई कर घटना में प्रयुक्त हथियार, गोलियां और वाहन बरामद कर लिए हैं। इस बाबत एसपी मुकेश लुनायत ने प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए बताया कि बीते 13-14 दिसंबर की रात अज्ञात अपराधियों ने यशपुर पंचायत की मुखिया के पति और पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सोनू सरदार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद गम्हरिया थाना कांड संख्या 135/2024 के तहत मामला दर्ज कर एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों



में आशीष गोराई (25) - गांजिया, गम्हरिया, विश्वजीत नायक (24) - गांजिया मेन रोड, अनिल सरदार उर्फ गोंदी (25) - बड़डीह, गम्हरिया, आनंद दास (44) - राजगांव, गम्हरिया और सुरज मार्डी (27) - बड़डीह, गम्हरिया शामिल है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त लोडेड पिस्टल मैगजीन के साथ 7.65 एमएम के 4 जिंदा कारतूस, पिस्टल का एक खाली मैगजीन, एक लोडेड देशी कट्टा, देशी कट्टा का एक जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे ( संख्या- जेएच05सीएन/2535), होंडा शाइन एसपी ( संख्या- जेएच05बीपी 3951) और होंडा डियो स्कूटी ( संख्या- जेएच05सीएक्स/47101) बरामद किया गया है। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि बीरबल सरदार इस घटना का मुख्य सूत्रधार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आशीष गोराई का गम्हरिया थाना कांड संख्या 29/2019 धारा 447/341/323/379/385/427/34 आईपीसी के तहत पहले भी मामला दर्ज है। गिरफ्तारियों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर सवैया के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम ने अहम भूमिका निभाई। उक्त टीम में गम्हरिया, आदित्यपुर, आरआईटी थाना के पुलिसकर्मी और तकनीकी शाखा के सदस्य शामिल थे। प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद और भी खुलासे होने की संभावना है। उन्होंने जनता से अपील की गई है कि अपराधियों की सूचना पुलिस को देने और किसी प्रकार के असामाजिक गतिविधियों से बचने की अपील किया है।

## जमशेदपुर महानगर इंटक की बैठक में नव मनोनीत सदस्यों को सौंपा गया मनोनयन पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महानगर इंटक कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष राजेश सिंह 'राजू' के अध्यक्षता मे टिनप्लेट यूनियन कार्यालय मे सम्पन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश इंटक अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय उपस्थित हुए। प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा संध्या दास को जमशेदपुर महानगर के महासचिव, नमिता सिंह को जमशेदपुर महानगर संयुक्त महासचिव, सुनील कुमार को संयुक्त महासचिव, लालू सरदार को जमशेदपुर महानगर के सचिव के पद का मनोनयन पत्र सौपा गया। बैठक को राकेश्वर पाण्डेय के आलावा राजेश सिंह



'राजू' टिनप्लेट यूनियन के महामंत्री मनोज सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट परविंदर सिंह सोहल, वरिष्ठ इंटक नेता अरुण कुमार सिंह ने भी सम्बोधित किया।

बैठक मे मुख्य रूप से जमशेदपुर महानगर उपाध्यक्षङ्कअरुण त्रिपाठी, संतोष सिंह, चंदा सिंह राजपूत, देव कुमार, महासचिवङ्करवि शंकर झा, चांदनी तिवारी, उपेंद्र सिंह, सचिवङ्कमनोज करुआ, अभय राय, देवेंद्र जग्गी, मनीष सिन्हा, नंदनी सामंत, राकेश मुखी आदि काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन चंदा सिंह राजपूत के द्वारा दिया गया।

## आदित्यपुर में श्याम भटली परिवार के कीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम भटली परिवार जमशेदपुर द्वारा आदित्यपुर जयप्रकाश उद्यान स्थित स्काई रेजिडेंसी में आयोजित बाबा श्याम के कीर्तन महोत्सव में देर रात तक श्रद्धालुगण झूमते रहे। इस कीर्तन के यजमान क्रमशः सूरज भदानी, मनीष सिंघानिया, राहुल अग्रवाल, अनिकेत अग्रवाल, दैविक गुप्ता और तरुण डोकानिया सह पत्नी शामिल होकर पूजा की। पंडित रामजी पारिक ने पूजा करायी तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा। बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया था। ज्योत प्रज्जवलित होने के बाद श्री गणेश वंदना से भजनों का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। आमंत्रित कलाकारों में बन्टी चंगील, मोनी शर्मा, रोहित



गुलाटी और प्रेरणा शर्मा ने कीर्तन में अपनी सुमधुर प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। कलाकारों द्वारा बाबा श्याम के चरणों में की गयी भजनों की अमृत वर्षा ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बाबा श्याम के भजनों की रसधार में श्रद्धालु खुब झूमे। मौके पर भजन गायकों ने बांस की बांसुरी पर घनो इतरवा..., शरण तुम्हारी जो मिल गयी हैं सांवरे..., मेरा सांवरिया बड़ा दिलदार निकला..., श्याम धणी को आयो रे बुलावा...., श्याम तेरे भरोसे मेरा परिवार..., सांवली सूरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया.... काली कमली वाला मेरा यार हैं...., कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो हैं..., लाखों पापी तार दिये सुनते हैं सरकार... आदि भजनों की प्रस्तुति दी।

# सरायकेला पुलिस ने 70 बाईक के साथ चार शातिरों चोरों को दबोचा

**- दलभंगा ओपी क्षेत्र से चल रहा था इंटर डिस्ट्रिक्ट रैकेट**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** खरसावां पुलिस ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. जहां एसपी मुकेश कुमार लुणायत द्वारा गठित एसआईटी ने दलभंगा ओपी क्षेत्र से अंतर्गजिला मोटरसाइकिल गिरोह का खुलासा करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. इतना ही नहीं पुलिस ने इनके पास से चोरी के कुल 70 मोटरसाइकिल बरामद किए हैं जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है. झारखंड में इससे पहले इतनी बड़ी रिकवरी कहीं नहीं हुई थी। मजे की बात यह है कि इससे पूर्व अब तक की सबसे बड़ी रिकवरी जमशेदपुर में अगस्त 2022 में हुई थी. जहां तत्कालीन ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुनायत ही थे जो वर्तमान में सरायकेला के एसपी है. यह रिकवरी कोवाली में हुई थी. जहां पुलिस ने चोरी के 67 मोटरसाइकिल रिकवर किए थे. पुलिस की गिरफ्त में आए अभियुक्तों में शंकर माझी उर्फ संदीप,भूषण मछुआ,शिव मुंडा उर्फ शिबू मुंडा और मंगल मुंडा शामिल है. इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना क्षेत्र के तीन मोटरसाइकिल चोर कुचाई बाजार में मोटरसाइकिल चोरी करने आने वाले हैं. एसआईटी द्वारा प्राप्त



सूचना का सत्यापन करते हुए शंकर माझी उर्फ संदीप और भूषण मछुआ को चोरी के मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया. पूछताछ के क्रम में शंकर माझी एवं भूषण मछुआ द्वारा स्वीकार किया कि उनके द्वारा सरायकेला जिले के अलावा रांची, चाईबासा,खूंटी एवं जमशेदपुर जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के हाट-बाजार एवं मेला से विगत कुछ वर्षों में 100 से अधिक मोटरसाइकिल की चोरी किए हैं. चोरी की गई मोटरसाइकिल को बेचने के लिए शिव मुंडा और मंगल मुंडा को देते हैं. पूछताछ में शिव एवं मंगल मुंडा ने बताया कि कुचाई दलभंगा एवं अड़की थाना क्षेत्र के ग्रामीणों को बाद में गाड़ी संबंधित कागजात देने की बात बोलकर सभी गाड़ियों के बेचा जाता है. जिसके त्वरित कार्रवाई करते हुए इस सूचना के आधार पर शिव मुंडा एवं मंगल मुंडा को गिरफ्तार किया गया एवं इन लोगों के निशानदेही पर उनके घर एवं जंगल में छुपा कर रखे कुल 30 मोटरसाइकिल बरामद किया गया. एसपी ने बताया कि इन मोटरसाइकिलों को इनके द्वारा निकट भविष्य में बेचने की योजना थी. अनुसंधान के क्रम में छापेमारी दल द्वारा चोरी के 39 मोटरसाइकिल बरामद किए गए. एसपी ने बताया कि इस बरामद की से सरायकेला,रांची, जमशेदपुर, खूंटी एवं चाईबासा जिले के कुल 25 कांडों का उद्भेदन हुआ है. सभी जप्त मोटरसाइकिल का सत्यापन किया जा रहा है. जिससे दर्जनों कांड के उदभेदन होने की संभावना है. एसपी ने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से बगैर पर्याप्त दस्तावेज किसी भी अनजान व्यक्ति से वहन ना खरीदने की सलाह दी है. एसआईटी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला समीर सवैया,चांडिल इंस्पेक्टर अजय कुमार,कुचाई थाना प्रभारी नरसिंह मुण्डा,खरसवां थाना प्रभारी गौरव कुमार,नीमडीह थाना प्रभारी संतन तिवारी,चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो,दलभंगा ओपी प्रभारी रविन्द्र मुण्डा,सिनी ओपी प्रभारी राजेन्द्र कुमार,पुअनि.डील्सन बिरुआ,विनोद टुडु,रविकांत परासर, कुंजल,विनोद मांझी,दलभंगा, रासबिहारी यादव,कुचाई थाना में प्रतिनियुक्त सैट सशस्त्रबल एवं दलभंगा ओपी में प्रतिनियुक्त सैट सशस्त्रबल शामिल थे।

## आदिम डेवलपमेंट सोसायटी का रक्तदान शिविर 22 दिसंबर को कुबेर ढाबा में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** आदिम डेवलपमेंट सोसायटी की बैनर तले आगामी 22 दिसंबर को संताली भाषा दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर का आयोजन एनएच 33 पर स्थित सैफरॉन रेस्टोरेंट के समीप स्थित कुबेर ढाबा (ओल्ड गिरधारी होटल) में किया जाना है। मंगलवार को कुबेर ढाबा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सोसायटी के सचिव बाबूराम सोरेन ने जानकारी देते हुए बताया कि आदिम डेवलपमेंट सोसायटी और



जमशेदपुर ब्लैड सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में पहली बार सोसाइटी द्वारा रक्तदान का शिविर आयोजन किया जा रहा है जिसे लेकर हम सभी उत्साहित है। वहीं उन्होंने चांडिल सहित आसपास के लोगों से अपील की कि उक्त रक्तदान शिविर में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। प्रेस वार्ता में मौजूद 76वें बार रक्तदान कर चुके 40 वर्षीय राजेश बेसरा ने कहा कि 18 वर्ष के युवाओं से लेकर वयस्क पुरुषों को अधिक से अधिक बार रक्तदान शिविर करना चाहिए इससे न केवल दिल की बीमारी बल्कि अन्य सभी रक्त संबंधी बीमारी ठीक होते हैं।

## हुल्लाडेक ग्रीनोवेशन 2024 प्रतियोगिता का विजेता बना लोयोला स्कूल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग ने अपने वार्षिक कार्यक्रम, हुल्लाडेक ग्रीनोवेशन 2024, का आयोजन 16 दिसंबर, 2024 को कुडी महंती ऑडिटोरियम में किया गया। यह अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने और छात्रों को एक स्थायी भविष्य के लिए अभिनव समाधान तलाशने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन की गई थी। इस वर्ष के आयोजन का विषय, सीओपी29 को समझनाः जलवायु कार्रवाई के लिए वैश्विक समाधान,था। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों स्थिरता और जलवायु कार्रवाई पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। इस अवसर पर जीजू थॉमस, वरिष्ठ प्रबंधक, जेईएम फाउंडेशन, नविता प्रसाद, भूतपूर्व अध्यक्ष, इनर व्हील क्लब, अर्जुन सिंह गिल, मुख्य व्यवसाय अधिकारी,



हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग उपस्थित थे। कार्यक्रम में शहर भर से कुल 10 स्कूलों ने भाग लिया, जिन्होंने वैश्विक जलवायु चुनौतियों के लिए अपने रचनात्मक विचारों और समाधानों का प्रदर्शन किया। हुल्लाडेक ग्रीनोवेशन 2024 में प्रथम स्थानः लोयोला स्कूल, द्वितीय स्थानः लिटिल फ्लावर स्कूल और तीसरा स्थानः केरल समाजम मॉडल स्कूल को दिया गया।

# आठवां श्रीनाथ अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी महोत्सव 20 से, शिक्षा संस्कृति एवं सृजन का वैश्विक संगम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान श्रीनाथ विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के भव्य परिसर में 20, 21 एवं 22 दिसंबर, 2024 को आठवां श्रीनाथ अंतर्राष्टीय हिन्दी महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। उक्त जानकारी श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुखदेव महतो ने प्रेस वार्ता में दी। इस वर्ष महोत्सव का थीम चंद्र बिंदु है। उन्होने बताया कि यह महोत्सव न केवल हिन्दी भाषा और साहित्य का उत्सव है, बल्कि यह संस्कृति, सृजन और शिक्षा के वैश्विक मंच पर हिन्दी के महत्व को स्थापित करने का एक समर्पित प्रयास भी है। तीन दिवसीय महोत्सवः एक विविधता भरा अनुभव महोत्सव के तीन दिनों में साहित्य, प्रशासन, न्याय और कला के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों के साथ संवाद और विचार-विमर्श का अनोखा अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया,

**पहला दिनः** साहित्यिक और अकादमिक संवाद होगा जिसमें सुश्री दिव्या माथुर, 'वातायन - यू.के.' की संस्थापक और रॉयल सोसाइटी ऑफ आर्ट्स की फ़ेलो, प्रो. कुमुद शर्मा, विभागाध्यक्ष हिन्दी, दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ. सदानंद शाही के सेवानिवृत्त प्राध्यापक हिन्दी विभाग, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,




वाराणसी, डॉ. प्रभाकर, प्राध्यापक हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, और श्रीमती मोर्जुम लोयी, सहायक प्राध्यापक हिन्दी विभाग, बिनी यांगा शासकीय महिला महाविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित करेंगे।

**दूसरा दिन :** प्रशासनिक अनुभव जिसमें रविशंकर शुक्ला, उपायुक्त, सरायकेला-खरसावां, अनन्य मित्तल, उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, मुकेश कुमार लुणायत, पुलिस अधीक्षक, सरायकेला-खरसावां और प्रभात कुमार, पुलिस अधीक्षक, पाकुड़, कार्यक्रम में भाग लेंगे।

**तीसरा दिन :** न्यायिक क्षेत्र की अंतर्दृष्टि जिसमें उच्च न्यायालय, झारखंड के न्यायमूर्ति आनंदा सेन और सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली की अधिवक्ता सीमा समृद्धि कुशवाहा मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

हर वर्ष की तरह इस बार भी प्रतियोगिताएं हिन्दी की सृजनात्मकता और विविधता को प्रदर्शित करेंगी। पारंपरिक प्रतिस्पर्धाओं जैसे–हास्य कवि सम्मेलन, लघु नाटिका, वाक चातुर्य और लिखो कहानी–के साथ नई प्रतिस्पर्धाओं को जोड़ा गया है। इस बार ब्लॉग लेखन, नुक्कड़ नाटक, स्टार्टअप श्रीनाथ, और लोरी लेखन जैसी प्रतियोगिताएं प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने का मौका देंगी। विशेष रूप से, स्टार्टअप श्रीनाथ युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करेगा, जबकि ब्लॉग लेखन डिजिटल युग में हिन्दी की भूमिका को प्रोत्साहित करेगा। इस वर्ष का महोत्सव तकनीकी नवाचारों के साथ आयोजित किया जा रहा है। सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और वर्चुअल माध्यमों के जरिये देश-विदेश से हिन्दी प्रेमी महोत्सव में भाग ले सकेंगे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



विचार प्रवाह

संपादकीय

## पुरुष उत्पीडऩ का सच

**यह** कैसा दौर है? कैसे रिश्ते हैं? वैवाहिक संबंध बेचे जा रहे हैं? पुरुष उत्पीडऩ का नया तबका बन गया है। पुरुष एटीएम बनता जा रहा है। स्त्री-पुरुष अब सामाजिक, मानसिक पूरक नहीं, बल्कि संबंधों के बाजार की दो वस्तुएं हैं। लैंगिक विभेद की व्याख्याएं अधूरी और आग्रही हैं। यह कैसा समाज बन गया है, जहां सिर्फ स्त्री और पुरुष हैं, कोई सामाजिक रिश्ता नहीं है। रिश्ते दरक रहे हैं, तो परिवार टूट रहे हैं और आपसी सम्मान भी विलुप्त हो रहे हैं। हमने ऐसा पश्चिमी देशों के संदर्भ में सुना था, लेकिन अब भारतीय संस्कृति में भी संबंधों और मूल्यों को खरोंचा जा रहा है। हम कोई प्रवचन देने की मुद्रा में नहीं हैं और न ही स्त्री-द्वेष वर्ग के चेहरे हैं। हम नारीवाद, महिला सशक्तिकरण के विरोधी भी नहीं हैं। घरेलू हिंसा, झूठे आरोप और उत्पीडऩ, आर्थिक लूट के शिकार पुरुष भी हो रहे हैं। उनके लिए विशेष कानून क्यों नहीं हैं? बलात्कार, यौन उत्पीडऩ, घरेलू हिंसा, दहेज की मांग के झूठे केस भी दर्ज होते रहे हैं। अदालतों के जरिए ऐसे मामले भी सुर्खियां बनते रहे हैं। स्त्री को निर्णायक तौर पर दंडित करने वाले कानून क्यों नहीं हैं। समाज में पुरुष भी उतनी महत्वपूर्ण और अनिवार्य ईकाई है, जितनी महिला है। ये सवाल, ये मुद्दे इसलिए उठे हैं, क्योंकि एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में डीजीएम के पद पर कार्यरत, एआई इंजीनियर, 34 वर्षीय अतुल ने वैवाहिक उत्पीडऩ से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले उस नौजवान ने जो वीडियो सार्वजनिक किया और 24 पन्नों का आत्महत्या नोट लिखा, वे थर्राने वाले दस्तावेज हैं। उस युवक ने अदालती व्यवस्था को भी बेनकाब किया, क्योंकि महिला जज ने 5 लाख रुपए की घूस मांगी थी। जज ने हंसते हुए व्यंग्य किया था, 'नहीं तो जिंदगी भर तुम और तुम्हारा परिवार अदालत के धक्के खाते रहना। नौबत आत्महत्या की भी आ सकती है, लिहाजा 5 लाख में मैं तुम्हारा केस सेटल कर सकती हूं।' युवा इंजीनियर अदालत की व्यवस्था से भी उत्पीड़ित था। केस की 58 तारीखें लग चुकी थीं। वह बंगलूरु से जौनपुर, यूपी में हर तारीख पर नहीं आ सकता था। उसे पत्नी की 3 करोड़ रुपए के गुजारा भत्ता की मांग भी सवालिया लगी। अंततः आत्महत्या का फैसला लिया, ताकि पैसा देने वाली ईकाई ही समाप्त हो जाए। आत्महत्या नोट में इंजीनियर ने लिखा- 'यदि मुझे इंसाफ न मिले, तो मेरी अस्थियां अदालत के पास वाले गटर में बहा दी जाएं।' कितना मार्मिक और पराजित कथन है यह! दरअसल हम किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच रहे हैं। आत्महत्या नोट 'सत्य की पराकाष्ठा' माना जाता है। मरने से पहले नौजवान इंजीनियर ने जो कुछ लिखा है, हम उसके आधार पर ही विश्लेषण कर रहे हैं और कुछ सवाल उठाए हैं। अदालत का फैसला आना है। हमारे कानून नारीवादी हैं। यदि स्त्री हिंसा या उत्पीडऩ अथवा शोषण की शिकायत दर्ज कराती है, तो पुरुष पक्ष के कई लोगों को जेल में भेजा जा सकता है। बाद में वह शिकायत फर्जी भी साबित हो सकती है। ऐसे कानून में संशोधन किया जाना चाहिए। बेशक हमारा समाज पितृसत्तात्मक है। सभ्यता की बुनियाद यही है। औसत वैश्विक संस्थान पुरुष निर्मित है। अधिकतर भगवान पुरुष हैं, जिनकी पूजा महिलाएं करती हैं। यह दुनिया ही पुरुष की है, लेकिन अब यथार्थ बदल भी रहे हैं। औरत हर क्षेत्र में बढ़ रही है। फिर ऐसे कानून क्यों हैं कि जिनका दुरुपयोग किया जा रहा है।

स्त्री-पुरुष अब सामाजिक, मानसिक पूरक नहीं, बल्कि संबंधों के बाजार की दो वस्तुएं हैं। लैंगिक विभेद की व्याख्याएं अधूरी और आग्रही हैं। यह कैसा समाज बन गया है, जहां सिर्फ स्त्री और पुरुष हैं, कोई सामाजिक रिश्ता नहीं है। रिश्ते दरक रहे हैं, तो परिवार टूट रहे हैं और आपसी सम्मान भी विलुप्त हो रहे हैं। हमने ऐसा पश्चिमी देशों के संदर्भ में सुना था, लेकिन अब भारतीय संस्कृति में भी संबंधों और मूल्यों को खरोंचा जा रहा है। हम कोई प्रवचन देने की मुद्रा में नहीं हैं और न ही स्त्री-द्वेष वर्ग के चेहरे हैं। हम नारीवाद, महिला सशक्तिकरण के विरोधी भी नहीं हैं। घरेलू हिंसा, झूठे आरोप और उत्पीडऩ, आर्थिक लूट के शिकार पुरुष भी हो रहे हैं। उनके लिए विशेष कानून क्यों नहीं हैं? बलात्कार, यौन उत्पीडऩ, घरेलू हिंसा, दहेज की मांग के झूठे केस भी दर्ज होते रहे हैं। अदालतों के जरिए ऐसे मामले भी सुर्खियां बनते रहे हैं। स्त्री को निर्णायक तौर पर दंडित करने वाले कानून क्यों नहीं हैं। समाज में पुरुष भी उतनी महत्वपूर्ण और अनिवार्य ईकाई है, जितनी महिला है।

### भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी

## दिल्ली की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

ललित गर्ग

भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है।

**दिल्ली** विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है। दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा,




चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है। भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है। भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है। निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

दृष्टि कोण

## भारत के खिलाफ बड़ी साजिश

**पिछले** दो दिनों से संसद में जार्ज सोरोस और सोनिया गांधी व राहुल गांधी की निकटता को लेकर हंगामा होता रहा। मूल रूप से जार्ज सोरोस हंगरी के हैं। लेकिन लंबा अरसा पहले वह अमरीका में आकर बस गए थे। लेकिन यह कोई ऐसी घटना नहीं है जिसके कारण सोरोस को कठघरे में खड़ा कर दिया जाए। इस लिहाज से तो अमरीका के 99 फीसदी लोग यूरोप से ही गए हुए हैं और वहां के नेटिव इंडियन को गुलाम बना कर वहां अपनी सत्ता बना कर बैठे हैं। इसलिए जार्ज सोरोस अमरीका में कोई अनोखे यूरोपीय नहीं हैं। लेकिन उनका अनोखापन इसके बाद शुरू होता है। उन्होंने अमरीका में अच्छा खासा पैसा कमा लिया है। यूरोप के लोग जब अमरीका में धन कुबेर बन जाते हैं तो वे कोई न कोई फाऊंडेशन चलाना शुरू कर देते हैं। यह उनका फालतू के समय का शौक है। फाऊंडेशन के नाम पर वे एशिया और अफ्रीका के मेधावी छात्रों को अमरीका में बुला कर कायदे से पढ़ाते-लिखाते हैं और फिर वापस एशिया और अफ्रीका के देशों में भेज देते हैं। 'कायदे से' का अर्थ तो सब समझते हैं। इसके अतिरिक्त ये फाऊंडेशन दूसरे देशों में बौद्धिक व राजनीतिक तोडफ़ोड़ अकादमिक तरीकों से करते रहते हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं मानना चाहिए कि जार्ज सोरोस जैसे धन कुबेरों का यह शौक है। वे ये सभी धंधे अमरीका के आर्थिक, सांस्कृतिक हितों की सुरक्षा के लिए करते हैं। इसको सभ्यताओं के संघर्ष की पृष्ठभूमि में भी देखा जा सकता है। भारत या एशिया के दूसरे देश यदि आर्थिक लिहाज से ताकतवर बनते हैं तो अमरीका व उसकी 'फाईव आईज' की आर्थिकता खतरे में पड़ जाती है। इस पूरी पृष्ठभूमि में अमरीका के जार्ज सोरोस को पकडऩा होगा। इस अमरीकी जार्ज का भी 'जार्ज सोरोस फाऊंडेशन' है। लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं होता है। अमरीका के ऐसे फाऊंडेशन अनेक छोटी-बड़ी संस्थाओं को जन्म देते हैं जिनका वित्त पोषण फाऊंडेशन ही करते हैं। लेकिन साधारणतया किसी को यह पता नहीं चलता कि इन संस्थाओं का वित्त पोषण कौन करता है। ऊपरी तौर पर ये संस्थाएं निर्दोष, बौद्धिक व अकादमिक संस्थाएं ही नजर आती हैं। जार्ज सोरोस फाऊंडेशन ने भी इस प्रकार की कुछ संस्थाओं को अंधेरे में जन्म दिया हुआ है। ऐसी ही एक संस्था फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक है। इस संस्था को पैसा जार्ज सोरोस ही देता है, चाहे सीधे हाथ से, चाहे उलटे हाथ से। यह संस्था जम्मू कश्मीर को भारत का हिस्सा नहीं मानती और दूसरे देश भी ऐसा ही करें, इसके लिए अकादमिक पर्दे में कोशिश करती रहती है। इतना ही नहीं, वह भारत का समाधान उसके टुकड़ों में बंट जाने को ही मानती है। भाजपा का आरोप है कि श्रीमती सोनिया गांधी के राजीव गांधी फाऊंडेशन का जार्ज सोरोस की इस संस्था से गहरा संबंध है। जार्ज सोरोस इस बात को छुपाते नहीं कि वह वचनों से ही भारत विरोधी नहीं हैं, बल्कि वह सक्रियता में भी भारत विरोधी हैं। ऐसे व्यक्ति और ऐसी संस्था से राजीव गांधी फाऊंडेशन का किस प्रकार का संबंध है, इसका खुलासा होना बहुत जरूरी है क्योंकि यह मामला भारत की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर भी इस बात को नहीं छुपाते कि जार्ज सोरोस उनके मित्र हैं। ध्यान रहे कि कांग्रेस के ही एक बड़े नेता नटवर सिंह पहले ही कांग्रेस को आगाह कर चुके हैं कि पार्टी को अपने भीतर की तलाशी लेकर अपने घर में रह रही विदेशी शक्तियों के समर्थकों को बाहर करना चाहिए। लेकिन जब आरोप सोनिया गांधी पर हों तो तलाशी कौन लेगा और कौन किसको बाहर करेगा? जार्ज अमरीका के मीडिया पर भी कुछ सीमा तक नियंत्रण करते हैं, क्योंकि अखबार चला रही कम्पनियों में उनकी भारी हिस्सेदारी है। जार्ज सोरोस ने आर्गेनाइज्ड क्राइम एंड क्रप्शन रिपोर्टिंग प्रोजैक्ट नाम से एक संस्था खोल रखी है जो दूसरे देशों के नेताओं और व्यवसायियों को ब्लैकमेल करने का काम करती है। वह दूसरे देशों के उन नेताओं व व्यवसायियों पर कुछ आरोप लगाती है जिनको वह अपने हिसाब से चलाना चाहती है। जार्ज सोरोस जानते हैं कि लंबे अरसे तक यूरोपीय देशों के गुलाम रहने के कारण एशिया व अफ्रीका का जनसाधारण किसी भी यूरोपीय देश या अमरीका के किसी भी अदने से व्यक्ति के आरोप को भी सिर आंखों पर लेता है। यह औपनिवेशिक संस्कारों से अभी तक भी मुक्त न होने के कारण ही है। जार्ज इस मानसिकता को तो पहचानने ही लगे हैं। इसलिए वह गाहे बगाहे भारत के व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रायः आरोप लगाते रहते हैं। अप्रत्यक्ष रूप से वह विपक्ष को समय कुसमय आरोप रूपी हथियार मुहैया करवाने का काम करते हैं, जिसकी विपक्ष प्रतीक्षा ही नहीं करता, बल्कि शायद आरोप मैनुफैक्चरिंग का आर्डर भी देता है। भाजपा का सोनिया गांधी व राज परिवार के अन्य सदस्यों पर यही आरोप है कि वे इन हथियारों के केवल खरीददार ही नहीं, बल्कि आदेश देकर भी इन हथियारों को तैयार करवाने वाले हैं। मैं यह मानने को तैयार नहीं कि कांग्रेस या कांग्रेस पर गेंडुली मार कर बैठे राज परिवार को जार्ज सोरोस के क्रियाकलापों एवं अन्य धंधों के बारे में पता न हो। सब जानते हैं कि पिछले कुछ सालों से वे उस हर बिल का विरोध करते हैं जो भारत की संसद पास करती है। अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने का उसने विरोध किया था। नागरिकता संशोधन अधिनियम का भी जार्ज विरोध करता था।

कुछ अलग

## सबहि भूमि गोपाल की

**अवैध** निर्माण तथा अतिक्रमण की परंपरा हमारे यहां अनादि काल से चली आ रही है। आज जो किले, महल तथा बड़े-बड़े पुरातत्व स्थल हम देखते हैं, वे सब इसी श्रेणी में आते हैं। राजा की जितनी इच्छा हुई उतनी ही जमीन पर निर्माण कर दिया तथा बेगार रूप में श्रमिकों का शोषण कर लिया। उसी परंपरा का निर्वहन हमारे देश में इन दिनों बखूबी किया जा रहा है। 'सबहि भूमि गोपाल की' की तर्ज पर भारतीय नागरिक भूमि हड़पो अभियान के कुशल खिलाड़ी बन कर निर्माण एवं अतिक्रमण की दिशा में सक्रिय हैं। 'राम नाम की लूट है' वाला मुहावरा भी इस समय पूरी तरह चरितार्थ हो रहा है या यह भी कह सकते हैं कि 'सैंया भये कोतवाल तो अब डर काहे का।' सभी के बालम पुलिस में भर्ती होंगे तो कानून दम नहीं तोड़ेगा तो क्या अपना डंडा चलाएगा। कानून का डंडा छोटा होता जा रहा है तथा अराजकता का एक सुखद मनभावन वातावरण नए रूप में तैयार हो रहा है, जिससे गोपाल की इस भूमि को महापुरुष हड़प कर रहे हैं। इस मामले में हर नागरिक वसुधैव कुटुंबकम विचारधारा का समर्थक हो गया है। भूमि हड़पने का अभियान आम चुनाव के समय बेतहाशा पाया जाता है। पहले लोकसभा चुनाव की आड़ में लोग रातों-रात महल चिनाते रहे तो अब प्रजातंत्र में विधानसभा चुनाव का शोर होने से सारे नियम तोड़ कर लोग जमीनों को पाटने में लगे हैं। रात को सोए थे, तब खाली जगह थी, सुबह उठे तो दीवालें सिर उठाए खड़ी हैं। कोई दुकान बना रहा है तो कोई मंजिल चढ़ा रहा है। कोई मकान से दुकान निकाल रहा है तो कोई आवास समस्या के स्थायी हल के लिए नगर प्रशासन के नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ा रहा है। सरकार मूक बनी सब देखती रहती है, क्योंकि उसे अभी जनता का वोट लेना है और वोट के सामने सात खून भी माफ करने का हमारे यहां रिवाज चल रहा है। कोई छज्जा निकाल रहा है तो कोई खिडक़ी खोद रहा है। कोई मंदिर बना रहा है तो कोई मस्जिद। कोई यों ही पत्थर लाल पोतकर धार्मिक भावना के आधार पर भूमि हड़पो की दिशा में पहल करने की चाल चल रहा है। रातों-रात हजारों की संख्या में मकान बन गए हैं। यह नगर भले अपनी रंगत व खासियत खोदे, लेकिन जमीन हड़पो के संचालक पूरे मनोयोग से कंकरीट का जंगल उगाने में लगे हैं। आदमी की महत्त्वाकांक्षाएं इन दिनों पूरे जोर पर है। जिसके एक मकान है, वह दूसरा बना रहा है, जिसके दूसरा है वह तीसरा बना रहा है। मकान क्या मकबरे बना रहा है। असीम इच्छाएं सिर उठाकर अवैध निर्माण तथा अतिक्रमण को प्रेरित करती हैं और नागरिक चुनाव की आड़ में अपनी कारगुजारियां कर रहे हैं। देखा-देखी ज्यादा हो रही है। पड़ोस में किसी ने एक फुट का अतिक्रमण किया तो दूसरे ने चार फुट को घेर लिया। अवैध निर्माण जिसने पचास वर्ग गज में किया, उससे जुडऩे की यह परंपरा दिनों-दिन विकसित हो रही है। जब तक आदमी को अपनी माटी से प्रेम नहीं होगा, तब तक राष्ट्रीय भावना का अभ्युदय असंभव है। इस मामले में सारे भूमि हड़पो कार्यकर्ता एक हैं। अभी एक अवैध निर्माण को गिराइए, पूरी कॉलोनी उस पर टूट पड़ेगी। पिछले दिनों नगर प्रशासन ने तनिक इस मामले में सजगता दिखाई तो कर्मचारी पिट कर लौटे। कर्मचारियों के पिटने का मौसम है तो जनता के पीटने का।

देश दुनीया से

## प्रशिक्षकों को नकद ईनाम क्यों नहीं दिया

**हिमाचल** प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों को उनके द्वारा जीते गए पदकों के अनुसार नकद ईनाम दिया, मगर उनके प्रशिक्षकों को इस बार भी नकद ईनाम नहीं दिया गया, जबकि नई खेल नीति में खिलाड़ी के प्रशिक्षक को भी नकद ईनाम का प्रावधान है। खेल विभाग क्यों प्रशिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है? कबड्डी में भारतीय टीम की कप्तान रितु नेगी सहित कई खिलाडियों को कोच रतन ठाकुर ने तराशा है। क्या वह नकद ईनाम के हकदार नहीं हैं? इसी तरह अन्य खेलों के प्रशिक्षक भी हैं। आज का अभिभावक खेलों में भी अपने बच्चों का कैरियर देख रहा है, क्योंकि खेल आज अपने आप में एक प्रोफैशन है। मानव ने विज्ञान में बहुत प्रगति कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में नए-नए सफल शोध कर जीवनशैली को काफी आसान व सुविधाजनक बना लिया है, मगर शिक्षण व प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक की भूमिका का महत्व आज भी वही है, जैसा हजारों साल पहले था। यह चिंताजनक है। महाभारत में कृष्ण सारथी नहीं होते तो क्या अर्जुन भीष्म, कर्ण व अन्य अजेय महारथियों को हरा पाता? विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। हमारे यहां खेल प्रशिक्षण के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पाया है जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतनी समय अवधि खेल प्रशिक्षण को देकर ही खिलाड़ी अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाता है। हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का कोई भी प्रावधान अभी तक नहीं बन पाया है। हिमाचल प्रदेश राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के प्रशिक्षकों को कभी विभिन्न विभागों की भर्तियों में ड्यूटी, तो कभी मेलों व उत्सवों में हाजिरी भरनी पड़ती है। खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति ही उच्च खेल परिणामों के लिए की गई होती है, मगर यहां पर प्रशिक्षकों को केवल मल्टीपर्पज कर्मचारी बना दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर प्रशिक्षकों का कार्य उच्च खेल प्रशिक्षण से हट कर अपनी फिटनेस तथा सेना में भर्ती कराने तक सीमित हो गया है। हिमाचल प्रदेश के मेलों व उत्सवों में किसी और खेल का प्रशिक्षक किसी और ही खेल की प्ले फील्ड में नजर आता है। इसी तरह पुलिस आदि विभागों की भर्तियों में एथलेटिक्स प्रशिक्षकों की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां तो हर खेल के प्रशिक्षक को भेज दिया जाता है। विभिन्न सरकारों ने खेल ढांचे में काफी तरक्की भी की है, मगर क्षमतावान प्रशिक्षकों की नियुक्ति के बारे में हिमाचल में अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया है। स्तरीय प्रशिक्षकों के बिना उत्कृष्ट प्रदर्शन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जो प्रशिक्षक खेल प्रशिक्षण से दूर रह कर मौज मस्ती कर रहा है, वह तो खुश रहता होगा, मगर जो सच ही में प्रशिक्षण करवा रहा होगा, वह जब कई दिनों तक खेल मैदान से दूर रहेगा तो फिर कौन अभिभावक अपने बच्चे को बिना प्रशिक्षक के मैदान में भेजेगा? हद तो तब हो जाती है जब राज्य में चल रहे खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी भर्तियों में लगा दी जाती है और खेल छात्रावास में रह रहे खिलाडियों को भी खेल प्रशिक्षण से दूर कर दिया जाता रहा है। प्रतिभा खोज से चयनित इन अति प्रतिभाशाली खिलाडियों को प्रशिक्षक से कुछ समय के लिए ही सही, इस तरह प्रशिक्षण कार्यक्रम से दूर करना कहां तक उचित है? खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी खेल प्रशिक्षण के सिवा और कहीं भी नहीं होनी चाहिए। आजकल हर शिक्षित मां-बाप के दो और कई जगह तो एक ही बच्चा है, ऐसे में वे उसे उस क्षेत्र में उच्चतम शिखर तक ले जाना चाहते हैं जिसमें बच्चे की रुचि व उस क्षेत्र के लिए पर्याप्त प्रतिभा भी हो। आज का अभिभावक अपने बच्चों के कैरियर की खातिर ही सरकार की मुफ्त शिक्षा सुविधाओं को छोडक़र निजी क्षेत्र की महंगी, मगर अधिक गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहा है। आज लाखों प्रतिभाशाली विद्यार्थी निजी कोचिंग संस्थानों में डाक्टर व इंजीनियर बनने इसलिए जमा दो की परीक्षा से कई वर्ष पहले पहुंच रहे हैं। इसी तरह अब खेल क्षेत्र में भी हो रहा है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए खेलों में भी कैरियर तलाश रहा है और इस सबके लिए अच्छी खेल सुविधाओं के साथ-साथ उच्च स्तरीय प्रशिक्षक भी लगातार कई वर्षों तक उसके बच्चों को मिलना चाहिए ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता बनने का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर सकें। इसलिए देश में निजी खेल अकादमियों का चलन भी बढ़ रहा है।



गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी के विश्व स्तर के परिणाम सबके सामने हैं। यह सब लगातार अच्छे प्रशिक्षण कार्यक्रम का ही नतीजा है। इस समय विभिन्न खेलों के लिए देश में निजी स्तर पर कई अकादमियां शुरू हो चुकी हैं। इन खेल अकादमियों को अधिकतर पूर्व ओलंपियन चला रहे हैं और यहां से अच्छे खेल परिणाम भी मिल रहे हैं। इन अकादमियों में जो विशेष है, वह यह है कि यहां उच्च क्षमता वाला प्रशिक्षक लगातार उपलब्ध है। हिमाचल प्रदेश के पास आज विभिन्न खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड तैयार हैं। वहां पर या तो प्रशिक्षक हैं ही नहीं और जहां हैं भी, वे या तो प्रशिक्षण से बेरुख हैं या उनमें अच्छे स्तर के खेल परिणाम दिलाने की क्षमता ही नहीं है। क्या हिमाचल सरकार पंजाब, गुजरात आदि राज्यों की तरह उत्कृष्ट खेल परिणाम दिलाने वाले बढिया प्रशिक्षकों को यहां लगातार कई वर्षों के लिए अनुबंधित कर प्रदेश के खिलाडियों को राज्य में ही प्रशिक्षण सुविधा दिलाकर खेल प्रतिभा का पलायन रोक नहीं सकती है? इससे प्रदेश में खेल वातावरण बनेगा, तो हर खेल प्रशिक्षक प्रेरित होकर चाहेगा कि उसके शिष्य भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इस सबके लिए खेल विभाग व जहां प्रशिक्षक प्रशिक्षण करवा रहा है, वहां उसे सही प्रबंधन दें तथा उनके खिलाड़ी जब पदक जीतें तो प्रशिक्षक को भी नई खेल नीति के अनुसार नकद ईनाम देकर प्रेरित करें, ताकि पहाड़ की संतानों को ओलंपिक व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अच्छा प्रशिक्षण मिले।

आप का नजरीया

## मतदाता की फकीरी

**तपोवन** में विधानसभा सत्र और कांगड़ा में शीतकालीन प्रवास ऐसी प्रथाएं बन गई हैं कि आज की सियासत को भी मुड़-मुड़ कर देखना पड़ता है। जाहिर है छह बार के मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह ने सियासत की व्यावहारिकता में सुधारवाद का शंखनाद किया और यह सिलसिला अनवरत जारी रखना अब अग्निपरीक्षा की तरह हो गया है। इस दौरान राजनीति बदली और बदले इसके किले। राज्य का बजट, सत्ता की पैरवी और प्रदेश को साधने की शक्ति में प्रदर्शित होते नए सबूत, हर दौर के शिलालेख लिख रहे हैं। इस दौरान बहस अच्छे-बुरे की नहीं और न ही जरूरी और गैर जरूरी व्यय के बीच रही, अलबत्ता सियासी आवश्यकताओं ने अनावश्यक खर्च की कसौटी ही खत्म कर दी। हमें केवल इमारतें चाहिएं, स्कूल, कालेज या स्वास्थ्य केंद्र का भविष्य नहीं। इमारतें जिनसे विकास की अनुगूंज हो, जिनके शिलान्यास से उद्घाटन तक सत्ता का बोध हो, इसलिए सत्ता के भीतर भी एक सत्ता पनपने लगी है। बजट के भीतर, एक बजट दिखने लगा है। मेहरबानियों की औपचारिकता में सरकारी नौकरियां और नौकरियों की पेशकश में स्थानांतरण की औपचारिकता। हर सत्ता का अपना ढांचा और इसी के भीतर अनेक पद, सौगातें और तरक्की का बंटवारा। हिमाचल का राजनीतिक इतिहास व्यक्तिवाद की राह पर मचान खोज रहा है। सारी शक्तियां सिमट रही हैं, तो प्रशासनिक पकड़ के मजमे तिलिस्म नहीं बनते। कभी शिमला और शिमला की सुरंग एक होते थे। हिमाचल की सियासी कहावतें एक होती थीं, लेकिन अब केवल वंशवाद नहीं, विश्वास के पात्र भी बदल रहे हैं। धड़ों के भीतर कई धड़े। कुछ अपनी सत्ता की चरागाह पर रेवडियां चुगते हुए और कुछ ऐसे गैर होने लगे कि सत्तारूढ़ दल भी आपस में ही विपक्ष सरीखे होने लगे। विधानसभा की चर्चाओं से कहीं अधिक रस बहिर्गमन से बतियाते मीडिया को मिल रहा, क्योंकि अब बयान ही खबर और खबर के लिए बयान ही ज्ञान होता जा रहा है। ऐसा मीडिया बचा नहीं जो खड्ड खोद कर अवैध खनन की रेत से खबर छान ले, किसी एसपी की लंबी छुट्टी से संशय के कदम निकाल ले। ऐसा प्रशासन नहीं जो रीढ़ दिखा सके और फर्ज बेचने की तस्करी में शिमला की नौकरशाही, चंद दीवारों के भीतर गुटरगूं करती हुई, फाइल पर फाइल चढ़ा रही। आश्चर्य यह कि तमाम विश्वविद्यालय अपने ही घर से बेघर सियासी चूल्हा गर्म कर रहे। कोई शोध ऐसा नहीं कि आर्थिक-सामाजिक विकल्प मिल जाएं। अचानक रैंकिंग में जब कोई शिक्षण या चिकित्सा संस्थान चमक जाता है, तो जनता को इस खबर पर आश्चर्य होता है। आश्चर्य होता है जब विभाग, संबंधित अधिकारी व मंत्री फरमाते हैं कि प्रदेश में अनाज उत्पादन बढ़ गया, जबकि बंदर और आवारा पशुओं से भयभीत किसान अपने चूल्हे पर पंजाब के खेत का आटा खा रहा होता है। आश्चर्य यह भी कि वर्षों से सरकारें लगातार सरकारी कर्मचारियों और नागरिक समाज को अपना नमक चटा-चटा कर नमक हलाली के लिए तैयार कर रही हैं, लेकिन वोटर वफादारी नहीं कर रहा है। फार्मूले विकास के गीत गाते उधार पे उधार सिर पर चढ़ा रहे।

संक्षिप्त खबरें

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया प्रखंड पदाधिकारी साथ समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय परिसर में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी ने मंगलवार को प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, 15 वें वित्त योजना से संचालित योजनाओं की समीक्षा बारी बारी से किया। इस दौरान उन्होंने अबुआ आवास व प्रधानमंत्री आवास के निर्धारित लक्ष्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। वही 15 वें वित्त की योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर पूर्ण करते हुए अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया।साथ ही पेंशन योजनाओं के लिए कोई लाभुक प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाए। इसका भी पूरा ख्याल रखने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ राहुल देव, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा प्रियंका प्रिया, उज्जवल सिंह, रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार, निर्मल दांगी, पार्वती कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

प्रदेश के गृह सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता पहुंचे चतरा

# अफीम खेती विनष्टीकरण और कानून व्यवस्था को लेकर वृहद समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड के गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता मंगलवार को चतरा पहुंचे। जहां जिला मुख्यालय पहुंचने पर डीसी रमेश घोलप ने अधिकारियों का स्वागत किया। चतरा जिला मुख्यालय में दोनों अधिकारी विधि व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक कर चतरा, हजारीबाग और लातेहार जिले के 34 थाना प्रभारियों से उनके काम से संबंधित रिपोर्ट की समीक्षा किए। बैठक में चतरा, सहित आसपास के जिलों में अफीम खेती विनष्टीकरण को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अफीम की खेती पर नकेल कसने के साथ साथ अफीम खेती विनष्टीकरण का भी निर्देश दिया गया है। बैठक में चतरा, लातेहार, हजारीबाग सहित अन्य जिले के अधिकारी भी शामिल हुए।

## प्रखण्ड में संचालित योजनाओं का बीडीओ ने किया समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक बीडियो चंद्रदेव प्रसाद ने सभी पंचायत सचिव रोजगार सेवक कनिय अभियंताओं के साथ की। बैठक में मनरेगा, आदिम जनजाति हेतु विशेष कैंप, अंबेडकर आवास योजना,पीएम आवास योजना, मैया सम्मान योजना, एनआरएम बिरसा हरित ग्राम योजना आदि की समीक्षा की गई। सभी पंचायत सचिव रोजगार सेवक को मनरेगा योजना अंतर्गत योजनाओं का चयन ग्रामवार लेबर बजट के अनुसार स्वीकृत करने, मैंया समान योजना का भौतिक सत्यापन करते हुए अयोग्य लाभुकों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने, लंबित अबुआ आवास की स्वीकृति शत प्रतिशत पूर्ण करना, आदिम जनजाति परिवारों हेतु लगाए जा रहे कैंपों में लाभान्वित किए गए लाभुको कि सूची पपत्र -घ में उपलब्ध कराना, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत योजना का लाभ लेने हेतू ग्रामीणो को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया।

## विधायक जनार्दन पासवान ने बभने धान क्रय केंद्र का किया उद्घाटन



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक परिसर के बभने पैक्स केन्द्र में धान क्रय केन्द्र का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन चतरा विधायक जनार्दन पासवान, ए आर रजिस्टार ए एन हैरो ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ व फीता काटकर उद्घाटन किया।उद्घाटन के बाद श्री पासवान ने कहा कि बभने में धान क्रय केन्द्र खुलने से किसानो को काफी राहत मिलेगी। किसान अपने धान को सरकारी दरों पर धान क्रय केंन्द्र में बेच सकते हैं। इसके पहले धान क्रय केन्द्र नही खुलने से किसान अपने धान बेचने के लिए इधर-उधर भटक रहे थें। पैक्स केन्द्र संचालक पप्पू साव ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार बभने धान पैक्स में धान क्रय केन्द्र का खुल चुका है। केंन्द्र सरकर के न्यूनतम मूल्य 2300/ रूपये प्रतिदिन क्विंटल एवं राज्य सरकार के द्वारा 100 प्रतिदिन क्विंटल बोनस के तौर पर धान खरीदा जाएगा। वही खरीदारी जारी है किसान अपने धान को धान क्रय केन्द्र में बेच सकते हैं। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि कपिल पासवान, रामपुर मुखिया प्रतिनिधि कासिफ रजा,समेत कई लोग मौजूद थे।

## सांसद कालीचरण सिंह ने संसद में चतरा रेलमार्ग का उठाया मामला



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद कालीचरण सिंह ने संसद में चतरा लोकसभा क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार की मांग उठाया है। लोकसभा में नियम-377 के तहत सांसद श्री सिंह ने रेल मंत्री को यह आग्रह किया कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न मार्गो पर रेल लाइन का विस्तार करना आवश्यक है। उन्होंने यह तर्क रखा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के नागरिकों का व्यापार, यात्रा, एवं अन्य कार्यों के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में आवागमन होता रहता है। ऐसे में रेल सेवाओं का विस्तार नागरिकों के लिए सहूलियत के साथ-साथ विकास का द्वार भी खोलेगा। सांसद ने यह भी बताया कि चतरा को रेल नेटवर्क से जोड़े जाने पर बिहार दिल्ली और मुंबई के लिए एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा, जो सैन्य दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होगा। साथ ही, आमजन को सुगम आवागमन के साथ व्यापारिक लाभ मिलेगा, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। सांसद की यह पहल क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में एक आशा की किरण है।

## केपीएल टूर्नामेंट की फाइनल मैच में विजेता बनी पिंक पैंथर व उपविजेता रही श्रीराम फाईटर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** जनता उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार को केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का फाईनल महामुकाबला रोमांचक रहा।आज की मैच पिंक पैंथर बनाम श्रीराम फाइटर्स के बीच खेला गया।पहली पारी खेलते हुवे श्रीराम फाइटर ने निर्धारित ओवर में 95 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गया था,श्रीराम फाइटर के कप्तान पवन यादव ने बेहतर पारी खेली जबकी जवाबी पारी खेलते हुवे पिंक पैंथर ने शेष 5 विकेट रहते हुवे महज 12 ओवर में ही 100 रन बना डाला।हालांकि पिंक पैंथर के बैट्समैन की अच्छी मेज़बानी ने जीत दिलाया तो वहीं श्रीराम फाइटर ने बालिंग में कमी खलती दिखी। विजेता टीम पिंक पैंथर को बड़ी शील्ड व पुरस्कार के रूप में 15 हजार की चेक दिया गया तो वहीं उपविजेता टीम श्रीराम फाइटर को शील्ड व 11 हजार का चेक दिया गया।जीत दर्ज होने के बाद पिंक पैंथर की टीम मैदान में ही झूमने लगे। जबकी कमेंट्री के रूप में सुरेन्द्र कुमार यादव, जबकी पंकज कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार साहू (छोटू) अंपायर के भूमिका में थे। बतादें की केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 6 टीमो ने भाग लिया था जिसमें पिंक पैंथर के प्रायोजक बबलू गुप्ता, श्रीराम फाइटर के प्रायोजक मुकेश कुमार वर्मा, द प्रेस क्लब के प्रायोजक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, साउंड ब्लास्टर के प्रायोजक पंकज कुमार वर्मा, विधायक वीर इन्द्य के प्रायोजक बंटी कुमार, मैथन स्टील के प्रायोजक अनुज कुमार गुप्ता थे।केपीएल टूर्नामेंट के आयोजक सह कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहू ने सभी खिलाड़ियों व टीमों प्रायोजकों एवं अतिथियों को धन्यवाद दिया। वही सफलता व अनुशासन के साथ मैच में अहम भागीदारी लेने वालों व दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर पुर्व उप मुखिया सतेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार सौंडीक, हरिओम वर्मा, नगीना सिंह भोक्ता, लवकुश गुप्ता, डॉ मधु, अशोक कुमार, संजय भारती, कृष्ण कुमार गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

लकड़ी तस्कर होशियार हों जाय वर्ना जायेंगे जेल : डीएफओ

# डीएफओ मुकेश कुमार की बड़ी कारवाई में चार अभियुक्त गिरफ्तार, गये जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल क्षेत्र के शिला ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत चौपे जंगल से बड़े पैमाने पर सखुआ बोटा का तस्करी धड़ल्ले से किया जा रहा था। इसकी जानकारी जब डीएफओ मुकेश कुमार चतरा को मिली तो घात लगा कर चार अभियुक्तों को रंगे हाथ दो ट्रैक्टर में बोटा लदा ट्रैक्टर और एक बुलेट मोटरसाइकिल के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लकड़ी तस्करों में मंजीत कुमार साहू पिता जयप्रकाश साहू,मोहन यादव उर्फ निशांत पिता बासुदेव यादव, संजू यादव उर्फ संजय पिता गांगुली यादव, टिंकू पासवान उर्फ शशि पिता स्व॰ जागेश्वर पासवान का नाम शामिल है। सभी तस्करों को वन अधिनियम के तहत न्यायिक हिरासत चतरा में भेज दिया गया है ।वहीं दो ट्रैक्टर पर लदा सखुआ का बोटा और बुलेट मोटरसाइकिल को वन परिसर में रख दिया गया है। मामले को लेकर डीएफओ मुकेश कुमार बताया कि बहुत दिनों से चौपे जंगल से सखुआ का बोटा तस्करी का मामला सामने आ रहा था। इसकी सत्यापन के लिए बीते रात्रि को दलबल के साथ चौपे जंगल में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान दो ट्रैक्टर में सखुआ का बोटा लौड़ कर आगे पीछे बुलेट मोटरसाइकिल से निगरानी करते आ रहा था इसी बीच सखुआ का बोटा समेत चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं डीएफओ ने बताया कि बड़गांव के कोदवा टांड तेतरिया गढ़ा,परसा गढ़ा में पोस्ते की खेती लगभग एक एकड़ भूमि में लगाई गई थी जिसे विनिष्ट कर दिया गया है। डीएफओ ने आगे बताया कि लकड़ी तस्कर हो या पोस्ते की खेती करने वाले देश द्रोही हों सभी को चिन्हित कर अविलंब गिरफ्तारी किया जाएगा। तस्कर होशियार हो जाय वर्ना जेल के सलाखों में गिरफ्तार कर भेज दिए जाएंगे।

## लीग मैच का सर्वाधिक रन बनाने वाला खिलाड़ी सौरभ को मिला मैन ऑफ द का सीरीज




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान में चतरा जिला क्रिकेट एसोसियेशन के तत्वाधान में बी सी ए सीनियर बनाम इलेवन ब्रदर्स चतरा के बीच मैच खेला गया। जिसमें टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बी सी ए सीनियर ने निर्धारित 30ओवर में 8 विकेट खो कर 228रन बनाए, जिसमें सर्वाधिक स्कोर लीग का पहला शतक लगाते हुए सौरभ कुमार ने 81 बॉल में114 रन और अर्चित कुमार ने 30रनों का योगदान दिया। इलेवन ब्रदर्स चतरा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकित और शुभंकर ने तीन तीन विकेट लिया।जवाबी पारी खेलने उतरी इलेवन ब्रदर्स चतरा की टीम ने 30 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 160 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमे सर्वाधिक 28 रन विराट यादव और शुभम ने 20 रनों का योगदान दिया।ने 18 रन का योगदान दिया।बी सी ए सीनियर ने गेंदबाजी करते हुए चार विकेट आयुष कुमार दो विकेट सचिन ने लिया।बी सी ए सीनियर ने 68 रनों से मैच जीत लिया।और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार,सौरभ कुमार को दिया गया।अंपायर की भूमिका रिशु कुमार, स्कोर सुमित ने निभाई इस मैच में एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय सिंह सह सचिव आशुतोष कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा सदस्य मिथिलेश कुमार राय जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा हरिओम केसरी सिंह मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत युवती गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम चेतमा पुल के पास एक भगत नामक यात्री बस एवं एक बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गयी। घटना सोमवार की देर शाम की है। इस घटना में बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक में सवार एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां राहगीरों की मदद से घायल युवती को एंबुलेंस से महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सक डॉ. अमित ने उसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। मृतक युवक की शिनाख्त बारेसांढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रामशेली निवासी अरुण मुंडा (18) पिता मनुवर मुंडा के रूप में की गयी है। परिजनों ने बताया कि अरुण मुंडा ऑनलाइन सामान की डिलीवरी लेने अपनी भतीजी रिंकी कुमारी के साथ बाइक से बांसकरचा जा रहा था। इसी बीच यह दुर्घटना हुई। वहीं पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बस को भी जब्त कर लिया है।

लातेहार में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

## बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वाले को कटवाना पड़ेगा चालान : प्रमोद सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना पुलिस ने मंगलवार को थाना चौक में वाहन चेकिंग अभियान चलाया।चेकिंग के दौरान हेलमेट, ट्रीपल लोडींग, बीमा, ड्राईवरी लाइसेंस व वाहन के सभी जरुरत कागजातों की जांच किया गया। इस सबंध में जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ट्रीपल लोडींग, एवं बिना हेलमेट पहने बाइक चलाते पकड़े जाएंगे उन्हें चालान कटवाना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आपकी जीवन बहुमूल्य है लापरवाही ना बरतें। जिसमें दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोगों से हेलमेट पहनकर चलाने की अपील की गई है। वहीं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चलाने वाले इधर-उधर अपने रास्ता बदलकर लोग भागते दिखे। वाहन चेकिंग में उपेंद्र कुमार यादव, श्रवण कुमार, रंजीत पासवान, अवधेश सिंह समेत शस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## पुलिस ने पशु लदे कंटेनर को किया जब्त, चालक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लुकुइया मोड़ के समीप से जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा अवैध रूप से पशु (काड़ा) ले जा रहे एक कंटेनर को जब्त कर चंदवा थाना को सौंप दिया है। कंटेनर में 35 पशु (काड़ा) लोड थे। पुलिस ने कंटेनर चालक प्यारे खान उर्फ राजु शेरघाटी (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार रात जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के द्वारा लुकुइया मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान उन्होंने एक कंटेनर को पकड़ा है जिसमें 35 पशु (काड़ा) लदा था। जब्त पशुओं को उड़ीसा से यूपी ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि जब्त पशुओं को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एसडीपीओ रात्रि गशत व्यवस्था की कर रहे हैं मॉनिटरिंग



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह बाजार के ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी की घटना के बाद बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और आम लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखाई दे रहे हैं। सोमवार की देर रात एसडीपीओ ने खुद ही बस स्टेंड बाजार, रेलवे कॉलोनी, स्टेशन मार्ग आदि का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और रात्रि गश्ती में लगे रक्षक वाहन में शामिल पुलिसकर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज भी मौजूद रहे। रात्रि भ्रमण के दौरान उन्होंने कई जगहों पर संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर गहन पूछताछ की। जिसके बाद छेचा पंचायत अंतर्गत चपरी ग्राम में लगने वाले दो दिवसीय जतरा मेला का भी जायजा लिया। इधर बीते रविवार की शाम व्यवसायिक वर्ग के साथ प्रशासनिक पदाधिकारियों की बैठक होने के बाद एसडीपीओ भरत राम ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद ही संभाल ली है। एसडीपीओ ने रात्रि गश्त व्यवस्था को और भी प्रभावी बना दिया है। रक्षक वाहन से रात्रि गश्त कर रहे जवानों की मॉनिटरिंग खुद एसडीपीओ कर रहे हैं। गौरतलब है कि बीते चार दिसंबर की रात्रि को मुख्य बाजार स्थित स्टेट बैंक के समीप दो ज्वेलरी शॉप में अज्ञात गिरोह के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस उस गिरोह की तलाश कर रही है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। इधर एसडीपीओ ने इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे को 24 घंटे चालू रखने तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर एक- एक बल्ब लगाने की अपील दुकानदारों से की है।

## पंचायत समिति की बैठक सम्पन्न कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, अंचलाधिकारी मनोज कुमार उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल समेत पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, चिकित्सा प्रभारी, आवास समन्वयक दीपक कुमार, विजय पप्पू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।इस बैठक में विभागवार कई मुद्दों पर समीक्षा करते निर्देशित किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग से संबंधित सत्र 2023/24 में खेल सामग्री क्रय में बड़े पैमाने पर अनियमितता और गबन का मामला उठाया गया। वहीं बालू घाटों से पूर्व में बालू उठाव से प्राप्त संधारण राशि का ब्यौरा के साथ वर्तमान में बालू उठाव से प्राप्त संधारण राशि का ब्यौरा वॉल्यूम के साथ सदन को रिपोर्ट पेश करने को आश्वासन दिया गया है साथ ही बालू घाट समिति द्वारा निर्धारित राशि से अधिक लेने की बात पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार द्वारा कार्रवाई करने को आश्वस्त किया गया।उप प्रमुख द्वारा चमरडीहा में जल मीनार अधिष्ठापित और 15 वें वित्त से जल मीनार अधिष्ठापन को लेकर सभी सप्लायरों से खरीद व वारंटी व अन्य सभी दस्तावेजों की कॉपी सदन के द्वारा 15 दिनों के अंदर प्रस्तुत करने को निदेश दिया गया है । वहीं सदन के द्वारा बताया गया कि राशन कार्डधारियों को राशन वितरण में डीलरों द्वारा कटौती की जाती है।इस संबंध में आपूर्ति पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि राशन कार्डधारियों को पुरी मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। वहीं पेयजल स्वच्छता विभाग के द्वारा हर घर नल जल आपूर्ति योजना से दर्जनों जल मीनार बंद पड़े हैं या क्रियान्वित योजना अधुरे हैं उसे दुरुस्त करते उसकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश सहायक अभियंता को दिया गया है। वहीं इस क्रम में अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।

## विधायक प्रकाश राम ने ग्रामीण क्षेत्र का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रकाश राम ने मंगलवार को बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोईया, हेबना, ओकीया, हुंडरा ताड समेत कई क्षेत्रों का दौरा किया एवं लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुए। विधायक प्रकाश राम सबसे पहले मारंग लोइया ग्राम पहुंचे जहां 2 दिन पूर्व जंगली हाथियों के झुंड द्वारा जानकी राणा को पटक कर मार दिए जाने के बाद उसके परिजनों से मिले।जहां परिजनों व ग्रामीणों ने कहा कि इस क्षेत्र से हाथी को खदेड़ा जाए तथा वन विभाग द्वारा होने वाले फसल के नुकसान के लिए प्रति एकड़ मात्र ?8000 देती है जबकि हम लोगों को 50हजार से एक लाख तक का नुकसान होता है। वन विभाग के अधिकारी किसी भी प्रकार का कोई रुचि नहीं लेते हैं विधायक श्री राम ने मौके से ही लातेहार उपयुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मोबाइल पर बात की व कहा की किसानों को इतना कम मुआवजा एवं वन विभाग की लापरवाही को आप स्वयं देखें। एवं अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके इसके लिए कोई रास्ता निकाले।विधायक श्री राम ने हेबना ग्राम पहुंचे जहां 2 दिन पूर्व बिंदेश्वर महतो के जन् वितरण प्रणाली की दुकान तोड़कर हाथियों ने अनाज को चट कर लिया था। वही विधायक हुंडरा ताड़ पहुंचकर चरकू उराव के घर पहुच कर हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए घर का जायजा लिया।जहां ग्रामीणों ने जल एवं सड़क की मांग की। विधायक ने कहा एक महीने के अंदर इस गांव में सोलर प्लेट डीप बोरिंग करा दिया जाएगा। विधायक ने तीन दिनों पूर्व भगिया पंचायत के बूथ अध्यक्ष प्रमोद साहू के पिता लखन साहु की आकस्मिक मृत्यु के बाद उसके परिजनों से मिलकर उसे ढांढस बंधाया।प्रकाश राम ने कहा कि इस क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक पिछले कई वर्षों से जारी है यहां के किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है इसके लिए मैं विधानसभा में आवाज उठाऊंगा एवं किसानों एवं मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, कृष्ण यादव, शैलेश सिंह, अखिलेश भोगता, विजय यादव ,मनोज पाठक, रामकुमार गुप्ता, कैलाश साहू गोपाल चंद्र यादव, बृजेश यादव, सोहराय भगत समेत कई लोग मौजूद थे।

## विधायक ने किया तीन दिवसीय चपरी मेला का उद्घाटन



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रखंड के ग्राम चपरी में तीन दिवसीय चपरी मेला की शुरुआत हो गई है जिसका उद्घाटन सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह व जिप सदस्य संतोषी कुमारी मुखिया आशा देवी थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार व मेला समिति के अध्यक्ष चंदन सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से पूजा अर्चना और फीता काट कर किया गया।इस मौके पर सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि यह चपरी मेला ऐतिहासिक रहा है, कई दसकों से यह मेला का आयोजन किया जा रहा है यहां चंडी देवी देवताओं और धार्मिक आस्था से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। उन्होंने मेले में दूर दराज के लोगों और व्यवसायियों खेल तमाशे वालों से अपील किया है कि आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में ऐतिहासिक मेले का लुत्फ उठाएं।उन्होंने समिति के द्वारा मांग को पूरा करने को लेकर आश्वस्त किया है। वहीं थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि मेला में सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। उन्होंने साफ लफ्जों में कहा कि हुड़दंगियों पर हमारी पैनी नजर रहेगी, हुड़दंग मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज और गिरफ्तारी के विरोध में भाजयुमो ने मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा युवा मोर्चा हजारीबाग द्वारा भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरन पाण्डेय के नेतृत्व में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी - सीजीएल परीक्षा के परिणाम में हुई धांधली के खिलाफ विगत दिनों जांच की मांग को लेकर विरोध कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज और गिरफतारी के विरोध में हजारीबाग स्थित अन्नदा चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया।

मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय ने कहा कि यह केवल परीक्षा परिणाम में धांधली ही नहीं है, बल्कि राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ किया गया एक बड़ा अन्याय है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रशासन पूरी तरह से विफल हो चुका है। जेएसएससी - सीजीएल परिणाम में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर विरोध कर रहे छात्रों पर पुलिस प्रशासन द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज कर उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया जो इस सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने कहा है किजेएसएससी - सीजीएल परीक्षा के परिणाम में व्यापक स्तर पर गड़बड़ियां हुई हैं, जिससे हजारों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है, जब तक इस मामले की पूरी तरह से जांच नहीं हो जाती और दोषियों को सजा नहीं मिल जाती, तब तक छात्रहित में युवा मोर्चा का आन्दोलन जारी रहेगा।


इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता और प्रभावित छात्र शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि वे इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाते रहेंगे और न्याय मिलने तक संघर्ष करते रहेंगे।

भाजपा युवा मोर्चा ने राज्य सरकार से तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप करने और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने की अपील की है .

मौके पर दीपक मेहता, शैलेश चंद्रवंशी, शशांक शेखर, अपराजिता तिवारी, बब्लु सोनी, मनीष मेहता, सुमन रॉय, दीपक मेहता, अमित मिश्रा, मनीष चौधरी, शिबु मेहता, तरुण कुमार, अनिल कुमार, विशाल सोनी, रंजन चौधरी, आशुतोष तिवारी, हितेष रंजन, राकेश रॉय, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार इत्यादि कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

## नववर्ष पर पर्यटकों को लुभा रही है केरेडारी के हसीन पर्यटन स्थल

- प्रकृति की गोद मे समाया घाघरा जल प्रपात, अपनी हसीन वादियों की तरफ लोगो को कर रही है आकर्षित
- 2024 की विदाई एवं नववर्ष 2025 की स्वागत के लिए तैयार है केरेडारी के कई पर्यटन स्थल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के क्षेत्रो में पर्यटक स्थल नव वर्ष में पर्यटकों को स्वागत और दीदार के लिए तैयार है.इनके प्राकृतिकवादियां लोगों को अपनी और बरबस ही आकर्षित करने को बेताब दिख रही है.जिसमें केरेडारी क्षेत्र का विख्यात घाघरा जल प्रपात से नव वर्ष की शुरुआत करना केरेडारी प्रखंड वासियों की पहली पसंद मानी जाती है.इसी कारण नव वर्ष पर सैकड़ो की संख्या में लोग घाघरा जलप्रपात को देखने के लिए पहुंचते हैं. झारखंड निर्माण के 24 साल बाद भी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी के पर्यटक स्थलों का विकास नहीं हो पाया है. पर्यटक विभाग द्वारा कई बार इसका निरीक्षण भी किया गया लेकिन आज तक इसमें कोई पहल नहीं किया गया.

**घाघरा जल प्रपात :** प्रखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित हेवई पंचायत में घाघरा डैम प्राकृतिक सौंदर्य का मानव पर्यटकों के लिए अनुपम सौगात हो. यहां की वादियां नव वर्ष में लोगों को बारंबार अपने और आकर्षित करती है.वैसे यहां पर सैलानियों का आना-जाना सालों भर लगा रहता है.चारों ओर पहाड़ों से घिरे होने के कारण यहां की सुंदरता देखते ही मन को मोह लेता है. घाघरा जलप्रपात पहाड़ में एक छोटा सा गुफा भी है जहां पे स्थानीय लोग बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना भी करने आया करते हैं.घाघरा जलप्रपात के हसीन वादियों में कई कलाकार वीडियो भी बनाया करते हैं.

## फरार अभियुक्तों के घर पर बरही पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार का कॉपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही पुलिस ने मंगलवार को फरार अभियुक्तों के घर पर इश्तिहार कॉपी चिपकाया है। जिन लोगों के घर पर इश्तिहार चिपकाया गया है, उसमें बरही थाना कांड संख्या 508/23 के प्राथमिक अभियुक्त बरसोंत गांव निवासी नसरुद्दीन खान उर्फ नसरू पिता स्व. सब्बार खान व बरही थाना कंप्लेन नंबर 1317/2017 के अभियुक्त दुलमाहा गांव निवासी मिथिलेश यादव पिता नागेश्वर यादव शामिल है।

## आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष दीपू अकेला ने अंचलाधिकारी से जगह-जगह अलाव की किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ आजसू पार्टी प्रखण्ड कोषाध्यक्ष दीपू अकेला ने बढ़ती ठंड से राहगीरों एवं असहाय जनों को रात्रि के समय राहत पहुँचाने के नेक नियत से विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास को लिखित ज्ञापन सौपकर विष्णुगढ़ प्रखंड के सातमील मोड़,आठमील मोड,हॉस्पिटल चौक,बनासो मोड़,नरकी मोड़ जैसे मुख्य चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने का आग्रह किया गया ।

इस बाबत दीपू अकेला ने कहा कि इस समय ठंड काफी बढ़ चुकी है,आम-जन जीवन ठंड की वजह से थम चुका है। शाम को आठ बजते-बजते लोग अपने घरों में दुबक जाते है,सड़के सुनसान हो जाती है। ऐसे में इस ठंड की वजह से राहगीरों को भारी फजीहत उठानी पड़ती कड़कड़ाती ठंड में रात को खुले आसमान में रुकना उनकी मजबूरी होती है। इस वजह से प्रखण्ड के मुख्य चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था अत्यंत जरूरी है। इस मौके पर मुख्य रूप से गौतम वर्मा,बाबू खान समेत अन्य लोग शामिल थे।

## बरही में भाजपाइयों ने किया बैठक, सदस्यता अभियान चलाने पर दिया जोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव में स्थित सत्संग भवन में भाजपाइयों ने सदस्यता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव एवं संचालन बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए रमेश ठाकुर एवं किशुन यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि आज से भाजपा का सदस्यता अभियान का एक और दौर शुरू हो रहा है। भारतीय जनसंघ में अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने की कोशिश की है। इसलिए पार्टी हर छह साल बाद सदस्यता अभियान चलाती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन के इस महापर्व सदस्यता अभियान में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए हर एक बूथ तक पहुंचे और समाज के हर एक वर्ग को इस अभियान के तहत पार्टी से जोड़े। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं में मुन्ना यादव, उमेश यादव, संतोष यादव, रविन्द्र कुमार, मुकेश कुमार बक्सी, सुधीर कुमार, मनोज यादव, रघुनाथ मोदी, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, रामशरण पासवान, रामप्रसाद यादव, उमेश कुमार दास, रामलाल मोदी, अर्जुन रविदास, किरण वर्मा, पिंटू सिंह, सागर कुमार एवं रिंकू कुमार साव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## वन विभाग ने अवैध कोयला लदे दो ट्रैक्टर को किया जब्त



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अवैध कोयला उत्खनन एवं कारोबार को लेकर इन दिनों बड़कागांव वन क्षेत्र में डीएफओ के निर्देशानुसार एसीएफ एके परमार और वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में निरंतर छापेमारी की जा रही है। वन कर्मियों के द्वारा सोमवार की देर रात बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत रुद्दी जंगल से अवैध कोयला उत्खनन कर ले जा रहे दो ट्रैक्टर को गोंदलपुरा गांव के रास्ते में पकड़ा गया। इस दौरान कोल माफियाओ के भारी संख्या में समर्थक अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को घंटो तक रोके रखा, और हंगामा करते रहे। इस दौरान काफी गहमा गमहमी तनाव व स्थिति काफी भयावह हो गया था। जिसे देखते हुए वन विभाग के वरीय पदाधिकारी एसीएफ एके परमार ने जिले व प्रमंडल के वरीय पुलिस पदाधिकारी से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रण में करने का प्रयास किया। स्थिति नियंत्रण में होते ही वन विभाग के द्वारा दोनों अवैध कोयला ट्रैक्टर को बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय लाया गया। जिसमें रुद्दी जंगल में अवैध कोयला खदान संचालक, अवैध कोयला कारोबार में शामिल व्यक्ति के अलावा वाहन मालिक पर एफआईआर दर्ज किया गया है। पिछले 17 दिनों में कुल 5 अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को जब्त कर वन विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है। एके परमार ने कहा कि अवैध कोयला कारोबार को लेकर निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## सिकरी ओपी प्रभारी ने चलाया मोटरसाइकिल जांच अभियान



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिकरी ओपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने 17 दिसंबर को भी मोटर साइकिल जांच अभियान चलाया. इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के कागजात की जांच पड़ताल की गई. जिसमें वैध ड्राइविंग लाइसेंस और अपडेट कागजात नहीं रखने वाले 23 वाहन चालकों के विरुद्ध चलान के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए भेजी गई है. इस संदर्भ में सिकरी ओपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मोटर साइकिल जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है जिससे वैध ड्राइविंग लाइसेंस अपडेट कागजात रखने की हिदायत दी जा रही है और सबसे बड़ी पहल यह है कि बड़कागांव केरेडारी मुख्य सड़क पर दो पहिया वाहन चालकों में हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के कागजात अपडेट देखने को मिल रहा है.वहीं क्राइम और दोपहिया वाहन दुर्घटना पर भी अंकुश लग रहा है.

## श्याम टाबरिया के द्वारा भव्य श्याम समर्पण महोत्सव का होगा आयोजन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भक्ति और समर्पण की अनूठी मिसाल प्रस्तुत करते हुए, श्री श्याम टाबरिया के द्वारा आयोजित ÷श्याम समर्पण महोत्सव÷ का आयोजन आगामी 24 दिसंबर को मुनका बगीचा में अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ होगा। यह महोत्सव श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष आध्यात्मिक अवसर साबित होगा, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से हज़ारों भक्त व विभिन्न राज्यों के श्याम भक्त शामिल होंगे. महोत्सव का उद्देश्य खाटू श्याम जी की भक्ति का प्रचार-प्रसार करना और उनके दिव्य गुणों को समाज में समर्पण भाव से स्थापित करना । आयोजन में विभिन्न भजन संध्याओं, कीर्तन, एवं धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बनाया जाएगा . कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में मनमोहक झांकियां और सुप्रसिद्ध गायकों द्वारा प्रस्तुत श्याम भजन शामिल होंगे जिनमें हर किसी को भक्ति रस में डूबेंगे . श्याम टाबरिया ने इस अवसर पर कहा कि यह महोत्सव हमारे जीवन में भक्ति, प्रेम और समर्पण का संदेश देता है.खाटू श्याम जी के आशीर्वाद से हमें जीवन में आध्यात्मिक बल मिलता है और समाज में एकता का भाव प्रबल होता है जहां 151 महिलाओं द्वारा महाआरती की जाएगी.

## बिरहोर परिवारों के बीच किया गया कम्बल वितरण



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चट्टी बरियातू में संचालित एनटीपीसी सीबी के एमडीओ कंपनी ऋत्विक ने पगार बिरहोर कालोनी में बिरहोर परिवारों के बीच अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार के नेतृत्व में महिला पुरुष व असहाय के बीच कंबल का वितरण किया गया.कंबल वितरण में मुख्य रूप से महिलाएं एवं बच्चे अधिक संख्या में मौजूद थें. कंबल पा कर एनटीपीसी के प्रति आभार प्रकट किया.इस मौके पर सीओ श्री वर्णवाल ने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए परियोजना प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच कंबल उपलब्ध कराया जाना एक सराहनीय कदम हैं.इस दौरान सीओ राम रतन वर्णवाल, बीडीओ विवेक कुमार ऋत्विक कंपनी के अधिकारी के अलावे बिरहोर टोला के ग्रामीण मौजूद थें.

## बरही में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक संपन्न, कई बिंदुओं पर की गई चर्चा, दिये गये कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड सह अंचल सभागार में बीडीओ जयपाल मेहता के आदेशानुसार पंचायत समिति की मासिक बैठक प्रमुख मनोज रजक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभागवार पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान विभागवार कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान चिकित्सा विभाग से बताया गया कि टीवी को मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, उससे संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। बताया कि देश में 3.5 लाख टीवी रोग से लोगों की मृत्यु होती है, जिसे 2025 तक इन्हें समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। बरही में 2480 टीवी की जांच किया गया, जिसमें 196 मरीज पाएं गए हैं, जिसमें 164 का इलाज किया जा चुका है। मईया योजना में एक सप्ताह के अंदर सभी आवेदनों की स्वीकृत किया जाना है। मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत करियातपुर और बिजैया के रोजगार सेवक को इस माह में बहुत कम भुगतान करने के लिए अगले आदेश तक उनका वेतन रोका गया। वहीं बागवानी से संबंधित योजनाओं का भुगतान सबसे पहले करने का आदेश दिया गया। खोड़ाहर के अनिमा मिंज का कुआं के जांच के लिए बीपीओ को आदेश दिया गया। शिक्षा विभाग की ओर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुलमाहा में एक सरकारी शिक्षक को पदस्थापित करने के लिए गए प्रस्ताव को जिला भेजा जाएगा। कृषि विभाग में सभी सदस्यों को केसीसी ऋण माफी, फसल बीमा के फ्रॉड कॉल से सावधानी बरतने की जानकारी दी गई। सहकारिता विभाग के माध्यम से जानकारी दी गई कि कृषक बाजार में धान न विक्रय कर पैक्स में ही धान दें। पैक्स में 2400 प्रति क्विंटल, जबकि बाजार में 17 सौ से 18 सौ क्विंटल बिक्री ली जाती है। वहीं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पंचायत सचिव को गांव गांव जाकर इसे खोज कर इस कार्य को संपादित करने का बीडीओ ने निर्देश दिया। वहीं बीडीओ ने पंचायत समिति सदस्य की बैठक में उपस्थित होने को कहा उनके प्रतिनिधि को नहीं। वहीं उप प्रमुख के द्वारा अंचलाधिकारी सहित अंचल कर्मियों के साथ अति शीघ्र बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, सावना मांझी, बीपीएम बिजय कुमार, जे.ई आसिफ अकरम, अरविंद कुमार यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत कुमार, वनरक्षी भूपेंद्र कुमार, प्रभु दयाल, नेमधारी मेहता, पंसस में जितेंद्र कुमार दिव्य, विकास सिंह, नवल किशोर सिंह, सुजीत कुमार, मनोज कुमार यादव, रेखा देवी, मो तैयब, प्रभु यादव, मो यूसुफ, एवं पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, झमन यादव समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## बरही में धर्म रक्षा निधि संचय को लेकर विहिप ने किया बैठक, धर्म के रक्षार्थ के लिए अधिक से अधिक सहयोग करेंगें : गुरूदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** धर्म रक्षा निधि एवं शौर्य सभा को लेकर विश्व हिन्दू परिषद बरही की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विहिप अध्यक्ष निरंजन केशरी व संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया। बैठक में बतौर मुख्यातिथि विभाग समरसता प्रमुख प्रवीण चंद्र एवं जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता सशरीर उपस्थित हुए। रामभक्तों को संबोधित करते हुए विभाग समरसता प्रमुख ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद अपने स्थापना काल से सनातन समाज को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए सनातन समाज की समस्याओं को अपना मानकर संघर्ष कर रही है और इसी संघर्ष की परिणति के रूप में हमने राम मंदिर के रूप में प्राप्त किया। आज भी हमारा समाज कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है इन समस्याओं के समाधान के लिए सामाजिक सहयोग की आवश्यकता होती है। विश्व हिन्दू परिषद धर्म के रक्षार्थ वर्ष में एक बार धर्म रक्षा निधि का संग्रह करती है जिसका उपयोग समाजिक जागरण में लगे प्रचारकों के आवागमन व अन्य सामाजिक उत्थान के कार्यों में किया जाता है। आज इसी रक्षा निधि के माध्यम से पूरे देश में कई चिकित्सालय और विद्यालय का संचालन किया जा रहा है जहाँ चिकित्सा और शिक्षा पूरी तरह से निशुल्क है। विविध प्रकार के धर्म से संबंधित कानूनी मामलों में भी इस राशि का उपयोग किया जाता है। इसलिए समाज इस निधि संग्रह में अधिक से अधिक सहभागी बने और देश धर्म के रक्षार्थ कार्य कर पूण्य के भागी बनें। इस अवसर पर श्रीराम मंदिर आंदोलन का इतिहास बतलाते हुए जिला सह मंत्री ने कहा कि लाखों रामभक्तों के बलिदान और निरंतर संघर्ष के बाद हमने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कर अपने शौर्य का परिचय दिया और अब हमारे बढ़ते शौर्य को देखकर पूरा विश्व भारत की ओर एक नए आशा के साथ देख रहा है क्योंकि सनातन संस्कृति ही पूरे विश्व के. कल्याण की बात करता है बस हमें अपनी बढ़ते शौर्य और साहस को और संजोने की जरूरत है।कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, जिला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, कैलाश ठाकुर, प्रदीप चंद्रवंशी, जयप्रकाश प्रजापति, विवेक कुमार सिंह, नौरंगीलाल, नारायण यादव, शंकर कुमार, रणजीत पंडित, सुरेंद्र यादव, मनोज कुमार यादव, केदार यादव, मनोज कुमार सिंह, महेंद्र पासवान, सुधांशु चंद्रवंशी, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, रंजीत कुमार यादव, दिनेश कुमार राणा, वीणा उरांव आदि उपस्थित थे।

# गोंदुलपारा के ग्रामीणों ने सिंगरौली मे अदाणी फॉउंडेशन के सीएसआर कार्यों का लिया जायजा

- पांच दिवसीय दौरे में ग्रामीणों ने ली आजीविका, मशरूम उत्पादन और कृषि आधारित कार्यक्रमों की जानकारी
- यहां भी शुरू होंगी डिटर्जेंट पॉवर यूनिट, जूट बैग उत्पादन, सिलाई सेंटर और बायो गैस प्लांट जैसी योजनाएं






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदुलपारा खनन परियोजना के प्रभावित परिवार के सदस्यों की एक टीम को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से मध्यप्रदेश के सिंगरौली स्थित विभिन्न परियोजना क्षेत्रों में परिचयात्मक दौरे (एक्सपोजर विजिट) पर ले जाया गया। इस दौरान गोंदुलपारा के स्थानीय ग्रामीणों ने वहां जाकर अदाणी फॉउंडेशन के विभिन्न सीएसआर कार्यों को करीब से देखा और प्रभावित परिवार के सदस्यों से बातचीत की।

इस दौरान वहां सीएसआर विभाग के अधिकारियों के साथ ग्रामीणों ने संवाद किया और वहां चलाए जा रहे कुछ विशेष कार्यक्रमों को गोंदुलपारा में भी शुरू किए जाने की संभावनाओं पर सकारात्मक बातचीत की। ग्रामीणों ने वहां चलाए जा रहे स्वयं सहायता समूह के उन सदस्यों के कार्यों को भी करीब से देखा और जाना जो तेल मिल, डिटर्जेंट पॉवर यूनिट, जूट बैग उत्पादन और सिलाई सेंटर में बेहतर करके आर्थिक रूप से सशक्त बन चुके हैं। इसके अलावा परियोजना प्रभावित परिवार के सदस्यों ने वहां हो रही बहुफसलीय खेती को भी करीब से देखा और उसकी लागत और लाभ को जाना। इन लोगों ने वहां एक ऐसी महिला से भी बातचीत की और उनके कार्यों को देखा जो वहां सफलतापूर्वक वाशिंग पॉउडर उत्पादन की यूनिट को सफलतापूर्वक संचालित कर रही हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने यहाँ बायो गैस प्लांट भी संचालित कर रखा है, जिसका बेहद कारगर उपयोग किया जा रहा है। इसे भी गोंदुलपारा में संचालित करने पर सहमति बनी। बड़कागांव वापस लौटने पर दौरे में शामिल ग्रामीणों से फीडबैक लिया गया और उन्हें सम्मानित भी किया गया। पांच दिवसीय इस दौरे पर गए स्थानीय ग्रामीणों ने पहले दिन सिंगरौली के चीफ ऑफ क्लस्टर, एचआर और सुरक्षा प्रमुख से मुलाकात की, जिसके बाद लोगों ने वहां अदाणी फॉउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे स्कूल, आंगनबाड़ी और पशु चिकित्सा शिविर समेत अन्य कार्यों को नजदीक से देखा। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की टीम ने अदाणी पॉवर के महान इनर्जेन लिमिटेड के पॉवर प्लांट साइट का दौरा किया और वहां चल रहे विभिन्न आजीविका, मशरूम उत्पादन और कृषि आधारित कार्यक्रमों की जानकारी ली।

## कार्यकारिणी की बैठक में मुखिया ने पंचायत के विकास एवं स्वच्छता पर दिया जोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारूकुदर पंचायत सचिवालय में मुखिया उत्तम कुमार महतो की अध्यक्षता में कार्य कारणी की बैठक की गई,तथा संचालन पंचायत सचिव रंजीत कुमार ने किया। कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक में मुखिया उत्तम कुमार महतो ने पंचायत कार्यकारिणी सदस्यों को मईयाँ सम्मान योजना में आ रही विसंगतियों तथा लाभुको सही जानकारी दिए जाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की,साथ हीं 15 वें वित्त से वित्तीय वर्ष 25-26 में कूप निर्माण एवं जेपीडीपी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।मुखिया ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से अपने पंचायत को साफ एवं स्वच्छ रखने की विनम्र अपील की और कहा कि आस-पड़ोस में अगर स्वच्छ वातावरण होगा तो अनेकों बीमारियों से यूँ हीं बचा जा सकता है।इस मौके पर मुख्य रूप से उप-मुखिया माजदा प्रवीण, वार्ड सदस्य करमली अंसारी, मुकेश कुमार,रेशमी देवी, मीना देवी सुनीता देवी,आशा देवी, किरण देवी,मधु देवी,नीतू देवी, नंदलाल महतो, जागेश्वरी देवी, योगेन्द्र पटेल ,महेन्द्र सिंह, अब्दूल सफाज मोकीम अंसारी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 108 श्री सुयश सागर जी मुनिराज का रामगढ़ में भव्य प्रवेश आज

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परम पूज्य चर्या शिरोमणि 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं वात्सल्य रत्नाकर 108 सुयश सागर जी मुनिराज का रामगढ़ की पावन धरा पर दिनांक 18/12/2024 को प्रातः 7ः00 बजे होने जा रहा है। इसी दिन (18/12/2024) को हमारे परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी मुनिराज का अवतरण दिवस भी है जिसका भव्य आयोजन गुरुदेव के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम में गुरुवार के मंगल प्रवेश के पश्चात प्रवचन एवं आहारचर्या होगी। पुनः दोपहर 01ः00 बजे से गुरुवार के सानिध्य में आचार्य गुरुवर विशुद्ध सागर जी तथा मुनिश्री सुयश सागर जी का पूजन ,पाद प्रक्षालन, चित्र अनावरण, शास्त्र भेंट तथा बाहरी आगंतुकों का अभिनंदन किया जाएगा । इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सायं काल महा आरती के पश्चात गुरु भक्ति एवं णमोकार चालीसा गुरुदेव द्वारा कराई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए रामगढ़ जैन समाज के सचिव योगेंद्र सेठी ने समाज के सभी सदस्यों से उपरोक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में धर्म लाभ लेने की अपील की समाज के सभी सदस्य उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिया पूर्ण प्रयासरत है।



## विधायक ने जीत के बाद आभार यात्रा सह ममता की जनसंवाद यात्रा निकाला

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखण्ड के कुंदरुकला रहमत नगर करमली टोला नावाडीह सरैया कुंदरुखुर्द आमडेला लोदरोबेड़ा में रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी ने जीत के बाद आभार यात्रा सह ममता की जनसंवाद यात्रा निकाला साथ ही ग्रामीणों का आभार व्यक्त किए और लोगों की जनसमस्याओं से अवगत हुई! मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी प्रखण्ड अध्यक्ष दिगम्बर गुप्ता बीस सदस्य हीरालाल महतो भरत महतो निरंजन बेदिया खेमन महतो इनायत अंसारी शंकर लाल प्रसाद चुरामन पटेल झलकू बेदिया ताहिर अंसारी छोटन अंसारी तैयब अंसारी जाहिर मियां टिंकू अंसारी कुलदीप करमाली बीरबल करमाली विमल करमाली संदीप करमाली कमलेश कुमार जुगल किशोर महतो चिंतामणी बेदिया मिठकू रविदास कादिर अंसारी मुस्तकीम अंसारी सहित सैकड़ों पार्टी के लोग शामिल थे।



## विधायक ने कुंदरु कला में कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरु कला पंचायत अंतर्गत मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान का शीलान्यास किया गया। इस समारोह मे मुख्य रूप से रामगढ़ विधायक ममता देवी के द्वारा चहारदीवार निर्माण कार्य हेतु आधारशिला रखी गई लाखों की लागत से झारखंड सरकार कल्याण विभाग द्वारा निर्माण कार्य किया जाना है, इस मौके पर विधायक ने अभिकर्ताओं से कहा कि निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए पर विशेष ध्यान दिया जाए, चहार दीवार निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार का कोई कोताही नहीं हो तथा टीकाउ बहुत दिनों तक रह सके इस मौके पर मुस्लिम टोला एवं सरैया टोला कुंदरुकला, करमाली टोला,नावाडीह,बरवाडीह,कुंदरू खुर्द लोदरोबेडा आदि कई जगहों पर नागरिक अभिनंदन भी किया गया! इस मौके पर प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता रियाज अंसारी कांग्रेसी नेता पंकज तिवारी पूर्व प्रमुख मजहर वारिस वारिस 20 सूत्री सदस्य हीरालाल महतो कमलेश महतो गौरी शंकर महतो,दिगंबर प्रसाद गुप्ता इनायत अंसारी मुजीम अंसारी झबू मियां तैयब अंसारी, बराल अंसारी, झलकू बेदिया,ताहिर अंसारी कमलेश बेदिया, सहित कई लोग मौजूद थे।



## आगामी वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में 11 फरवरी से 03 मार्च 2025 तक चलने वाले माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 हेतु केंद्रों के चयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक रामगढ़ ममता देवी, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र राजीव जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि मांडू लालचंद महतो बैठक में उपस्थित हुए।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025 में कुल 12669 विद्यार्थी माध्यमिक परीक्षा में शामिल होंगे जिसके लिए जिले में कुल 52 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है। वही इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 12300 विद्यार्थी शामिल होंगे जिसके लिए कुल 40 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है।बैठक के दौरान उपायुक्त ने वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए चयनित किए जाने वाले केंद्रों पर वर्तमान में मूलभूत सुविधाओं, जलापूर्ति, शौचालय आदि की जानकारी ली वहीं उन्होंने परीक्षा के दौरान मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त तरीके से माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 को संपन्न कराने को लेकर कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान शिक्षा संघ के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।



## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय साइकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय साइकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी के द्वारा बैठक में उपस्थित उपायुक्त उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती कुमारी नीलम सहित समिति के अन्य सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्थित विद्यालयों के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली साइकिलों के संबंध में क्रमवार जानकारी दी गई इस दौरान उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024- 25 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के तहत रामगढ़ प्रखंड में 880, चितरपुर प्रखंड में 483, दुलमी प्रखंड में 661, गोला प्रखंड में 2030, मांडू प्रखंड में 1601 एवं पतरातू प्रखंड में 1673 कल 7328( 3643 छात्र व 3685 छात्राएं) साइकिलों का वितरण छात्र-छात्राओं के बीच किया जाना है। इस संबंध में उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त सहित समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराने हेतु अनुमोदन देते हुए जल्द से जल्द सभी साइकिलों का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक

**➩ पर्यटन स्थलों के सुचारू रूप से संचालन हेतु पर्यटन संवर्धन समितियों का करें गठन**

**➩ पर्यटन संभावित क्षेत्रों की पहचान व उन्हें विकसित करने को लेकर टीम बनाकर स्थल निरीक्षण करें अधिकारी : उपायुक्त**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक बड़कागांव रोशन लाल चौधरी, विधायक मांडू निर्मल महतो, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र राजीव जायसवाल सहित अन्य बैठक में उपस्थित हुए।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला पर्यटन पदाधिकारी मारकस हेमरोम के द्वारा जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई जिसके उपरांत पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से रामगढ़ जिला अंतर्गत पूर्व से अधिसूचित पर्यटन स्थलों यथा रजरप्पा, पतरातु लेक रेसोर्ट, महामाया मंदिर मायाटुंगरी, प्राचीन शिव मंदिर कैथा, भैरवी जलाशय टुटी झरना, पलानी झरना, निम्मी झरना एवं मां पंचवाहिनी मंदिर पतरातू के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा पूर्व से अधिसूचित पर्यटन स्थलों पर साफ सफाई, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए वहीं टुटी झरना मंदिर तक पहुंच पथ निर्माण को लेकर डीपीआर तैयार करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। मौके पर उपयुक्त ने पर्यटन स्थलों के सुचारू रूप से संचालन को लेकर पर्यटन स्थलवार पर्यटन संवर्धन समितियों का गठन करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित विधायकों, सांसद प्रतिनिधि जिला स्तरीय अधिकारियों आदि को जिले में पर्यटन संभावित स्थलों से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने बात कही।बैठक के दौरान नए पर्यटन स्थलों को चिन्हित करने को लेकर राम जानकी पार्क सौंदा पतरातू, श्री चैतन्य महाप्रभु मंदिर कुज्जू मांडू, पोना पर्वत धाम बड़कीपोना चितरपुर, धारा वॉटरफॉल खाखरा गोला पर चर्चा के क्रम में उपायुक्त द्वारा स्थलों के सौंदरीकरण, स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए गए।इन सबके अलावा बैठक के दौरान जिले में पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से इको टूरिज्म एवं ट्रेकिंग रूट चिन्हित करने को लेकर पतरातू प्रखंड सहित अन्य क्षेत्रों पर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिए गए। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



## नगर परिषद में बंद पड़े पानी सप्लाई को चालू करने को लेकर ममता देवी उपायुक्त से मिली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत मरार सेवटा सांडी तिलैया रांची रोड में काफी दिनों से नगर परिषद द्वारा पेयजल आपूर्ति को बंद कर दी गई है जिसको चालू करने के लिए मरार रामा ग्लास के लोग विधायक ममता देवी के नेतृत्व में उपायुक्त से मुलाकात किए जिसमें विधायक ममता देवी ने उपायुक्त से कहा कि पिछले कई दिनों से नगर परिषद के मरार,सांडि ,रामा ग्लास , रांची रोड सेवटा आदि के विभिन्न गली एवं मोहल्ले में जलापूर्ति जो पाइप लाइन से सप्लाई हो रही थी एका एक बंद कर दिया गया है तथा कुछ लोगों द्वारा डेढ़ सौ से ?160 पानी के नाम पर वसूली भी किए हैं जो गलत है विधायक ने डीसी साहब से मिलकर अभिलंब बंद जलापूर्ति को चालू करने का आग्रह किया जिसमें उपायुक्त चंदन कुमार ने तत्काल नगर परिषद कि मीटिंग कर बंद जलापूर्ति को चालू करने की बात कहा है जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस से खगेंद्र साव , कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी , केडी मिश्रा , बेदिया , कमलेश कुमार महतो , विजय नंदन मिश्रा ,संतोष कुमार सोनी आदि लोग उपस्थित थे ।



## डीएवी बरकाकाना में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में नर्सरी से वर्ग द्वितीय तक के बच्चों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2024 आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रुप में इस क्षेत्र के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ गौतम कुमार की विद्यालय की बैंड के धुन के साथ अगुवाई की गई। उन्हें हरित पौध प्रदान करके सम्मानित किया गया। उन्हें विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा डीएवी का मोमेंटो प्रदान किया गया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए माननीय मुख्य अतिथि ने कहा कि प्राचीन काल से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए काम किया जाता था। उस समय 72 कलाओं की बच्चों को शिक्षा दी जाती थी। पुराने समय में कहा जाता था पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब खेलोगे कूदोगे होगे खराब यह मानसिकता बिल्कुल गलत थी क्योंकि खेलकूद बच्चों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है और कहा जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। कार्यक्रम के लिए मंच संचालन का वर्ग नवम् की सृष्टि सिंह एवं भार्गवी सिंह ने किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के प्रारंभ होने की घोषणा की।वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के आंखों देखा हाल को लोगों के सामने रखने का काम वर्ग नवम् के आदित्य शंकर एवं सृष्टि देव ने किया। इस अवसर पर बच्चों की हौसला अफजाई करने के लिए नवनिहालों के अभिभावक भी उपस्थित रहे। नर्सरी के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसके बोल थे वेलकम वेलकम ऑल ऑफ़ यू। एलजी और यूकेजी के बच्चों में मनमोहक जुम्बा नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने कहा कि इस वर्ष हमारा विद्यालय डीएवी नेशनल में परचम लहरा कर आया है। आज इन छोटे बच्चों के जज्बा को देखकर हम आश्वस्त हैं कि हमारा भविष्य भी राष्ट के क्षितिज पर परचम लहराने के लिए तैयार है।



*आर ए माइनिंग कंपनी गेट के समीप जेएलकेएम के नेतृत्व में मजदूर बैठे धरने पर*

## मजदूरो को पुनः बहाल एवं बकाया भुगतान करें प्रबंधन : रूपा महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना के आर ए माइनिंग कंपनी के गेट के समीप सोमवार को पुर्व में कंपनी से निकाले गए मजदूरों को एवं उनके बकाया भुगतान नहीं करने पर मजदूरों ने कंपनी के गेट के समीप धरने पर बैठ गए हैं। वहीं मजदूरों के धरने को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने अपना समर्थन दिया है। वहीं इस समर्थन का नेतृत्व जेएलकेएम के केन्द्रीय महिला मोर्चा कि उपाध्यक्ष रूपा महतो ने किया। वहीं नेत्री रूपा महतो ने कहा कि मजदूरों कि मांग जायज है। आर ए माइनिंग कंपनी को मजदूरों के साथ भेद भाव कि नीति नहीं चलने दिया जाएगा। वहीं उन्होंने आर ए माइनिंग कंपनी से मांग करते हुए कहा कि कंपनी निकाले गए मजदूरों को पुनः बहाल कर उन्हें रोजगार से जोड़े एवं मजदूरों को उनका बकाया भुगतान करें। वहीं धरने पर मजदूरों में शिवनारायण प्रसाद, हिरालाल महतो, द्वारिका महतो,मधार अंसारी, इजाजुल अंसारी एवं जेएलकेएम के केन्द्रीय संगठन सचिव सुभान अंसारी,लक्ष्मण महतो, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक इनामुल अंसारी,राकिब अंसारी, दिपेंद्र कुमार, रोहित कुमार, प्रखंड अध्यक्ष पतरातु प्रयाग कुमार, शंकर मेहता आदि लोग मौजूद थे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का किया गया पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ के तत्वाधान में झारखंड प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नियोजित झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। जिसका नेतृत्व रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष तरुण साव ने किया। ज्ञात होगी पिछले दिनों जेएसएससी कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे झारखंड के छात्रों को पुलिस के द्वारा बर्बरता पूर्वक पिटाइ कि गई। जिसमें कई युवा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ केंट मंडल के द्वारा रामगढ़ के सुभाष चौक में राज्य के हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ जिला महामंत्री विजय जायसवाल, मंत्री अनमोल सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र चंचल, भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी,युवा मोर्चा के जिला महामंत्री, रुदल कुमार, रामगढ़ केंट मंडल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शशि शेखर सिंह, युवा मोर्चा के रामगढ़ कैंट मंडल के महामंत्री अमित ठाकुर, सुदीप मिश्रा, आकाश गुप्ता, मनोज सिंह, सोना कुमार, विनोद ठाकुर, सहदेव ठाकुर आदि कई भाजपा एवं युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री श्याम मंदिर में बाबा की प्राण प्रतिष्ठा हेतु आम सभा का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** नेहरू रोड में स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा की प्राण प्रतिष्ठा हेतु एक आम सभा का आयोजन किया गया है जिसमें शहर के अनेक गणमान्य उपस्थित हुए द्य इस आम सभा में सभी पदाधिकारीयों सहित ट्रस्टी गण, लाइफ मेंबर, भू दाता, दानदाता एवं अनेक श्याम भक्तों में पूरे मनोयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया द्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया गया द्य 3 फरवरी 2025 से आरंभ होकर 8 फरवरी 2025 तक आयोजित इस समारोह में पंचदिवसीय विधिवत पूजन हवन के अलावा प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे अध्यक्ष सांवर कुमार अग्रवाल ने सभी भक्तों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षो से श्री श्याम भक्तों को बाबा के आगमन की प्रतीक्षा थी वह स्वप्न अब साकार होने का सुअवसर आ गया है द्यअब हमारे श्याम सरकार मंदिर में विराजमान होंगे द्य श्याम बाबा के साथ विघ्नहर्ता श्री गणेश भगवान एवं श्री बालाजी महाराज प्रतिष्ठित होंगे इस अवसर पर सचिव अनिल कुमार गोयल ने सबका अभिनंदन करते हुए प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में सभी कार्यक्रमों की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि 21 जनवरी 2025 को श्री श्याम ज्योत लाने के लिए शिव कुमार अग्रवाल के सानिध्य में नेहरू रोड मंदिर प्रांगण से खाटू धाम की ओर प्रस्थान करेंगे ।28 जनवरी 2025 को बाबा की श्री श्याम ज्योत खाटू नगरी से गाजे बाजे एवं भजन कीर्तन के साथ रामगढ़ लाई जाएगी । 3 फरवरी 2025 को दामोदर नदी से कलश यात्रा से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा । बनारस के प्रतिष्ठित आचार्य श्री लोकेंद्र शर्मा के साथ सूरजगढ़ राजस्थान के श्री हजारीमल जी के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का संचालन होगा । 4 फरवरी 2025 को सुंदरकांड का पाठ, 5 फरवरी 2025 को श्री श्याम ज्योत पाठ, 6 फरवरी 2025 को नगर भ्रमण शोभायात्रा निकलेगी । 7 फरवरी 2025 को श्री श्याम प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा सुबह शुभ मुहूर्त 11ः20 से 12ः40 के मध्य की जाएगी द्य अटूट भंडारा प्रसाद भजन कीर्तन एवं बाबा के दर्शन हेतु भव्य सिंगर के साथ पट खोल दिए जाएंगे ताकि सभी भक्त दर्शन का लाभ ले सकें बाबा की प्राण प्रतिष्ठा के तत्काल बाद 8 फरवरी 2025 को प्रथम एकादशी कीर्तन का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा ।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मंगलवार को विद्यालय परिसर में वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन तीन दिनों तक चलेगा एवं इसका समापन 19 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) एवं सचिव विमल किशोर जाजू के साथ सैकड़ो की संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चियों ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय ने विद्यालय का झंडा फहराया एवं बेलून उड़ाकर आज के खेलकूद के आयोजन का शुभारंभ किया। अध्यक्ष एवं सचिव महोदय ने संयुक्त रूप से दो धावकों को जलता हुआ।मसाल प्रदान किया जिसे लेकर उन्होंने पूरे मैदान में दौड़ लगाकर कार्यक्रम का आगाज किया। अतिथियों के समक्ष बाल वाटिका के नन्हे मुन्ने बच्चों का जलेबी रेस एवं लड्डू रेस आयोजित किया गया। साथ ही विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने अपने संबोधन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलकूद विद्यार्थी जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है जिसमें भाग लेने से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। विद्यालय के खेल शिक्षक मनोरंजन चौधरी एवं प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी की देखरेख में आयोजित आज के वार्षिक खेलकूद के शुभ उद्घघाटन समारोह के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। आज कुल 22 प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न हुआ एवम विजेताओं की घोषणा करते हुए उन्हें मेडल एवं प्रमाण पत्र दिए गए।

## प्रदर्शनी और स्कूल फेट का आयोजन आज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में आज दिनांक 18 दिसंबर को प्रदर्शनी और स्कूल फेट का आयोजन किया जा रहा । यह विद्यालय का वार्षिक आयोजन है जो हर वर्ष हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। स्कूल प्रदर्शनी का थीम सर रतन टाटा को समर्पित है। इस प्रदर्शनी में लगभग 1000 छात्रों की जीतोड़ मेहनत है जिसमें अंग्रेज़ी हिन्दी संस्कृत गणित विज्ञान सामाजिक विज्ञान के मॉडल हैं। इस प्रकार की प्रदर्शनियाँ छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं को पहचानने और उनका समाधान निकालने के अवसर प्रदान करके समस्या-समाधान क्षमताओं के विकास को बढ़ावा देती हैं। छात्रों को अपने रचनात्मक विचारों को दिखाने ,दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलता है । छात्र अपने ज्ञान को गहरा और अवधारणाओं को मज़बूत करते हैं। इस प्रकार के आयोजन सेछात्रों की जिज्ञासा बढ़ती है और वे आजीवन सीखने के मार्ग पर चलते हैं। इस वर्ष स्कूल फेट में शिक्षक भी विद्यार्थियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर स्टाल लगाएँगे । विद्यालय के विद्यार्थी इस प्रदर्शनी और स्कूल फेट को लेकर काफ़ी उत्साहित हैं। फेट में छात्रों को कर्तव्य सौंपे जाते हैं, जिससे वे ज़्यादा ज़िम्मेदार बनते हैं। यह उन्हें काम और मौज़-मस्ती को संतुलित करने का तरीका सिखाता है। प्राचार्य हरजाप सिंह के अनुसार इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों को तनाव से राहत मिलती है और वे चिंताओं को भूलकर आनंद ले पाते हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी ।**

**शुद्धि पत्र**

इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/KHUNTI/04/2024-25 2nd Call जिसका पी.आर. संख्या **340280 RURAL DEVELOPMENT (2024-25) D** है, जिसे निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क0 सं0 | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 27.11.2024 | 18.12.2024 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 27.11.2024 से 02.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक | 19.12.2024 से 26.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 03.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे | 27.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी ।

PR 342241 Rural Development(24-25)D

### झारखंड आंदोलन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के दिलों में रहेंगे कमल किशोर भगत : नीरू शांति भगत

# आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में स्वर्गीय किशोर भगत की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड लोहरदगा में झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक एवं आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि मनाई गई। स्वर्गीय कमल किशोर भगत को सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा की कमल किशोर भगत झारखंड आंदोलन के सच्चे सिपाही, जन नेता एवं लोहरदगा के विकास के सपने को सच करने की पुरजोर कोशिश की। ये ऐसे नेता थे गरीबों के दुख दर्द को समझ कर उनका निराकरण करने की कोशिश करते थे। वह आदिवासियों के



जल जंगल जमीन की मामला विधानसभा में पहली बार उठाने वाले सशक्त सजग एवं निडर नेता थे। श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत ने कहा कि हमने अपना सच्चा साथी हमदर्द खोया और लोहरदगा की जनता ने एक अभिभावक झारखंड आंदोलन के सच्चे सिपाही और लोहरदगा एवं झारखंड के विकास सपना देखने वाले और उसको सच करने के लिए अथक प्रयास करने वाले सच्चे नेता को आज के दिन खोया है। झारखंड सरकार से जो सुविधा मिलनी चाहिए वह इनको नहीं मिली। राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार मिला परंतु झारखंड सरकार इनकी सुध लेने की भी नहीं सोची। झारखंड राज्य जिन आंदोलनकारीयों के बदौलत बनी उनके लिए यह सरकार कुछ नहीं कर पाई। आंदोलनकारी और उनके परिवार सोचता होगा कि क्या इसी झारखंड के लिए हमने लड़ाई लड़ी। आज सत्ता में वैसे लोग बैठे हैं जो आंदोलन की उपज की खेती काट रहे हैं। परंतु आंदोलनकारीयों के लिए उनकी सोच कुछ भी नहीं है। झारखंड के लिए 17 दिसंबर एक दुखद दिन है। जिस दिन झारखंड अपने आंदोलनकारी सपूत को खोया। जो सच्चे अर्थ में झारखंड को अलग करने के साथ-साथ एक उत्कृष्ट झारखंड, विकसित झारखंड बनाने की सोच रखे हुए थे और उसके लिए सच में आगे बढ़ रहा थे,परंतु नियति को यह मंजूर नहीं था और भगवान ने उनको हमसे छीन लिया। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने कहा कि आजसू एक आंदोलनकारी पार्टी रही है और आंदोलन को गति और दिशा देने का कार्य स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने किया था। उनके पराक्रम और नेतृत्व क्षमता के कारण ही आज झारखंड अलग राज्य बना। इन्होंने रांची में रहकर युवाओं को हौसला दिया और समय-समय पर अर्थ की भी व्यवस्था की जिससे आंदोलन चलता रहा और झारखंड अलग राज्य बना। अलग राज्य बनने के बाद उनके सपने झारखंड को एक विकसित राज्य बनाने का था। इनका सच था की विकास ऐसी होनी चाहिए जिसमें किसी को कोई नुकसान ना हो और झारखंड तरक्की भी करें। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ भी ना हो और झारखंड सुंदर एवं प्रकृति ने जो अनमोल खजाना इस राज्य को दिया है उसका समुचित उपयोग करते हुए राज्य को सुंदर एवं विकसित राज्य बनाया जाय। इनका सोच लोहरदगा को हिंदुस्तान की पटल पर अग्रणी जिला बनाने का था परंतु समय इन्हें नहीं मिल पाया और हमसे हमारा नेता उपरवाला ने छीन लिया। यह पल हम कार्यकर्ताओं के लिए दुखद है परंतु हमें उनके सपनों को साकार करने के लिए फिर से उठ खड़ा होना और उनके बताए हुए मार्ग पर चलते हुए। एक सुंदर झारखंड बनाने की जो उनकी परिकल्पना थी। उसको पूरा करने की कोशिश करनी होगी।

## संजय बर्म्मन ने गुमला व लातेहार के खनन पदाधिकारीयों को पत्राचार कर व्यवहारिक नजरिया अपनाने का किया आग्रह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले की आर्थिक लाइफ लाइन कहे जाने वाली बॉक्साइट ट्रैकों के चालक व संचालकों की स्थिति इन दोनों करें तो क्या करें जैसी हो गई है। जिले के तकरीबन 1500 से ऊपर ये ट्रकें गुमला जिले के कुजाम, अमतीपानी, गुरदरी, सखुवा पानी, विमरला, जालिम, सेरगदाग, चिरोड़ीह, भैंसबथान आदि माइंसों से बॉक्साइट लेकर लोहरदगा के हेसल डंपिंग यार्ड, रिचूघूटा व टोरी रेलवे साइडिंग में अनलोड करती है, वहीं गुमला व लातेहार के जिला खनन पदाधिकारी द्वारा इन सभी ट्रैकों को चार, साढे चार व पांच घंटे में (औसतन 40 किलोमीटर की स्पीड से) अनलोडिंग करने के फरमान जारी कर दिए गए हैं तथा विलंब होने पर फाइन व वाहन जप्त कर लिए जा रहे हैं, जबकि इन माइंसों से अनलोडिंग पॉइंट पहुंचने में नेतरहाट व चंदवा की घुमावदार व खतरनाक घाटी, लोहरदगा, घाघरा, सेन्हा व चंदवा के शहरी क्षेत्र, कई बस्ती, ट्रैफिक जाम, साप्ताहिक-हाट बाजार, कुहासा, धार्मिक सामाजिक राजनीतिक आयोजन, चंदा के कारण विलंब, शिक्षालय, रेलवे फाटक, दो फॉरेस्ट चेक नाका, जतरा-मेला, वाहनों के पंचर व कल पुर्जे की खराबी, चालक व उप चालकों का भोजन, आए दिन मांगों को लेकर सड़क जाम आदि इन तमाम बाधाओं को पार करके व समय की भरपाई व दंड से बचने हेतु मजबूरी में द्रुत गति से माल गिराने के चक्कर में इन मार्गों में दुर्घटनाओं व हिट एंड रन की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। लोहरदगा जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने गुमला व लातेहार के खनन अधिकारियों से पत्राचार कर व्यवहारिक नजरिया अपनाने का आग्रह किया है व कहा कि यहां एक्सप्रेस वे नहीं है तथा परिस्थितियों को देखते हुए समय सीमा दुगनी करनी चाहिए, नहीं तो तेज रफ्तार के कहर से कई परिवारों की जिंदगियां बर्बाद हो जाएगी।

## प्रखंड से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा कर बीडीओ ने कर्मियो को दिये आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 17 दिसंबर मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य ने प्रखंड मे संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का पंचायतवार समीक्षाकर दिये कर्मियो को आवश्यक निर्देश। प्रविपदा0 ने प्रखंड से संचलित 15 वें वित्त, पीएम आवास, अबुवा आवास, मनरेगा, मईया सम्मान योजना, विधवा-बृद्धा पेंशन योजना इत्यादि योजनाओं की पंचायतवार अद्यतन प्रगति एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए कर्मियो से कहा कि 15 वें वित्त के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जो योजनायें पुर्ण हैं उनका अभिलेख बन्द करें एवं अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पुर्ण की जाये। मनरेगा के अंतर्गत सभी ग्राम से 05-05 योजनाओं का चयन करें, वहीं मनरेगा मे अधिक-से-अधिक मानव दिवस का सृजित किये जायें, जिससे कि अधिक-से-अधिक लोगों को काम मिल सके। बैठक में प्रविपदा0 के द्वारा विकास से संबंधित कर्मियो को और भी आवश्यक निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में बीपीओ निलेन्द्र कुमार, प्रभारी पंचायतीराज पदाधिकारी अधिश खाखा, प्रखंड समन्यवक संजीव कुमार, कनीय अभियंता सचिन कुमार, पंचायत सचिव आनन्द सिंह, जगु उराँव, पावन कुमार, शशि कुजुर, मुखिया वीरेंद्र महली, सुमित्रा उराँव, अरविंद उराँव, सुमन उराँव, श्रवण मुंडा, चंद्रमणि उरांव, रोजगार सेवक पंचम एतवा पहान, परवेज अख्तर इत्यादि समीक्षा बैठक में थे उपस्थित।

## उपायुक्त ने की ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की किया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा, आवास एवं पंचायत राज विभाग से संबंधित योजनाओं की अधतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई द्य बैठक में उपायुक्त महोदय ने अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, पीएमजनमन, मनरेगा, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, बिरसा हरित ग्राम तथा पंचायती राज में 15वें वित्त आदि की समीक्षा की द्य उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्राम विकास से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी रूप से



क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए. अधिक से अधिक लोगों को योजना से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराएं. विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में मानव दिवस सृजन में अपेक्षित प्रगति नहीं पाये जाने पर सभी बीडीओ, बीपीओ को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का निदेश दिया। प्रतिदिन कम से कम 5 योजना प्रत्येक गांव में संचालित किए जाने, सभी पंचायतों में मानव बल को रोजगार उपलब्ध कराने की बात कहीं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2016-17, 2017-18 एवं 2020- 21 तक की पुरानी योजना को प्राथमिकता के साथ एमआईएस पोर्टल में एंट्री करते हुए बंद करने का निदेश दिया. साथ ही रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन से संबंधित लंबित मामलों का ससमय क्लियर कराने की बात कहीं. 75 फीसदी से ऊपर व्यय वाली योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने, भौतिक रूप से पूर्ण योजना में यदि सामग्री मद में राशि के कारण योजना पूर्ण नहीं की जा सकी हैं, तो संबंधित विपत्रों की एमआईएस में इंट्री करते हुए योजना को पूर्ण करने की बात कहीं।

## ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी सेविका को हटाने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जोबांग थाना अंतर्गत लावादाग गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदय को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी सेविका अनीता गुड़िया के खिलाफ आरोप लगाया है कि वह पिछले 15 सालों से आंगनबाड़ी का सेविका के रूप में कार्यरत है। अब इनका व्यवहार ग्रामीणों के प्रति अच्छा नहीं है। वह हमेशा अभद्र भाषा का प्रयोग करती हैं एवं जब मन किया तब आंगनबाड़ी केंद्र खोलती है जब मन की तब बंद करके चली जाती है, साथ ही टीकाकरण एवं पोषाहार भी सही से बच्चों को नहीं करती। जिससे लोगों को काफी कठिनाइ हो रही है। कुछ बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं। महिलाओं में एनीमिया बढ़ रही है। जो व्यवस्था सरकार गांव में आंगनबाड़ी के रूप में बच्चों एवं महिलाओं को जागरुक करते हुए स्वस्थ एवं पोषण प्रदान करने की जो कोशिश है ।उसमें यह रुकावट बन रही है। इसलिए उपायुक्त महोदय से आग्रह है कि इन्हें हटाते हुए उनके स्थान पर दूसरे किसी को आंगनबाड़ी सेविका नियुक्त किया जाए और जो आंगनवाड़ी की व्यवस्था सुचारू रूप से चलें ताकि बच्चों को पोषाहार समय पर मिल सके एवं आंगनबाड़ी भी समय से खुल सके तथा महिलाओं पोषाहार, बच्चों का टीकाकरण सही समय से हो सके। आवेदन देने वालों में सुनील मुंडा, मोहन गंझू, चंद्रदेव सिंह, सुरेश सिंह, जोगिंदर गंजू, बालेश्वर सिंह, बोधन गंजू, जमन मुंडा, अरविंद मुंडा, संजू नायक आदि सैकड़ो लोगों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त महोदय को सौपा।

## आजसू पार्टी की समीक्षा बैठक 22 दिसंबर को

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव की समीक्षा 22 दिसंबर दिन रविवार को 11:00 बजे आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड लोहरदगा में होगी। इस समीक्षा बैठक में केंद्र के सभी पदाधिकारी जो लोहरदगा में निवास करते हैं। जिला के सभी पदाधिकारी, जिला के अलग-अलग इकाइयों के सभी पदाधिकारी तथा महिला मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, युवा मोर्चा, नगर के अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष सचिव प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव सभी प्रखंडों के प्रभारी, जिला के प्रभारी सह प्रभारी इस बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक के बाद आजसू अपने आगे की रणनीति पर चर्चा करेगी। इस बैठक में सभी की उपस्थिति अनिवार्य है यह जानकारी आजसू पार्टी प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सागर वर्मा ने दी।

## 65 युवक युवतियों को निशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु फ्लैग ऑफ कर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को पलाश (JSLPS ) के तत्वावधान में (DDU-GKY) दिनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत लोहरदगा जिला मिशन प्रबंधन इकाई के प्रांगण में जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा कुल 65 युवक युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में जैसे सिलाई मशीन संचालक, सहायक नर्सिंग, सहायक इलेक्ट्रीशियन, होटल मैनेजमेंट, टू व्हीलर टेक्नीशियन, वेयरहाउस पैकर इत्यादि में निशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु फ्लैग ऑफ कर के रवाना किया गया। 3 से 9 माह के प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें संगठित क्षेत्र में रोजगार से जोड़ा जाएगा जिस से इन्हे हर माह एक सुनिश्चित आय हो सके। DDU-GKY योजना के अंतर्गत युवक एवम युवतियों को निः शुल्क आवासीय प्रशिक्षण, निः शुल्क पठन-पाठन सामग्री, पोशाक, रहने खाने की व्यवस्था आदि। निः शुल्क एक साल तक के लिए PMJJY & PMSBY, अभ्यर्थियो का बैंक खाता खोलवाना, पोस्ट प्लेसमेंट सपोर्ट राशि के तहत अधिकतम 6 माह तक 1270 रुपया के दर से आर्थिक सहायता इत्यादि उपलब्ध करवाना है।

### विधायक कोलेबीरा ने किया पूल का शिलान्यास

## क्षेत्र की जनता के अनुरूप विकास के कार्यों में लगातार निरंतरता जारी रहेगी : विधायक कोलेबिरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधानसभा चुनाव जीतकर लगातार तीसरी बार विधायक बने नमन विक्सल कोनगाड़ी जनता के विकास कार्य में जुट गए है। इसके तहत मंगलवार को ठेठईटांगर प्रखंड के पंडरीपानी में लंबे अरसे से ग्रामीणों की पुल निर्माण की मांग को पूर्ण कराते हुए निर्माण हेतु शिलान्यास किया। इस दौरान शिलापट्ट का अनावरण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस उम्मीद और भरोसा से जनता ने उन्हें विधानसभा चुनाव में पुनः जीताकर विधायक बनाया है, उसे पूरा करने का वह हर संभव प्रयास करेंगे। क्षेत्र का विकास हो और ग्रामीणों की समस्या दूर हो इसके लिए वे हमेशा तत्तपर रहेंगे। साथ ही कहा कि विकास कार्य के तहत जो भी योजना उनसे संभव होगी वे अपने मद से करने का कार्य करेंगे। वही जो बड़ी योजना होगी उसे



सम्बंधित विभाग से जिला और राज्य स्तर से पूरा कराने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी, जिसे सभी देखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे अन्य नेताओं की तरह नही है जो केवल घोषणा कर के भूल जाते हैं। उन्होंने छेत्र की जनता के अनुरूप बिकास कार्यों के सफल किर्यान्वयन के साथ ही लोगों के सामाजिक और धार्मिक न्याय के लिए कई नीतिगत फैसलों को लागू करवाया, जिसके फलस्वरूप इतनी प्रचंड जीत छेत्र की जनता के द्वारा दिलवाई गई।मैं समस्त जनता को धन्यवाद भी देता हूँ। वही उन्होंने कार्य कराने वाले संवेदक व बिभाग के कर्मियों को भी निर्माण कार्य मे गुणवत्ता और बेहतर सामग्री का उपयोग करने की हिदायत दी। मौके पर विधायक कोनगाड़ी के साथ जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि समी आलम, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग, प्रमुख बिपिन मिंज, बांसजोर जिला परिषद समरोम टोपनो, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस जमीर खान, जिला उपाध्यक्ष फ्रांसिस बिलुंग, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव वारिस रजा, मंडल अध्यक्ष जॉन लकड़ा, पंचायत अध्यक्ष सुकवन जोजो, पंचायत अध्यक्ष सुनील जोजो, पंचायत अध्यक्ष रेने टेटे, जिला अल्पसंख्यक सचिव जमीर हसन, बीरबल बड़ाइक, प्रखंड खजांची कय्यूम आलम, बांसजोर प्रभारी अमित डुंगडुंग एवं संजय हेरेंज, वाल्टर लुगुन, केरिया अध्यक्ष अनिल सुरीन, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग, सेबेस्टियन टेटे, उप प्रमुख जोर्जिना समद, समिति सदस्य अनिमा जोजवार, रजनी बागे, ज्योति लकड़ा, मीरास डुंगडुंग, सफीक अंसारी, लोरेंग टेटे, मनसित डुंगडुंग, मो असजद, सिपरियन डांग सहित कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जात-पात धर्म से ऊपर उठकर पीड़ितों की सेवा करना ही समिति लक्ष्य है : सुनील अग्रवाल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति के द्वारा तीन मरीजों को चार यूनिट ब्लड दिया गया। जानकारी स्वरूप अग्रसेन पथ निवासी मरीज क्रिस्टोफर सोरेन पिता स्वर्गीय सिमोन सोरेन स्थानीय किरण मरांडी क्लीनिक में इलाजरत, बड़की चापि दुबांग निवासी महादेव भगत तथा मिशन चौक निवासी आनंद कुमार सदर अस्पताल में इलाजरत डॉक्टर ने तीनों को खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी खोज बिन के बाद समिति से संपर्क किया समिति के पहल पर समिति सदस्य क्रमशः सोनू राजकुमार एवं सूरज यादव, संजीत प्रजापति, पवन प्रजापति ने ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा जात-पात धर्म से ऊपर उठकर पीड़ितों की सेवा ही हमारा लक्ष्य है पीड़ितों के दुख को दूर करने में जो खुशी मिलती है वैसा खुशी किसी और में नहीं मिलती। जीवन महतो ने कहा किसी भी जीव के लिए जल जीतना जरूरी होता है उतना ही पीड़ित के लिए खून की आवश्यकता होती है सही समय में अगर खून उपलब्ध न हो तो कई के घरों की रौशनी बुझ जाती है परिवार के लोगों पर मानो दुःखो का पहाड़ बन कर गिरती है समिति के माध्यम से जितनी हो सके उतना हम सब प्रयासरत हैं और आगे भी रहेंगे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव राजेश कुमार ने जिले में कार्यरत सभी पीएलवी के साथ की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सभाकक्ष में 17 दिसंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सचिव राजेश कुमार ने जिले में कार्यरत सभी पीएलवी के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें पूर्व में आयोजित सभी कार्यक्रम और निर्देशानुसार पीएलवी के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। साथ ही झालसा,रांची के द्वारा आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। वहीं उन्होंने बताया कि झालसा,रांची के निर्देशानुसार चयनित 16 पंचायत में पीएलवी की नियुक्ति की गई है। जो अपने कार्यक्षेत्र में लोगों के बीच कानूनी जागरूकता फैलाने के साथ उनकी मदद करेंगे। उन्होंने सभी नवचयनित पीएलवी को ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की बात कही। वहीं उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी पीएलवी को झालसा के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम को सफलता पूर्वक करने की बात कही। वहीं उन्होंने नालसा हेल्पलाइन



नंबर 15100, डायन बिसाही मामले को लेकर हेल्पलाइन नंबर 181 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इन हेल्पलाइन नंबर पर एक बार जरूर कॉल करें और जानने का प्रयास करें कि यह काम करता है या नहीं। उन्होंने झालसा, रांची द्वारा शुरू किए गए 90 दिवसीय जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान पीएलवी के द्वारा डोर टू डोर जाकर लोगों के बीच कानून से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र छात्राओं के बीच वाद विवाद, निबंध, पेंटिंग, भाषण, प्रभात फेरी आदि का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा बाल विवाह, साइबर ठग, ड्रग, डायन बिसाही, बाल मजदूरी आदि के बारे लोगों को जागरूक करना है। वहीं महिला, दिव्यांगजन, एसटी एससी, वृद्धजन, हाशिया से संबंधित लोगों की मदद करनी है। उन्होंने कहा कि सभी पीएलवी एक दूसरे के सहयोग से कार्य को पूरा करेंगे। आप अपने क्षेत्र में अपने लोगों से अच्छे से जुड़ सकते है। जिससे आपको कार्य करने में सुविधा होगी। कहा कि नुक्कड़ नाटक लोगों में जागरूकता लाने के लिए अच्छा माध्यम है। नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों में जागरूकता लाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर नेमहंती मिंज, रवि लोहरा, गौतम लेनिन, रोहित कुमार, शाहिद हुसैन, छाया देवी, दीपक कुमार, इजहार अहमद, दुखिता मिंज, अशोक यादव, प्रियांशु यादव, मंजू खाखा, पुनु देवी, सीमा कुमारी, जितनारायण साही, अनिमा एक्का, अनीता कर्मकार, अजहर अहमद, सारू कुंवर गोप, योगेंद्र राम, हाफिजूल अंसारी, विशाल सोनी, प्रियंका कुमारी, रेणु कुमारी, शीत महतो, धनेश्वर साहू, बबलू सिंह, देवमनी कुमारी सहित अन्य पीएलवी उपस्थित थे।

## रोशन गुप्ता के नेतृत्व में मैजिक बस जिले में शिक्षा स्वास्थ्य स्वच्छता में कर रहा उत्कृष्ट कार्य

### मैजिक बस ने केजीबीवी स्कूल में छात्राओं के लिए शुरू किया पैड बैंक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के द्वारा सोमवार को जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सीएलसी सेंटर में पैड बैंक की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं के साथ अकादमिक एजुकेटर प्रेरणा कुमारी और लाइफ स्किल एजुकेटर विनीता टोप्पो ने भाग लिया। मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के द्वारा लर्न प्रोजेक्ट के तहत लाइफ स्किल और बेसिक शिक्षा को लेकर कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुडू में भी कार्यक्रम संचालित होते हैं। लोहरदगा में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के क्लस्टर मैनेजर रोशन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और देखरेख में जिले भर



में कार्यक्रम का संचालन हो रहा है। केजीबीवी में पैड बैंक की शुरुआत होने पर क्लस्टर मैनेजर रोशन कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास के साथ-साथ संस्था के माध्यम से समय-समय पर स्वच्छता, स्वास्थ्य और जागरूकता को लेकर भी कार्य किया जाता है। इसी के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पैड बैंक की शुरुआत की गई है। इस पैड बैंक का उद्देश्य विद्यालय की छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित, सुलभ और पर्यावरण-अनुकूल सैनिटरी पैड्स उपलब्ध कराना है। इस पहल से छात्राओं की स्वास्थ्य समस्याओं में कमी आएगी और उनकी शिक्षा में निरंतरता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान, लाइफ स्किल एजुकेटर विनीता टोप्पो ने छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और इसके महत्व को समझाने के लिए एक विशेष सत्र का आयोजन किया। उन्होंने स्वच्छता के महत्व, सही तरीके से पैड के उपयोग और उसके सुरक्षित निस्तारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अकादमिक एजुकेटर प्रेरणा कुमारी ने कहा कि यह पहल न केवल छात्राओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगी। बल्कि उनके आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देगी। पैड बैंक की स्थापना के साथ, विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने यह संकल्प लिया कि इस पहल को सफल बनाने के लिए वे नियमित रूप से छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे और पैड्स की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। यह कदम समाज में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने और छात्राओं के शैक्षिक विकास में बाधा बनने वाले मुद्दों को हल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उत्तराखण्ड शासन

# संकल्प नये उत्तराखण्ड का



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्री केदारनाथ धाम का हुआ भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण कार्य। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन के बाद मानसखंड यात्रा को मिली नई पहचान।
- चार धामों की कनेक्टिविटी के लिए ऑल वेदर रोड का हुआ निर्माण। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेललाइन का निर्माण कार्य तथा टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन सर्वे का कार्य गतिमान।

नीति आयोग द्वारा जारी
सतत विकास खण्ड (एसडीजी)
इण्डेक्स 2023-24 में

## उत्तराखण्ड देश में प्रथम

गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य एवं जीवन, गुणवत्ता परक शिक्षा, स्वच्छ जल, क्लीन एनर्जी जैसे सतत विकास लक्ष्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन।

**विकसित भारत, सशक्त उत्तराखण्ड**

### विकसित भारत - सशक्त उत्तराखण्ड

- स्मार्ट औद्योगिक शहर के रुप में विकसित होगा उत्तराखण्ड का खुरपिया फार्म, 15 हजार करोड़ का निवेश, 50 हजार से अधिक रोजगार।
- प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए डिजिटल रिफंड सिस्टम।
- युवाओं के लिए समर्पित सरकार, 16 हजार से अधिक सरकारी रोजगार।
- उत्तराखण्ड की 4000 महिला अभ्यर्थियों के लिए टाटा समूह में नौकरी के अवसर सृजित।
- राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी सेवा में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू।
- राज्य के 2871 विद्यालयों में मिड-डे मील के लिए गैस चूल्हे-सिलेण्डर की व्यवस्था।
- उत्तराखण्ड के जैविक प्राकृतिक उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने की मजबूत पहल।
- उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय भाषाओं को लागत का 50 प्रतिशत अथवा 2 करोड़ तक सब्सिडी।
- हिन्दी एवं संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं की फिल्मों को लागत का 30 प्रतिशत अथवा 3 करोड़ तक सब्सिडी।
- उत्तराखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एम.एस.एम.ई) नीति के माध्यम से औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन।
- स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 200 करोड़ के वेंचर फण्ड की स्थापना।
- पारदर्शी-स्वच्छ शासन हेतु प्रतिबद्ध, 1905 सी.एम. हेल्पलाइन, 1066 एप भ्रष्टाचार की शिकायत हेतु।
- सैनिक पुनर्वास संस्था द्वारा राज्य के शहीद सैनिकों के आश्रितों को 10 लाख की सहायता का निर्णय।
- प्रत्येक विकासखण्ड में 5-5 आदर्श ग्रामों की स्थापना।
- दीन दयाल उपाध्याय होम-स्टे योजना के अन्तर्गत राज्य में 5000 से अधिक होम-स्टे पंजीकृत।
- उत्तराखण्ड पर्यटन नीति-2023 के द्वारा पर्यटन क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती।
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफ़र हुआ आसान।
- दिल्ली - देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य तेजी से जारी, 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- उत्तराखण्ड की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण।











**सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।**

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

RO2024121723718